खबरों के 70 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 22 मार्च 2026 । वर्ष –70 । अंक –121 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.



विश्व जल दिवस

■ करुणा की मूर्ति... ■ ओमप्रकाश वाल्मीकि... 04
■ वक्फ कानून प्रगतिशील व लैंगिक... ■ मिडिल ईस्ट में ईरानी हमलों से अमेरिका... 09
■ 'फ्री सीट' पर फंसा पेंच, इंडिगो, एयर इंडिया... ■ देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक को... 11
■ मेरी नजर पंजाब को... ■ भारतीय टीम जून... 10

## चैत्र नवरात्र



नवरात्र के तृतीय दिवस माता कूष्माण्डा का पूजन-अर्चन

### मिडिल ईस्ट से बाहर ईरान ने दिखाई अपनी ताकत

# 4,000 किमी दूर दागी मिसाइल

## हिंद महासागर में अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य बेस 'डिएगो गार्सिया' पर किया हमला

*नई दिल्ली, (एजेंसियां)। ईरान और अमेरिका-इजरायल हमलों का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। दोनों देशों के बीच जारी हमले अब तक मिडिल ईस्ट तक ही सिमटे हुए थे; हालांकि, अब ये अलग-अलग क्षेत्रों में अपने पांव पसार रहे हैं। दरअसल, ईरान ने ताजा हमला हिंद महासागर में अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य बेस पर किया है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, 'डिएगो गार्सिया' को ईरान ने कम से कम दो मिड-रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया है। डिएगो गार्सिया पर अमेरिका और ब्रिटेन का संयुक्त सैन्य बेस है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक मिसाइल उड़ान के बीच में फेल हो गई, जबकि दूसरी मिसाइल एक वॉरशिप से दागे गए अमेरिकी इंटरसेप्टर से टकरा गई। डिएगो गार्सिया इक्वेटर के दक्षिण में मध्य हिंद महासागर में है। ईरान ने अपने देश से करीब 4,000 किलोमीटर दूर एक बेस पर हमला किया है। इससे एक बात साफ हो गई है कि ईरानी मिसाइलों की रेंज जितनी पहले मानी जाती थी, उससे कहीं ज्यादा है। ईरान के इस हमले ने चिंता को कई लेवल पर बढ़ा दिया है। फिलहाल अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन एक बात साफ है कि ईरान ने अपने दुश्मनों को बड़ा घाव दिया है।*

## प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात



**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** पश्चिम एशिया में निरंतर गहराते संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेज़ेशकियन से बातचीत की और उन्हें ईद तथा नवरोज की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ क्षेत्र की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की। बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की, जो क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डालते हैं और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित करते हैं। उन्होंने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि समुद्री मार्ग खुले और सुरक्षित बने रहें। श्री मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा ,' राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेज़ेशकियन से बातचीत की और ईद तथा नवरोज की शुभकामनाएं दीं।

### सट्टेबाजी पर सरकार का प्रहार

# 300 से अधिक अवैध गेमिंग वेबसाइटों और एप किए ब्लाक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** डिजिटल सुरक्षा और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सट्टेबाजी से जुड़ी वेबसाइट्स पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य उन प्लेटफॉर्म्स को हटाना है जो भारतीय कानूनों का उल्लंघन कर भोले-भाले लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे।



सरकार ने खास तौर से उन सिंडिकेट्स का निशाना बनाया है, जो इस तरह की सेवाओं दे रहे थे। **ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग:** क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों पर दांव लगाने वाले अवैध वेबसाइट्स को बैन किया गया। **वर्चुअल कैसीनो:** स्लॉट मशीन, रूलेट और लाइव डीलर टेबल के जरिए जुआ खिलाने वाली साइट्स पर बैन लगाया है। **बेटिंग एक्सचेंज:** पीयर-टू-पीयर मॉडल पर काम करने वाले सट्टेबाजी मार्केटप्लेस को प्रतिबंध किया। **सट्टा और मटका नेटवर्क:** पारंपरिक सट्टा और मटका को डिजिटल रूप में चलाने वाले अवैध नेटवर्क पर बैन लगाया। **रियल मनी कार्ड गेम्स:** असली पैसों वाले कार्ड गेम और कैसीनो एप्स, जो गेमिंग की आड़ में जुआ खिला रहे थे, उनपर भी गाज गिरी है।

**ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के बाद आई कार्रवाई में तेजी-** आंकड़े बताते हैं कि सरकार अब अवैध गेमिंग को लेकर बेहद सख्त है। अब तक करीब 8,400 वेबसाइट्स और एप्स बंद किए जा चुके हैं। इनमें से 4,900 से ज्यादा प्लेटफॉर्म्स तो अकेले ही ऑनलाइन गेमिंग एक्ट पारित होने के बाद ब्लॉक किए गए हैं। ताजा कार्रवाई के अनुसार 300 नई अवैध वेबसाइट्स को जोड़ा गया है, जिन पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन आंकड़ों को देखते हुए एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये अवैध साइट्स अक्सर विदेशी सर्वरों से संचालित होती हैं और यूजर्स का डाटा चोरी करने के साथ-साथ उनके बैंक खातों में भी सेंध लगा सकती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल वे ही गेमिंग प्लेटफॉर्म वैध माने जाएंगे जो सरकारी नियमों और टैक्स ढांचे के भीतर काम करेंगे।

### सार संक्षेप

## ट्रंप ने ईरान को तेल बिक्री की छूट दी

**वॉशिंगटन (एजेंसियां)।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश के बीच डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता कम करने के लिए ईरान को अस्थायी रूप से लगभग 14 करोड़ बैरल कच्चा तेल बेचने की अनुमति दे दी है। शुक्रवार देर रात जारी इस छूट के तहत तेहरान टैंकरों में संग्रहित तेल को बाजार में उतार सकेगा, जो वैश्विक मांग के करीब डेढ़ दिन के बराबर है। यह फैसला होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा के कारण पैदा हुई आपूर्ति चिंताओं को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## प्रेस क्लब ने पत्रकारों के साथ बल प्रयोग की निंदा की

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने देश की प्रतिष्ठित और सबसे पुरानी समाचार एजेन्सियों में से एक यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ इंडिया (यूएनआई) परिसर को खाली कराने के लिए पुलिस द्वारा वहां काम कर रहे पत्रकारों के साथ शुक्रवार देर शाम की गई धक्का-मुक्की तथा बल प्रयोग पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। प्रेस क्लब ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। पुलिस भूमि विवाद से संबंधित एक अदालत के आदेश के बाद सरकारी अधिकारियों के साथ देर शाम परिसर को खाली कराने के लिए वहां गयी थी।

# अब ईरान के नतांज परमाणु केंद्र पर हमला

## रूस बोला- ये अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने नतांज परमाणु केंद्र पर हमले की जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, उन्हें ईरान ने इसके बारे में बताया और वे इसकी जांच कर रहे हैं। आईएईए ने एक्स पोस्ट पर इसकी पुष्टि की तो वहीं मास्को ने इस हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया है।

अपनी पोस्ट में एजेंसी ने लिखा कि आईएईए को ईरान ने बताया कि शनिवार को नतांज न्यूक्लियर साइट पर हमला हुआ। हालांकि ऑफ-साइट रेडिएशन लेवल (परमाणु विकिरण का जोखिम) में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। आईएईए रिपोर्ट की जांच कर रहा है। एजेंसी के डायरेक्टर जनरल रफेल एम ग्रॉसी ने सैन्य नियंत्रण की अपील दोहराई है। तसनीम न्यूज एजेंसी ने शनिवार को सबसे पहले इसकी जानकारी दी थी। ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गनाइजेशन ने एक बयान में कहा, 'यूनाइटेड स्टेट्स और इजरायली शासन ने नतांज एनरिचमेंट कॉम्प्लेक्स को शनिवार सुबह निशाना बनाया।'

## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में 20 लोगों की मौत

**बेरूत।** एक तरफ, मिडिल ईस्ट में ईरानी हमलों से भारी तबाही मची हुई है। दूसरी तरफ, इजरायल लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गए और 57 अन्य घायल हो गए। स्थानीय समयानुसार, शुक्रवार को एक नया आंकड़ा जारी किया गया, जिसके अनुसार, 2 मार्च को लड़ाई बढ़ने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 1,021 हो गई और कुल 2,641 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, लोगों का विस्थापन तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि चल रहे हमलों की वजह से ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ रहे हैं। देश भर में 644 केंद्रों में अभी कुल 134,616 लोग बेघर हैं।

# गौरक्षक बाबा की मौत पर बवाल



## पुलिस पर पथराव, राजमार्ग पर 10 किमी लम्बा जाम


**मथुरा, देशबन्धु।** मथुरा जिले के छाता क्षेत्र में गौसेवक बाबा चंद्रशेखर महाराज की ट्रक से कुचलकर हुई संदिग्ध मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। इस घटना से गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए और हंगामा शुरू कर दिया।

उन्होंने इसे केवल दुर्घटना मानने से इनकार कर दिया है। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19) को पूरी तरह जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने हाईवे के दोनों ओर यातायात रोक दिया, जिससे लगभग दस किमी लंबा जाम लग गया और आम यात्रियों व वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी बीच नाराज लोगों ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

लोगों का आरोप है कि बाबा की मौत एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। वे लगातार ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। कुछ गौसेवकों ने यह भी कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, यहां तक कि 'एनकाउंटर' जैसी मांग पूरी नहीं होती, तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा।

# एआई आधारित तकनीक से नागरिक सेवाएं होंगी तेज : मुख्यमंत्री

## सुशासन एवं विकास को नई गति देगा स्टेट एआई मिशन




***भोपाल, देशबन्धु।*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सुशासन एवं विकास को नई गति देने और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्टेट एआई मिशन प्रारंभ किया जाएगा। यह मिशन सेवाओं के संचालन और आर्थिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्टेट एआई मिशन राज्य के एआई विजन एंड एक्शन फ्रेमवर्क पर आधारित होगा, जिसके माध्यम से व्यवस्था को प्रेडिक्टिव, प्रोएक्टिव एवं डेटा-ड्रिवन बनाया जाएगा। इस मिशन को सार्थक करने तेजी से प्रयास होंगे।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई तकनीकों का उपयोग मानवीय निगरानी (ह्यूमन-इन-द-लूप) के साथ किया जाएगा, जिससे सुरक्षा, पारदर्शिता एवं नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित किया जा सकेगा। एआई मिशन के क्रियान्वयन से नागरिकों, विशेषकर किसानों, ग्रामीण समुदायों, युवाओं एवं वंचित वर्गों को तेज, स्मार्ट और व्यक्तिगत सेवाएँ उपलब्ध होंगी। राज्य सरकार एआई तकनीक को सुलभ एवं किफायती बनाकर समाज के सभी वर्गों तक इसके लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्टेट एआई मिशन में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान संभव हो सकेगी। सभी एआई प्रणालियों में पारदर्शिता, ऑडिटेबिलिटी और प्राइवेसी संरक्षण सुनिश्चित करते हुए रिस्पॉन्सिबल एआई के सिद्धांतों को अपनाया जाएगा। साथ ही प्रशासनिक कार्यों को अधिक दक्ष बनाने के लिए अधिकारियों को ड्राफ्टिंग, विश्लेषण, डिसीजन सपोर्ट एवं डेटा मैनेजमेंट से संबंधित एआई टूल्स उपलब्ध कराए जाएंगे। एआई का उपयोग केवल पायलट परियोजनाओं तक सीमित न रहकर राज्य की प्रमुख योजनाओं में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा। स्टेट एआई मिशन को चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। वर्ष 2026-27 में वर्तमान एआई पहलों का समेकन एवं आधारभूत तैयारी सुदृढ़ की जाएगी। वर्ष 2027-28 में सफल यूज़ केसेस को विभिन्न विभागों में व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा और वर्ष-2028 से एआई को शासन की स्थायी संस्थागत क्षमता के रूप में विकसित किया जाएगा।

## ईद पर अमन और भाईचारे की दुआ



जयपुर-दिल्ली हाईवे पर ईद की नमाज का विहंगम दृश्य

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** ईद-उल-फितर के मौके पर देश भर में ईद की नमाज अदा की गई। अमन-भाईचारे की दुआ की गई। नमाजी और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज के बाद गले लगकर एक दूसरे को मुबारमबाद पेश की। उधर देश के कुछ हिस्सों में ईरान पर हमलों के विरोध के नजारे भी सामने आए। जयपुर और अन्य कुछ जगहों पर लोगों ने अमेरिकी हमलों की खिलाफत की। जयपुर में रैली भी निकाली गई और 'हिन्दुस्तान जिन्दाबाद', 'सिया-सुन्नी भाई-भाई' के नारे भी बुलंद किए गए। दिल्ली की जामा मस्जिद, भोपाल की ताजुल मस्जिद में भी बड़ी संख्या में ईद की नमाज अदा करने मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए। जबलपुर में रानीताल ईदगाह कलां में मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश ने नमाज अदा करायी।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-एक रिपोर्ट कह रही है- इंटरनेट की दुनिया में जल्द खत्म हो सकता है इंसानी राज।
**चुहिया- हां प्रिये**- तरक्की जब अंधाधुंध हो तो कुछ मुसीबतें भी परोसती है।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur



Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### इंटरनेट की दुनिया एक बड़े बदलाव के मुहाने पर

# खत्म हो सकता है इंटरनेट से इंसानों का राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आधुनिक तकनीक की ओर तेजी से भागती दुनिया में अब यह तस्वीर भी सामने आने की कगार पर है कि जब इंटरनेट की दुनिया में इंसानों का नहीं बल्कि मशीनों का राज होगा। इंटरनेट की दुनिया एक बड़े बदलाव के मुहाने पर खड़ी है। इस बार बदलाव सिर्फ इतना नहीं है कि लोग ज्यादा ऑनलाइन आएंगे। असली बदलाव यह है कि आने वाले समय में इंटरनेट पर ट्रैफिक तेजी से बढ़ेगा, और उसे चलाने वाले इंसान नहीं, बल्कि मशीनें होंगी।

दुनिया की बड़ी इंटरनेट सिक्योरिटी कंपनी क्लाउडफ्लेयर हेड मैथ्यू प्रिंस कहा है कि 2027 तक इंटरनेट पर इंसानों से ज्यादा ऐक्टिविटी बॉट्स की हो जाएगी। इसका मतलब है कि आने वाले समय में इंटरनेट पर कुल ट्रैफिक तो रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा, लेकिन उसमें इंसानों की हिस्सेदारी घटती जाएगी। यानी एक अजीब स्थिति बनेगी। इंटरनेट पहले से ज्यादा बिजी होगा, वेबसाइट्स पर ट्रैफिक





ज्यादा आएंगे, लेकिन असली यूजर कम नजर आएंगे। दरअसल, अभी तक वेबसाइट ट्रैफिक का मतलब होता था लोग आ रहे हैं, पढ़ रहे हैं, देख रहे हैं। लेकिन अब इसमें बड़ा बदलाव आने वाला है। अब ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा उन बॉट्स से आएगा जो लगातार वेबसाइट्स को स्कैन करते हैं, डेटा उठाते हैं और उसी के आधार पर नया कंटेंट तैयार करते हैं। इसका असर बहुत बड़ा है।

**इंसानों से ज्यादा बॉट-एआई एजेंट्स होंगे ऑनलाइन**-मैथ्यू प्रिंस ने एक कॉन्फ्रेंस में उदाहरण देते हुए समझाया है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई इंसान डिजिटल कैमरा खरीदने के लिए पांच वेबसाइट पर जा रहा है तो वो उसकी लिमिटेशन है। वहीं, आपका एआई एजेंट या बॉट यही काम इतने ही देर में 1000 वेबसाइट्स पर जा सकता है। यहां तक 5000 वेबसाइट्स को भी स्कैन कर लेगा। ये रियल ट्रैफिक में काउंट किया जाएगा और ये वेबसाइट पर रियल लोड डालेगा जैसे ह्यूमन के साथ होता है। उन्होंने ये भी कहा कि जेनेरेटिव AI से पहले इंटरनेट का 20 प्रतिशत हिस्सा बॉट ट्रैफिक होता था। 2027 तक इंसानों से ज्यादा इंटरनेट पर बॉट्स ट्रैफिक होगा। इसके लिए टेक्नोलॉजी में बड़े बदलाव भी होंगे।

**वेबसाइट्स पर ट्रैफिक विस्फोट**-पहली नजर में यह लग सकता है कि वेबसाइट्स के लिए यह अच्छी खबर है। ज्यादा ट्रैफिक >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## 'अब मैं सिर्फ फिक्शन लिख रहा हूं',- नरवणे

**मुंबई।** पुणे में एक्सप्रेस बुक सर्विस में अपने थ्रिलर नॉवेल 'द कैंटोनमेंट कॉन्स्पिरेसी' का जनरल मनोज नरवणे ने प्रमोशन किया। इस दौरान उन्होंने प्रेस से बात करते हुए अपनी अभी तक रिलीज न हुई आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'अब मैं सिर्फ फिक्शन (काल्पनिक कहानियां) लिखने पर ही ध्यान दे रहा हूं।' बता दें कि इस आत्मकथा के कुछ अंश कारवां मैगजीन में छपे थे। फरवरी में राहुल गांधी ने लोकसभा में इसका जिक्र करने की कोशिश की थी। इसी को लेकर लोकसभा में जोरदार हंगामा भी हुआ था। नरवणे ने 2019 से 2022 के बीच सेना प्रमुख के तौर पर काम किया था। रक्षा मंत्रालय ने उनकी आत्मकथा को प्रकाशित करने की मंजूरी नहीं दी है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष

## पानी बन रहा हथियार, खाड़ी में डीसैलीनेशन प्लांट्स पर खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक नई और गंभीर चिंता उभरकर सामने आई है, पानी। दशकों तक तेल को क्षेत्र की सबसे अहम और संवेदनशील संपत्ति माना जाता रहा, लेकिन हालिया हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब डीसैलीनेशन यानी समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्र खाड़ी देशों की असली जीवनरेखा बन चुके हैं।

ईरान में तेल डिपो पर हमलों और खाड़ी क्षेत्र में जल एवं ऊर्जा परिसरों के पास मिसाइल और ड्रोन हमलों ने इस बुनियादी ढांचे की असुरक्षा को उजागर कर दिया है, जिस पर लगभग 10 करोड़ लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें निर्भर हैं। डिसैलीनेशन रेगिस्तान में जीवन की रीढ़ माना जाता है। अरब प्रायद्वीप के देशों दुबई, दोहा, कुवैत सिटी, अबू धाबी की जल आपूर्ति पूरी तरह डीसैलीनेशन प्लांट्स पर निर्भर है। सऊदी अरब में 70% पीने का पानी इन्हीं संयंत्रों से आता है। कुवैत व ओमान में यह आंकड़ा 90% तक पहुंच जाता है।

**10 करोड़ प्रभावित**

पूरे क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ लोग सीधे तौर पर डीसैलीनेटेड पानी पर निर्भर हैं। दुनिया के सबसे बड़े डीसैलीनेशन प्लांट्स में से कई खाड़ी और लाल सागर के तटों पर स्थित हैं। यह स्थिति एक नई वास्तविकता को जन्म देती है, जिसे विशेषज्ञ डीसैलीनेशन डिपेंडेंसी कहते हैं। तेल पाइपलाइन या भंडारण टर्मिनलों के विपरीत, डीसैलीनेशन प्लांट्स को न तो आसानी से बदला जा सकता है और न ही बायपास किया जा सकता है। किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचने पर उसकी मरम्मत में महीनों या उससे अधिक समय लग सकता है। यही वजह है कि ये जहां पर भी हैं, उनका संरक्षण संबंधित देशों की मजबूरी भी है।

## मोदी सबसे बड़े घुसपैठिया हैं: ममता

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार सुबह ईद के मौके पर एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया के पीछे असली दिमाग उन्हीं का है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने शनिवार सुबह मध्य कोलकाता के रेड रोड पर ईद के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं भाजपा या प्रधानमंत्री को कभी भी आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं दूंगी। वे अक्सर कुछ लोगों को घुसपैठिया बताते हैं। खुद वह सबसे बड़े घुसपैठिया हैं। सऊदी अरब की यात्रा के दौरान हाथ मिलाते समय या दुबई की यात्रा के दौरान गले मिलते समय वे हिंदू-मुस्लिम मुद्दों को क्यों भूल जाते हैं? लेकिन जब भी वह देश लौटते हैं, तो मतदाता सूची से कुछ लोगों के नाम हटाने के बारे में सोचते हैं।'


## एअर चाइना फिर शुरू करेगा बीजिंग और दिल्ली के बीच सीधी उड़ानें

**नई दिल्ली।** एअर चाइना फिर से बीजिंग और दिल्ली के बीच सीधी उड़ानें शुरू करेगा। यह जानकारी शनिवार को भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यू जिंग ने लिखा, बीजिंग और दिल्ली के बीच एअर चाइना की सीधी उड़ानें फिर से शुरू होना केवल यात्रा तक सीमित नहीं है। यह व्यापार, पर्यटन और भरोसे को बढ़ावा देने वाला कदम है और संघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और ब्रिक्स के सदस्य देशों के लोगों के बीच आपसी सहयोग के लिए एक बड़ा सकारात्मक संकेत है। पिछले साल करीब पांच साल के अंतराल के बाद भारत और चीन ने फिर से हवाई सेवाएं शुरू कीं, जिससे दोनों देशों के संबंधों में सुधार का संकेत मिला। एक फरवरी को एअर इंडिया ने शंघाई और दिल्ली के बीच सीधी उड़ान की घोषणा की। इस तरह दोनों शहरों के बीच छह साल बाद फिर से उड़ान सेवा शुरू हुई। इसके अलावा, चीनी एयरलाइन चाइना ईस्टर्न ने भी पिछले साल नवंबर में शंघाई से दिल्ली के लिए उड़ानें शुरू कीं।

साल 2020 में गलवां घाटी में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। इस झड़प में 20 भारतीय सैनिकों का बलिदान हुआ। जबकि चीन ने चार सैनिकों की ही मौत की पुष्टि की थी। अगस्त 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने तनाव कम करने के लिए प्रयास तेज करने पर सहमति जताई। अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने छह साल में पहली बार चीन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शी जिनपिंग से बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों पर कड़े टैरिफ लगाए थे।

## बांग्लादेश के विदेश मंत्री अगले महीने भारत आएंगे, रिश्तों में नई गर्माहट और सहयोग की शुरुआत

**ढाका।** अंतरिम सरकार के दौरान बिगड़े भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय रिश्ते वापस पटरी पर लौटने के आसार हैं। बांग्लादेश की नवनिर्वाचित तारिक रहमान सरकार के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान अगले महीने के पहले हफ्ते भारत आएंगे। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर की भारत स्थित बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह की मुलाकात के बाद ये जानकारी सामने आई है।गौरतलब है कि बीते साल के अंतिम दिन पूर्व पीएम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने बांग्लादेश गए जयशंकर ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष को भारत आने का न्योता दिया था। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह मुलाकात आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। सूत्रों के मुताबिक विदेश मंत्री रहमान 8 अप्रैल को हिंद महासागर सम्मेलन में शिरकत करने के क्रम में दिल्ली होते हुए मॉरीशस जाएंगे। इससे पूर्व भारत ने बांग्लादेश में नई सरकार के गठन का स्वागत किया था और प्रधानमंत्री मोदी ने तब बीएनपी के मुखिया और वर्तमान पीएम तारिक रहमान को फोन कर बधाई दी थी। बाद में उनके शपथ ग्रहण में शामिल होने बांग्लादेश गए लोकसभा स्पीकर ने पीएम रहमान को मोदी का पत्र सौंपा था, जिसमें उन्हें भारत आने का न्यौता दिया गया था।



**ऊर्जा संकट के बीच बढ़ी नजदीकी**-यूं तो नई सरकार के गठन के बाद से ही दोनों ओर से द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने की पहल हुई, मगर इसमें पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट ने भी अहम भूमिका निभाई। इस दौरान बांग्लादेश ने भारत से 50 हजार टन डीजल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। भारत इस अनुरोध के मद्देनजर पहली खेप के तहत 5,000 टन डीजल भेजने के साथ उपलब्धता के आधार पर और मदद करने के संकेत दे चुका है।

**अंतरिम सरकार में रहते भी की थी संबंध बेहतर करने की पहल**-अंतरिम सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहते विदेश मंत्री रहमान ने दोनों देशों के बिगड़ते रिश्ते को ठीक करने की पहल की थी। तब दिल्ली दौरे पर आए रहमान ने एनएसए अजित डोभाल से बात की थी। गौरतलब है कि रहमान इकलौते शख्स हैं, जिन्हें अंतरिम सरकार के साथ नई सरकार में भी शामिल होने का अवसर मिला।

**धीरे-धीरे आगे बढ़ने की रणनीति**-दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा मुद्दा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यार्पण का है। हालांकि संकेत हैं कि इस मुख्य मुद्दे से पहले दोनों देश अन्य मामलों में नरमी लाने की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। इस क्रम में इस दौरे को भी देखा जा रहा है।

## आंध्र प्रदेश : गोदावरी नदी में इंजीनियरिंग के 5 छात्र डूबे, 3 शव बरामद, 2 लापता

**हैदराबाद.** आंध्र प्रदेश-तेलंगाना सीमा पर पोलावरम जिले के एटापाका मंडल में पुरुषोत्तमपटनम रेवु (घाट) के पास गोदावरी नदी में एक प्राइवेट कॉलेज के पांच इंजीनियरिंग छात्र डूब गए. पुलिस के अनुसार, तीन शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो अन्य अभी भी लापता हैं. जानकारी के मुताबिक, तीनों पीड़ित भद्राचलम और मदनपल्ले के रहने वाले थे. ये छात्र एसआरएम यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे. पुलिस के अनुसार, बी-टेक दूसरे वर्ष के 7 छात्रों का एक समूह घूमने के लिए एक मंदिर गया था. दर्शन करने के बाद, वे नदी में डुबकी लगाने चले गए. उन्होंने अपनी कार नदी के किनारे खड़ी की और पानी में उतर गए.

इनमें से पांच छात्र, जिनकी पहचान पी. सतीश कुमार, जी. तेजा, नवदीप, पी. अभिराम और सी. श्रीकर के रूप में हुई है, वो नदी के भंवर वाले पानी में फंस गए, जबकि दो छात्र, दीपक और हर्षा तैरकर किनारे तक पहुंच गए. स्थानीय लोगों और तैराकों ने अभिराम, श्रीकर और नवदीप के शव बरामद कर लिए हैं. सतीश कुमार और तेजा की तलाश अभी भी जारी है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भद्राचलम सरकारी अस्पताल बेज दिया गया है. पोलावरम के डीएसपी एम. वेंकटेश्वर ने बताया कि पांच छात्र नहाने के लिए नदी में उतरे थे और डूब गए, जबकि दो बच गए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तलाशी अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं. डीएसपी ने बताया कि दो छात्र इसलिए बच पाए क्योंकि उन्हें तैरना आता था, जबकि बाकी छात्र तैर नहीं पाए और गहरे पानी में फंस गए, जहां से उनके बचने का कोई मौका नहीं मिला.

## अफगानिस्तान की ओर भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्ध चल रहा है, दोनों ओर से वार-पलटवार हो रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भीषण हमला किया था। इस भीषण हवाई हमले के बाद भारत ने अफगानिस्तान की मदद के लिए बड़ा कदम उठाया है। भारत ने शुक्रवार को 2.5 टन दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की खेप काबुल भेजी, ताकि घायलों के इलाज और राहत कार्य में मदद हो सके। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि अफगानिस्तान को दी जा रही मदद की इस खेप में जरूरी दवाइयां, मेडिकल किट, उपकरण और अन्य स्वास्थ्य सामग्री शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस मुश्किल समय में भारत, अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है और हर संभव मानवीय सहायता देता रहेगा।

इसके साथ ही भारत ने मंगलवार को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में स्थित ओमिद ड्रग एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर 16 मार्च की रात को पाकिस्तान द्वारा किए गए बम हमले की निंदा करते हुए इसे 'बर्बर' और 'अमानवीय' करार दिया था। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह पाकिस्तान की चाल चरित्र को दर्शाता है। दूसरी ओर अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने नशा मुक्ति केंद्र पर हुए हमले को अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन बताया और खुलासा किया कि इस बम विस्फोट में इलाज करा रहे लगभग 400 लोगों की मौत हो गई।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा किया गया यह जघन्य आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार-बार किए जाने वाले प्रयासों को दर्शाता है।गौरतलब है कि जिस ओमिद नशा मुक्ति केंद्र पर पाकिस्तान ने हमला किया था, वह पूर्व अमेरिकी सैन्य अड्डा था।

अगस्त 2021 में अशरफ घनी सरकार के अंत के बाद, तालिबान ने इस सैन्य अड्डे पर कब्जा कर लिया और इसे अफगानिस्तान के बड़ी संख्या में नशामुक्ति रोगियों के लिए एक बुनियादी देखभाल केंद्र में बदल दिया था।काबुल में सोमवार देर रात हुए एक भीषण हवाई हमले ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच यूएई के राजदूत बोले- देश पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ल, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हमलों के बीच भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत के साथ अपने मजबूत रिश्ते का संदेश दिया है। भारत में यूएई के राजदूत अब्दुल नासिर अलशाली ने ईद के मौके पर एक खुला पत्र लिखकर भारत और यूएई के मजबूत रिश्तों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा तनाव और हमलों के बावजूद यूएई पूरी तरह सुरक्षित, स्थिर और सामान्य रूप से काम कर रहा है। उन्होंने भारतीय समुदाय को भरोसा दिलाया कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और सुरक्षा, सेवाएं व व्यापार बिना रुकावट जारी हैं। अब्दुल नासिर अलशाली के इस संदेश के जरिए यूएई ने न सिर्फ अपनी तैयारियों का संकेत दिया, बल्कि भारत-यूएई साझेदारी की मजबूती और भरोसे को भी फिर से रेखांकित किया। पत्र में राजदूत ने बताया कि ईरान ने यूएई पर 2000 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन से हमले किए, लेकिन ज्यादातर को देश की रक्षा प्रणाली ने रोक लिया। इसके बावजूद देश में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, संचार और खाने-पीने जैसी सभी जरूरी सेवाएं बिना किसी रुकावट के चल रही हैं। होटल, मॉल, पर्यटन स्थल और बैंकिंग व्यवस्था भी सामान्य रूप से काम कर रही है।

### एयर इंडिया की बड़ी चूक

## 9 घंटे उड़ान भरने के बाद चीन से दिल्ली लौटी फ्लाइट

**नई दिल्ली।** दिल्ली से वैंकूवर जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को गुरुवार को करीब 9 घंटे उड़ान भरने के बाद वापस लौटना पड़ा। यह फ्लाइट पूर्व दिशा से जा रही थी और खाड़ी के युद्ध क्षेत्र वाले रास्ते से भी नहीं गुजर रही थी।

असल वजह यह थी कि एयर इंडिया को कनाडा जाने के लिए सिर्फ क्ष्भ्द्गद्बठ्ठद्द 777-300 श्क्र विमान उड़ाने की अनुमति है, लेकिन गलती से क्ष्भ्द्गद्बठ्ठद्द 777-200 स्क्र विमान भेज दिया गया। इस विमान को कनाडा में प्रवेश की मंजूरी नहीं थी। जब विमान करीब 4 घंटे उड़ चुका था और चीन के कुनमिंग के पास हवाई क्षेत्र में पहुंच गया था, तब एयरलाइन को अपनी इस गलती का पता चला। इसके बाद तुरंत विमान को वापस दिल्ली बुला लिया गया। यह फ्लाइट सुबह 11:34 बजे दिल्ली से उड़ी थी और शाम 7:19 बजे वापस दिल्ली पहुंच गई।

दरअसल, अलग-अलग देशों के अपने नियम होते हैं कि कौन-सी विदेशी एयरलाइंस और उनके कौन-से विमान वहां उड़ान भर सकते हैं। कुछ देशों में पूरी एयरलाइन को मंजूरी मिलती है, कुछ में खास विमान मॉडल को, और कुछ में हर विमान के अलग-अलग नंबर (टेल नंबर) के हिसाब से अनुमति दी जाती है। एयर इंडिया के मामले में कनाडा ने सिर्फ क्ष्भ्द्गद्बठ्ठद्द 777-300 श्क्रविमान को ही अनुमति दी है, न कि 777-200 स्क्रको।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइन ने इस गलती को बहुत गंभीरता से लिया है और जिन लोगों की वजह से यह चूक हुई, उनके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। एयरलाइन ने कहा कि हम अपनी गलतियों से सीखते हैं और ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। जैसे ही यह गलती पता चली, तुरंत विमान को दिल्ली वापस बुला लिया गया।

क्ष्भ्द्गद्बठ्ठद्द 777 विमान हर घंटे लगभग 8-9 टन ईंधन खर्च करता है, जो हवा और अन्य परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे समय में जब तेल की कीमतें बहुत ज्यादा हैं और रुपये की कीमत लगातार गिर रही है। यह गलती एयर इंडिया के लिए काफी महंगी साबित हुई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि 19 मार्च को दिल्ली से वैंकूवर जा रही फ्लाइट ॅ्रद्घ-185 एक ऑपरेशनल कारण की वजह से वापस दिल्ली लौट आई। यह फैसला तय नियमों के अनुसार लिया गया। विमान सुरक्षित तरीके से उतरा और सभी यात्री व क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर आ गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खत्म हो सकता है.....

मतलब ज्यादा विजिट। लेकिन असल कहानी उलटी है। क्योंकि यह ट्रैफिक असली नहीं है। यह ऐसा ट्रैफिक है जो पढ़ने नहीं, बल्कि डेटा फेच करने आता है। यानी वेबसाइट खुल रही है, सर्वर पर लोड बढ़ रहा है, लेकिन सामने कोई इंसान नहीं बैठा। यहीं से इंटरनेट की इकॉनमी पर दबाव शुरू होता है। आज वेबसाइट्स की कमाई इस बात पर डिपेंड करती है कि कितने लोग उनके पेज पर आए, कितनी देर रुके, कितने ऐड्स देखे।

लेकिन अगर ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा मशीनों का हो गया, तो यह पूरा मॉडल हिल जाएगा। क्योंकि मशीन न तो ऐड्स देखती है, न खरीदारी करती है। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती, क्योंकि इससे भी मोनेटाइजेशन के कई रास्ते खुल सकते हैं। कई बड़ी कंपनियां अब ऐसे सिस्टम बनाने में जुटी हैं जहां वेबसाइट्स बॉट्स से पैसा ले सकें। यानी अगर कोई मशीन आपका डेटा इस्तेमाल करना चाहती है, तो उसे कीमत चुकानी पड़े। यह पूरी तरह नया मॉडल है, जहां इंसानों की जगह मशीनें यानी बॉट्स ग्राहक बनेंगे। दूसरी तरफ, यह ट्रैफिक सिर्फ संख्या नहीं बढ़ा रहा, बल्कि इंटरनेट के ढांचे को भी बदल रहा है। आज एक इंसान दिन में लिमिटेड टाइम्स ही किसी वेबसाइट पर जा सकता है। लेकिन एक बॉट एक सेकंड में हजारों बार रिक्वेस्ट भेज सकता है। यही वजह है कि आने वाले समय में इंटरनेट पर ट्रैफिक अचानक कई गुना बढ़ सकता है। सर्वर लोड, डेटा ट्रांसफर और नेटवर्क का दबाव पहले से कहीं ज्यादा होगा। कुल मिला बात ये है कि एक दो सालों में इंटरनेट ट्रैफिक में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।


## जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश मेहरा तनय श्री आशा राम मेहरा एवं श्रीमति अनीता मेहरा पत्नि श्री राजेश मेहरा दोनो निवासी मकान नं. 129, वार्ड नं. 14 बाल विहार, बरेला, बल्हारा बरेला जिला जबलपुर म.प्र. द्वारा नगर परिषद बरेला जबलपुर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 14 बाल बिहार बरेला बल्हारा तहसील बरेला जिला जबलपुर म.प्र. स्थित मकान नं. 129 रकवा 420 वर्गफिट जिसकी सम्पत्ति आई.डी. 1003939328 है के संपूर्ण भाग में आरसीसी मकान बना है जिसके उत्तर में बबलू झारिया का मकान, दक्षिण में 12 फिट साइड रोड बाद में टी एल झारिया का मकान, पूर्व में राजेश झारिया का मकान एवं पश्चिम में मुकेश झारिया का मकान स्थित है। उक्त मकान राजेश मेहरा तनय श्री आशा राम मेहरा के द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति अनीता मेहरा पत्नि श्री राजेश मेहरा को पंजीकत सह स्वामित्व पत्र क्रमांक MP50IGR 17572026A100297286 दिनाँक 14.03.2026 के माध्यम से सहस्वामी बनाया गया है उक्त मकान राजेश मेहरा तनय श्री आशा राम मेहरा एवं श्रीमति अनीता मेहरा पत्नि श्री राजेश मेहरा के द्वारा इण्डिया सेल्टर फाईनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड जबलपुर से ऋण प्राप्त किया जा रहा है।

अतएव सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा पंजीकृत सह-स्वामित्व पत्र क्र. MP50IGR 17572026 A100297286 दिनॉक 14.03.2026 में वर्णित आबादी मकान नं. 129 रकवा 420 वर्गफिट जिसकी सम्पत्ति आई.डी. 1003939328 पर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक या अन्य को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। अन्यथा बीतने म्याद उपरांत वह स्वयं ही जवाबदार होंगे।

दिनांक-16.03.2026

ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
480 त्रिमूर्ति नगर जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 8109283241

र.नं. 4123

# निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

### न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र. 2262/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीषा मोदी (जैन) पिता/पति पदम मोदी निवासी म.नं. 11 मेल रोड कमानिया गेट के पास ने ग्राम पनागर प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 803/1, 804, 808 रकवा 231 वर्गफुट भूमि का फौती/वसीयत / विक्रय पत्र/ दानपत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा /अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-06/04/2026

कृति

नायब तहसीलदार
पनागर

### नाम एवं जन्मतिथि सुधार की सूचना

मैं KUNAL PATHAK S/O GHANSHYAM PRASAD PATHAK यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर N9669419 जारी दिनांक 14/07/2016 में मेरी जन्मतिथि 27/05/1998 दर्ज है जो कि गलत है, जबकि मेरी सही जन्मतिथि 30/03/1998 है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं अंकसूची आदि में भी दर्ज है।

अतः मेरी सही जन्मतिथि 30/03/1998 को ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें ।

गलत जन्मतिथि - 27/05/1998
सही जन्मतिथि - 30/03/1998
दिनांक - 21 मार्च 2026

कुनाल पाठक

पता- हाउस नंबर 251, आनन्द नगर, आधारताल, जबलपुर पिन-482004

र.नं. 4124

### PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of my client M/s Swastik Construction having its principal place of business at Duplex No.3 Krishan Enclave South Civi Lines, Lala Lajpat Rai Ward, JABALPUR M.P.482001 was carrying Civil Construction/works contract business of Govt/Semi Govt.Department in Jabalpur M.P. in partnership by and between Mr Ramesh Madho Shamdasani And Mr Shriram Pandey. The said partnership has been dissolved by mutual consent of the partners and ceased to exist wef 01.11.2025. Any claims within 10 days from the date of publication of this Notice to the undersigned at the address mentioned below, failing which such claims shall be considered waived if any.

Address - Sharad Sanghi, AdvocateSanghi Residency, Block-A, Wright Town JABALPUR.M.P.
MOB.-9425412933
Date of Notice- 21.02.2026
ABALPUR

र.नं. 4120

### कार्यालय वनमण्डल अधिकारी सामान्य वनमण्डल, जबलपुर

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि स्व. श्री रामदुलारे विश्वकर्मा मेसर्स कमल सौं मिल पता-1095 मदन महल आमनपुर, जबलपुर की मृत्यु दिनांक 28.07.2023 को हो जाने को फलस्वरूप उनके स्वामित्व की 02 (दो) आरामशीन एवं 1 सहायक ट्राली (माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रेषित सूची में कमांक 140) के संचालन हेतु अनुज्ञप्ति धारक का नाम विलोपित कर उनकी पुत्री श्रीमति सुनीता विश्वकर्मा ने अपने पुत्र श्री वरूण विश्वकर्मा पति स्व0 श्री भीमराव विश्वकर्मा का नाम दर्ज किये जाने बावद आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति भोपाल की बैठक दिनांक 09.06.2025 में एजेण्डा क्रमांक 1.10 में लिये गये निर्णय अनुसार चूंकि प्रकरण उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति स्थानांतरित करने से संबंधित है। अतः कलेण्डर वर्ष 2021-2023 तक की जारी आरामशीन अनुज्ञप्ति कमांक JBP/SM/2021/112 दिनांक 16.06.2021 में अनुज्ञप्ति धारक का नाम मेसर्स कमल सॉ मिल प्रो0 स्व. श्री रामदुलारे विश्वकर्मा पत्ता-1095 मदन महल आमनपुर, जबलपुर का नाम दर्ज चला आ रहा है अब नामांतरण आवदेन पर कार्यवाही अनुसार उनकी पुत्री श्रीमति सुनीता विश्वकर्मा पुत्र श्री वरूण विश्वकर्मा आ0 स्व0 श्री भीमराव विश्वकर्मा का नाम म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 के प्रारूप ग नियम 4 (1) के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी अन्य व्यक्ति / संस्था /वसीयतधारी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मैं मूल दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावे को मान्य नहीं किया जावेगा।

वनमंडल अधिकारी सामान्य
वनमण्डल जबलपुर
वनमंडलाधिकारी/अनुज्ञप्ति अधिकारी

### न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र. 2261/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलम मोदी (जैन) पिता/पति श्री पान्स मोदी निवासी विद्यासागर वार्ड ने ग्राम पनागर प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 803/1, 804, 808 रकवा 231 वर्गफुट भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा /अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-06/04/2026

कृति

नायब तहसीलदार
पनागर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No./PWD/16/PRO-994 Date 21/03/2026

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_485609_1 Date:24/03/2026 | संभाग क्रं 16 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत कब्रिस्तान में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>रू. 2.47 | 2,000/-<br>2500/- | 30/04/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर निगम, जबलपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

**विश्व वानिकी दिवस पर लें वनों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प**



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से वनों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वन हम नागरिकों के अस्तित्व और अर्थव्यवस्था के आधार हैं। उनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी प्रकृति की सेवा को अपना कर्तव्य मानते हुए सह-अस्तित्व की भावना के साथ वनों की रक्षा करें।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया राजस्थान के निवेशकों से संवाद

## मप्र में बेहिचक कीजिए निवेश सरकार देगी पूरा सहयोग

- सरप्लस पॉवर स्टेट म.प्र., अब बनेगा देश का ग्रीन, क्लीन एंड सोलर एनर्जी कैपिटल
- म.प्र. में बन रहा देश का पहला मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन फॉर पॉवर एंड रिन्युएबल एनर्जी इक्विपमेंट्स



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान जुड़वा भाइयों की तरह हैं। दोनों राज्य मिलकर विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत तैयार कर रहे हैं। हम सिर्फ विरासतों और विविधताओं के ही नहीं, आर्थिक दृष्टि से भी एक-दूसरे के स्वाभाविक साझेदार हैं।

मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। ये परियोजना दोनों राज्यों की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जयपुर में आयोजित इन्टरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्य प्रदेश में राजस्थान के निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए 26 प्रकार की नई नीतियां लागू की हैं। अब स्पेस और एआई सेक्टर के लिए भी हम पॉलिसी लाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी सरप्लस राज्य बनने के बाद अब मध्यप्रदेश की बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन संचालित हो रही है। प्रदेश में लगभग 2 रुपए 90 पैसे प्रति यूनिट दर पर घरेलू बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। औद्योगिक विकास के साथ माइनिंग सेक्टर में भी तेज गति से कार्य हो रहे हैं। मेडिकल टूरिज्म के लिए राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा रही है। पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोलने के लिए 1 रुपए में लीज पर जमीन दी जा रही है। मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। राज्य में 5 हजार से 50 हजार क्षमता की बड़ी गौशालाएं खोलने के लिए जमीन दी जा रही है। प्रति गौमाता अनुदान भी 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया गया है। राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों को नि:शुल्क दूध के पैकेट बांटने के लिए योजना की शुरुआत की है। उद्योगों की स्थापना एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए हमने 6,104 करोड़ रूपये और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 1 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। मध्यप्रदेश का सिंगल विंडो सिस्टम-इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल देश के श्रेष्ठ डिजिटल निवेश प्लेटफॉर्म में गिना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी 2025 अंतर्गत टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र को शामिल कर निवेशकों को आकर्षक इंसेंटिव प्रदान किए जा रहे हैं। अनेक प्रमुख कंपनियाँ मध्यप्रदेश में आ चुकी हैं और निवेश कर रही हैं। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में भारत का पहला मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन फॉर पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होटल, हॉस्पिटल जैसे सेक्टर्स में बड़े निवेश पर कैपिटल सब्सिडी दी जा रही है। प्रदेश के रीवा में टाइगर सफारी और एयरपोर्ट की सौगात भी मिल चुकी है। राज्य की एविएशन पॉलिसी के अंतर्गत हवाई सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को प्रति फ्लाइट 15 लाख वीजीएफ दिया जा रहा है। राज्य के अंदर और राज्य के बाहर भी हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पीएमश्री हेली सर्विस शुरू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि म.प्र. ने बिजली के समुचित बंटवारे के लिए उत्तरप्रदेश के साथ एक मॉडल तैयार किया है। मुरैना में प्लांट स्थापित कर 6-6 महीने बिजली उपयोग करने के लिए सहमति बनी है।

### बढ़ती महंगाई पर राहुल ने केंद्र को घेरा

## चुनाव बाद पेट्रोल-डीजल भी महंगा होगा

**कांग्रेस नेता ने कहा, रुपए की घटती कीमत गंभीर महंगाई का संकेत**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी एशिया में चल रही जंग और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर भारतीय करेंसी पर पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। इसे लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार का घेराव किया। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी- ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं।' उन्होंने कहा कि यह सिर्फ वक्त की बात है— चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, और एलपीजी की कीमतें भी बढ़ा दी जाएंगी। मोदी सरकार के पास न दिशा है, न रणनीति—सिर्फ बयानबाजी है। सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है—सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है।

उन्होंने कहा कि सरकार चाहे इसे 'नॉर्मल' बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे। एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी। रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे।

## पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पंजाब राज्य वेयरहाउस निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कैबिनेट मंत्री का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पंजाब में वेयरहाउस विभाग के एक अधिकारी की आत्महत्या के मामले में इस्तीफा लिया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश भी दिए हैं।

## मोदी सबसे बड़े घुसपैठिया हैं



**बोलीं, हम भाजपा को आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं देंगे**

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार सुबह ईद के मौके पर एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया के पीछे असली दिमाग उन्हीं का है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने शनिवार सुबह मध्य कोलकाता के रेड रोड पर ईद के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं भाजपा या प्रधानमंत्री को कभी भी आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं दूंगी। वे अक्सर कुछ लोगों को घुसपैठिया बताते हैं। खुद वह सबसे बड़े घुसपैठिया हैं। सऊदी अरब की यात्रा के दौरान हाथ मिलाते समय या दुबई की यात्रा के दौरान गले मिलते समय वे हिंदू-मुस्लिम मुद्दों को क्यों भूल जाते हैं? लेकिन जब भी वह देश लौटते हैं, तो मतदाता सूची से कुछ लोगों के नाम हटाने के बारे में सोचते हैं।' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में संशोधन प्रक्रिया के दौरान कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इस बुराई के खिलाफ मेरी लड़ाई जारी है। नामों को अंधाधुंध हटाने के इस मामले को लेकर मैंने सुप्रीम कोर्ट तक का रुख किया है।

## सीबीआई ने इंजीनियर को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने नगर निगम के एक सहायक अभियंता (एई) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हुकम सिंह मीना के रूप में हुई है, जो दिल्ली नगर निगम के शाहदरा साउथ जोन के गाजीपुर स्थित क्यूयूसी ऑफिस में तैनात था। सीबीआई के अनुसार, आरोपी एक शिकायतकर्ता से आधिकारिक काम के बदले रिश्वत मांग रहा था और इसी दौरान उसे पकड़ा गया।

### मध्य प्रदेश के पत्रकारों का दल छत्तीसगढ़ दौरे पर

## नारियल की खेती को अपना रहे आदिवासी





**रायपुर जगदलपुर देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पत्रकारों का दल इन दिनों छत्तीसगढ़ के दौरे पर है। इस दल ने सुदूर आदिवासी अंचल मे हुई प्रगति और कई विकास परियोजनाओं को देखा साथ ही प्रमुख स्थलों का भी दौरा किया।

पत्रकारों ने आज किसानों को नारियल की खेती के प्रति प्रोत्साहन करने के लिए भारत सरकार द्वारा कोंडागांव में स्थापित किए गए नारियल विकास बोर्ड परिसर का दौरा किया, करीब 100 एकड़ में फैले इस परिसर में 6000 नारियल के पेड़ लगाए गए हैं, बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी संकेत पांडा ने बताया कि बोर्ड के माध्यम से जहां इस अंचल में आदिवासी किसानों को नारियल की खेती के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, वही बोर्ड के माध्यम से लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ है, उन्हें पौधारोपण, पेड़ों की देखभाल, पेड़ों से नारियल काटने और उनके संग्रहण जैसे कार्यों में लगाए गया है, यहां से होने वाली नारियल की बिक्री से बोर्ड को सालाना करीब 30त्न मुनाफा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की गतिविधियों से नारियल की खेती के प्रति यहां के किसानों मे जागरूकता बढ़ी है,वह इस खेती को अपना रहे हैं द्य पत्रकारों के दल ने जनजाति संस्कृति की प्रतीक विभिन्न कलाकृतियां के निर्माण के लिए यहां तेजू राम बघेल द्वारा चलाए जा रहे केंद्र को भी देखा, इस केंद्र में लोहे व अन्य धातुओं से आकर्षक कलाकृतियां बनाई जाती हैं, पत्रकारों ने रायपुर में स्थापित जनजाति संग्रहालय से अपने दौरे की शुरुआत की थी,इस संग्रहालय में आदिकाल में जनजाति समुदाय के जीवन, उनकी समस्याओं सामंतो व अंग्रेजों के साथ उनके संघर्ष को दर्शाया गया है द्य इस दल में वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिरोठिया, पुष्पेंद्र सिंह, राम मोहन चौकसे कौशल किशोर चतुर्वेदी,जाकिर अली, अतुल सक्सेना, ओम प्रकाश मिश्रा, प्रवाल सक्सेना मनीष मान के अलावा पत्र सूचना कार्यालय भोपाल के प्रमुख अधिकारी भी

## दिल्ली में ईदगाह कमेटी ने जवानों पर बरसाए फूल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरे देश में आज ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। लेकिन इस ईद पर सभी की नजर दिल्ली के उत्तम नगर पर है। क्योंकि यहां होली के दिन एक हिंदू युवक की हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर पूरे इलाके में तनाव की स्थिति थी। ऐसे में ईद को लेकर यहां ईदगाह के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। जहां का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ईदगाह समिति की तरफ से सुरक्षा में तैनात जवानों पर फूल बरसाए जा रहे हैं।

वीडियो में देखा सकता है कि ईदगाह के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान तैनात हैं। साथ ही दिल्ली पुलिस ईदगाह के आसपास गस्त भी कर रही है। इस दौरान ईदगाह समिति ने ईदगाह के बाहर तैनात सुरक्षा बलों पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि समिति के लोग जवानों पर फूल बरसा रहे हैं।

उत्तमनगर में होली पर हुई हिंसा और ईद पर हिंसा की आशंका के मद्देनजर दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस को नोटिस जारी कर पूरी तरह से सतर्क व सजग रहने का निर्देश दिया है. इस मामले पर 6 अप्रैल को समीक्षा के लिए सुनवाई होगी. उत्तम नगर में पुलिस बंदोबस्त का संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की पीठ ने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ईद और रामनवमी के त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हों। कानून के तहत जरूरत पड़ने पर सभी आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से गुजरने के बाद ही हम मामले की सुनवाई करेंगे. ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस के वकील संजय लाओ से कहा कि कृपया अपने अधिकारियों को निर्देश दें कि वे ढिलाई न बरतें. एएसजी शर्मा ने कहा कि पुलिस ने स्थिति को कुशलता से संभाला है।



## मुख्यमंत्री यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की भेंट

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर प्रवास के दौरान शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंग वस्त्रम् से श्री बिरला का स्वागत किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उद्योग निवेश संवर्धन कार्यक्रम में जयपुर पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. यादव ने लोकसभा अध्यक्ष से मध्यप्रदेश विधानसभा संचालन के बारे में भी चर्चा की।

## मध्य प्रदेश के साथ मिलकर देश के औद्योगिक विकास की यात्रा पर बढ़ेंगे आगे : चौधरी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्थान सरकार में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि हैं। दोनों राज्य सरकारों ने सबसे पहले आपसी समन्वय से जल बंटवारे का समाधान निकाला है। इससे पश्चिमी राजस्थान के सभी जिलों को भरपूर पेयजल एवं खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के लिए बेहद अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। दोनों राज्य मिलकर देश के औद्योगिक विकास की यात्रा पर साथ आगे बढ़ेंगे।

### म.प्र. में है औद्योगिक प्रगति और निवेश की अनंत संभावनाएँ

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने निवेशकों को बताया कि मध्यप्रदेश भारत के हृदय में स्थित राज्य है। जहां हर सेक्टर में औद्योगिक प्रगति और निवेश की अनंत संभावनाएं विद्यान हैं। मध्यप्रदेश ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में 8 एयरपोर्ट और औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 1 लाख एकड़ भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग पर ध्यान देते हुए नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। निवेशकों को 40 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दी जा रही है। कृषि, डेयरी और फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धार में टेक्सटाइल सेक्टर के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन किया है। यहां निवेशकों को 1150 एकड़ भूमि का आवंटन किया जा चुका है। बाबई-मोहासा औद्योगिक प्रक्षेत्र में स्थित 29 इकाइयों के लिए करीब 52 हजार करोड़ रूपए का निवेश मिला है। सागर में 1500 एकड़ क्षेत्र में विशेष औद्योगिक प्रक्षेत्र विकसित किया जा रहा है। रतलाम में 1000 एकड़ का मेगा इंडस्ट्रियल पार्क है। विक्रम उद्योगपुरी और धार इंडस्ट्रियल एरिया में भी निवेश के अच्छे अवसर हैं। राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट डॉ. के.एल. जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को तेजी से गति मिल रही है। राज्य ने लंबी उड़ान भरी है। देश-दुनिया के निवेशक मध्यप्रदेश में तेजी से निवेश कर रहे हैं। राज्य में इंडस्ट्रियल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर साथ-साथ बढ़ रहे हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं , Army no 13774917Y Rank HAV/CLK Name GHULE KRASHNA SANDIPAN OF UNIT- RECORDS JAK RIF Presently residing at VILL- SHIRPURA, PO-TAKLI, TEH-KAIJ, DISTT-BEED, STATE- MH, PIN-431123, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा पिताजी का नाम SANDIPAN से GHULE SANDIPAN SAKHARAM एवं मेरी माताजी का नाम GHULE PRABHAWATI SANDIPAN से GHULE PADMINI SANDIPAN परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 21/03/2026 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**CHANGE OF NAME**

I, DURGA wife of Army No. JC-279318A, Rank SUB, Name-INDER SINGH residing at Village & Post Chhayan, Tehsil Pokaran, District Jaisalmer, (Rajasthan), Pin Code 345023 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:- (a) That my name recorded in Army Records of my husband is DURGA. (b) Where as my correct name as per all civil documents i-e- Aadhar Card and PAN Card is DURGA KANWAR. (c) That I am providing this affidavit for the purpose of evidence for correction of my name from DURGA to DURGA KANWAR.
2. That what is stated above is true and correct to best of my knowledge information and belief. Nothing material has been concealed there form. कृति

**CHANGE OF NAME**

I, AMITA DEVI wife of Army No. JC-779914P, Rank SUB, Name-VIKAS KUMAR residing at Village & Post GAGAUR, Tehsil- Un, District- Shamli, (Uttar Pradesh), Pin Code 247778 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:- (a) That my name recorded in Army Records of my husband is AMITA DEVI. (b) Where as my correct name as per all civil documents i-e- Aadhar Card and PAN Card is AMITA. (c) That I am providing this affidavit for the purpose of evidence for correction of my name from AMITA DEVI to AMITA.
2. That what is stated above is true and correct to best of my knowledge information and belief. Nothing material has been concealed there form. कृति

## आंधी-बारिश और ओलों से अन्नदाता बेहाल, एक दर्जन से अधिक जिलों में फसलें चौपट



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले तीन दिनों से जारी बेमौसम बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि ने प्रदेश के कई हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन सहित 42 से अधिक जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

मौसम विभाग ने शनिवार को भी प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में रीवा, सीधी, सिंगरौली सहित 14 से अधिक जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया था। हालांकि, 22 मार्च के बाद मौसम के धीरे-धीरे सामान्य होने की संभावना जताई जा रही है।

बारिश के आंकड़े भी असामान्य स्थिति की ओर इशारा कर रहे हैं। प्रदेश के 112 शहरों और कस्बों में वर्षा दर्ज की गई है। धार के बदनावर और बैतूल के घोड़ाडोंगरी में सबसे ज्यादा करीब पांच इंच बारिश हुई। बड़वानी, भोपाल और दमोह में भी तेज बारिश दर्ज की गई। ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आई है और पचमढ़ी 12.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

ओलावृष्टि ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। शिवपुरी, बैतूल, विदिशा, छिंदवाड़ा और जबलपुर सहित कई जिलों में खेतों में खड़ी और कटी फसलें प्रभावित हुई हैं। बागवानी फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। पपीते और संतरे के पेड़ टूटकर गिर गए, जबकि कई जगह आम के पेड़ों पर आया बौर ओलों की मार से झड़ गया है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मऊगंज, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी, बालाघाट और मंडला समेत कई जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी दी है। प्रशासन ने किसानों को फसल सुरक्षित स्थानों पर रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

प्रदेश में बदले मौसम ने जहां जनजीवन प्रभावित किया है, वहीं अन्नदाता के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।


# साहित्य

# करुणा की मूर्ति–महादेवी

■ डॉ सुरेशचंद्र शुक्ल

सन 1968–69 की घटना मुझे याद आ रही है जो कभी मैं भुला नहीं सकता। मैं कक्षा नौ का विद्यार्थी था। समाचारपत्र में पढ़ा कि लखनऊ में स्थित उ.प्र. सूचनाकेन्द्र में आभा अवस्थी की गुड़ियों की प्रदर्शनी लगेगी। महादेवी वर्मा उस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी। तभी पड़ोसी साहित्यप्रेमी हरिप्रसाद यादव के साथ उस सन्ध्या को महादेवी से मिलने की इच्छा से प्रदर्शनी में जाने की योजना बनायी। मेरे मन में विचार आया कि इतनी प्रसिद्ध साहित्यकार हैं उन्हें देने के लिए कुछ तो होना चाहिये। मैंने गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी महाविद्यालय से गुलाब के फूल डंठल सहित तोड़े। हरिप्रसाद मेरे साथ किन्तु कुछ दूर खड़े थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि क्या पता तुम भी आगे चलकर एक अच्छे लेखक बनो। मुझे हँसी आ गयी। उस समय मुझे जरा सा भी ज्ञान नहीं था कि आगे चलकर मैं भी लेखन से जुड़ा रहूँगा। क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, निरन्तर अध्ययन कर पाऊँगा या नहीं यह भी ज्ञात नहीं था। पर कविता सृजन चलता रहा।

गुलाब के डंठल साफ करते–करते मेरे हाथों में अनेक काँटे चुभ गये थे। जो स्वाभाविक था। एक नया उत्साह था। फिर डंठल को साफ किया कि कहीं महादेवी को काँटा न चुभ जाये। जब सूचनाकेन्द्र पहुँचा तो देखा कि प्रसिद्ध कथाकार अमृतलाल नागर और अन्य साहित्यकार, शिक्षाविद और पत्रकार वहाँ उपस्थित थे। नागर ने पैर छूकर व माल्यार्पण कर महादेवी का सम्मान किया था। जब मैं पुष्प भेंट करने आगे बढ़ा तब नागराज और एक अन्य व्यक्ति ने मुझे रोका। मेरा फूल भेंट करना उनके कार्यक्रम में नहीं था। जब फूल बहुत श्रद्धा से लाया था तब भला भेंट करने से कैसे चूकता। कुछ कवितायें सुन्दर लिखावट में लिखकर लाया था जिनमें अन्त में अपना पता लिखा था। वे कविताएँ और फूल महादेवी को भेंट कर दिये थे। महादेवी ने मुझे पास बुलाकर गले लगाया और कहा बड़े क्रान्तिकारी लगते हो। मैं शरमा गया। मुझे लगा जो व्यक्ति मुझे हटा रहे थे, थोड़ा शर्मिंदा हो गये थे जो मुस्करा कर मेरी ओर देखते हुए अपनी शर्मिंदगी कम कर रहे थे। उद्घाटन भाषण देते–देते वह रो पड़ी थीं। उनका जीवन



गुलाब के डंठल साफ करते–करते मेरे हाथों में अनेक काँटे चुभ गये थे। जो स्वाभाविक था। एक नया उत्साह था। फिर डंठल को साफ किया कि कहीं महादेवी को काँटा न चुभ जाये। जब सूचनाकेन्द्र पहुँचा तो देखा कि प्रसिद्ध कथाकार अमृतलाल नागर और अन्य साहित्यकार, शिक्षाविद और पत्रकार वहाँ उपस्थित थे। नागर ने पैर छूकर व माल्यार्पण कर महादेवी का सम्मान किया था। जब मैं पुष्प भेंट करने आगे बढ़ा तब नागराज और एक अन्य व्यक्ति ने मुझे रोका।

गुड़िया–गुड्डे का खेल बनकर रह गया था। जिन्होंने बचपन में गुड़िया–गुड्डों के ब्याह रचाये उन्हीं महादेवी ने कभी अपना वैवाहिक जीवन का सुख नहीं जाना।

चाहे स्वतन्त्रता संग्राम रहा हो, चाहे शराब की दुकान हटने का धरना रहा हो, महादेवी ने सक्रिय भूमिका निभायी थी। महादेवी की कवितायें भले ही प्रेम–करुणा से सराबोर थीं पर उनका व्यक्तित्व क्रान्तिकारी रहा है। सन 1984 में सुप्रसिद्ध कथाकार जैनेन्द्र कुमारजी के सम्पर्क में आया। वह अपने बेटे प्रदीप के साथ मिलकर 'सर्वोदय प्रकाशन' चलाते थे। उनके पास मैं अपने दूसरे काव्यसंग्रह 'रजनी' की पाण्डुलिपि लेकर प्रकाशन के लिए गया था। साप्ताहिक हिन्दुस्तान के एक लेखक हमारे साथ थे। वह पुस्तक छापने के लिए राजी हो गये थे। यह तय हुआ था कि जैनेन्द्रजी महादेवीजी से रजनी की भूमिका लिखायेंगे। इस सम्बन्ध में वह लखनऊ की एक कवयित्री श्रीमती सुमित्रा कुमारी या प्रेम कुमारी सिन्हा को लिखेंगे और मेरी पाण्डुलिपि भेजेंगे जो स्वयं महादेवी जी से भूमिका लिखाने जाती। मुझे बहुत सुखद लग रहा थ। प्रदीपजी ने पुस्तक प्रकाशन की एक शर्त रखी थी। दूसरे दिन मुझे वह शर्त ठीक न लगी। जिन लेखक के साथ गया था उन्होंने कहा कि हाँ कर दो भले ही वह शर्त पूरी न करो। मैं जैनेन्द्र जी से झूठ नहीं बोल सकता था। मैंने मना कर दिया और महादेवीजी की भूमिका से वंचित रह गया। जैनेन्द्रजी से बहुत आत्मीयता हो गयी थी। जब भी दिल्ली जाता उनके जीवित रहते उनके घर जाता रहा। अपने काँपते हाथों से उन्होंने मेरी कहानियों पर अपनी सम्मति लिखी थी।

अपने अंग्रेज मित्र फिन थीसेन और बहुभाषी विद्वान के साथ दिल्ली में सम्पन्न हुए तीसरे विश्व हिन्दी सम्मेलन में जाना चाहता था। उस सम्मेलन में मुझे विदेशों में हिन्दी पर बोलना था और मैं नार्वे से प्रकाशित होने वाली प्रथम पत्रिका 'परिचय' का सम्पादक था। फिन थीसेन गये थे परन्तु मैं नहीं जा सका था। यदि गया होता तो महादेवी जी व अन्य वरिष्ठ लेखकों से मुलाकात हो जाती।

अप्रैल सन 2000 की बात है। मैं लखनऊ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष और लेखिका सुश्री डा. आभा अवस्थी से मिलने गया था जिनके परिवार से महादेवी के घरेलू सम्बन्ध थे। बातों ही बातों में आभाजी से अपने प्रकाशित काव्य संग्रह पर चर्चा करते हुए 17 अप्रैल को लखनऊ विधानसभा अध्यक्ष और हिन्दी के सशक्त कवि केशरीनाथ त्रिपाठी द्वारा लोकार्पण करने की सूचना देते हुए उस पर समीक्षा के लिए आग्रह किया और कहा, 'आपके घर का नाम 'घरौंदा' है और मेरे काव्य संग्रह का नाम है 'नीड़ में फँसे पंख।' उन्होंने मनोविनोद से एक कलाकार की तरह कहा, 'इस घरौंदे में अब कोई पंख नहीं फँसेगा।' 7 अप्रैल सन 2000 को विधानसभा में मेरी पुस्तक पर चर्चा करते समय उन्होंने महादेवीजी का स्मरण किया था और मेरी चर्चा की थी। आभाजी का घरौंदा आज भी गुड़ियों और अन्य कलाकृतियों से सजा है। महादेवी जी भले ही दुनिया में नहीं हैं परन्तु उनकी कवितायें और स्मृतियाँ सदा उनका समरण कराती रहेंगी। उनकी एक पंक्ति में उनके जीवन का पूरा दर्शन छिपा था, 'पंथ रहने दो अपरिचित प्राण रहने दो अकेला।'

लघुकथा

## एक करोड़ का सवाल

■ आकुल

टीवी कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' में एक करोड़ के अंतिम सवाल पर मुस्कुराते हुए बिग बी ने प्रतियोगी से कहा– 'आप बहुत भाग्यशाली हैं, इस सीट पर बैठ कर एक करोड़ के सवाल का जवाब देने वाले आप पहले व्यक्ति हैं। जवाब आपको सोच समझ कर देना है। इसका जवाब सही देने पर आपको मिलेंगे एक करोड़ रुपये, प्रसिद्धि, सम्मान और गलत जवाब देने पर आप निराश हो कर लौटेंगे, क्योंकि आपने पचास लाख कमाने का भी अवसर खो दिया है। उन्होंने प्रतियोगी की तरफ व्यंग्यपपूर्ण मुस्कान बिखेरी।




प्रतियोगी ने कहा–'जी।

'कैसा लग रहा है आपको।' बिग बी ने पूछा।

जवाब मिला– बहुत रोमांचित हूँ।'

मैं भी ।' बिग बी ने कहा। मैं भी देखना चाहता हूँ कि कौनसा सवाल है, एक करोड़ का। मुझे भी नहीं मालूम, विश्वास कीजिये मुझे भी नहीं मालूम।'

सभी हँसने लगे। कुर्सी सँभालते हुए बिग बी ने कार्यक्रम आगे बढ़ाया। वे बोले– 'तो आप तैयार हैं, एक करोड़ के सवाल को सुनने, पढ़ने और अपना भाग्य आजमाने के लिए?'

'हाँ।' प्रतियोगी ने भी मुसकुराकर कहा।

बिग बी ने हाथ मसलते हुए कहा– 'तो लीजिये, आपका एक करोड़ का सवाल।' उन्होंने सवाल पहले अँग्रेजी में पढ़ा और फिर उसे हिंदी में दोहराया 'आज देश में बढ़ते असंतोष, भ्रष्टाड़चार, महँगाई और अनेक समस्याओं के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेमदार कौन है? और कहा– 'जल्दबाजी नहीं, आपके पास बहुत समय है, सही जवाब आपको करोड़पति बना देगा और ग़लत जवाब आपको----आप--- समझते –ही-- हैं।'

प्रतियोगी बहुत देर तक सोचता रहा। बिग बी ने कहा– 'आपके पास सारी सुविधाएँ भी खत्म हो गयी हैं। आप किसी से पूछ भी नहीं सकते। अब आपको ही निर्णय लेना है कि ए– जनता, बी– नेता, सी– सरकार और डी– पुलिस, इसमें से कौन–सा विकल्प चुनना है।'

थोड़े से सन्नाटे के बाद, प्रतियो?गी ने कहा– 'सरकार।' बिग बी ने कहा– 'सी, सरकार।'

'आप पूरी तरह से आश्वस्त हैं? जल्दमबाजी नहीं करें। सोचें, कि इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार कौन है, जनता, नेता, सरकार या पुलिस। एक बार जवाब ताला लग गया, तो आपके सारे रास्ते बंद, फिर मैं भी कुछ नहीं कर पाऊँगा।'

'जी। मैं जानता हूँ, मेरा जवाब है 'सी' सरकार'।' प्रतियोगी ने कहा।

'तो आपको पूरा विश्वास हैं, सी, स—र—का—र।' बिग बी ने गंभीरता से कहा–'तो लॉक कर दिया जाये?' 'जी।' 'तो लॉक किया जाये। कम्प्यूटर जी, जवाब लॉक करें, आपका जवाब है, सी–सरकार।'

जवाब लॉक कर दिया गया। थोड़े सन्नाटे के बाद बजर बजा। बिग बी अपनी सीट से उठ खड़े हुए और बोले– 'ओ---ह।' बैठे हुए प्रतियोगी के साथ–साथ कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों में कौतूहल जाग गया। वे भी उठ कर कर खड़े हो गये।

'यह जवाब ग़लत है।' बिग बी के बोलते ही सन्नाटा छा गया। बिग बी ने प्रतियोगी से कहा– 'आपका जवाब ग़लत था।

सही जवाब है– 'जनता।'

# ओमप्रकाश वाल्मीकि का काव्य-संसार : हाशिए के समाज का उद्घोष

■ अजय चौधरी

भारतीय साहित्य की लंबी परंपरा में दलित साहित्य का उदय एक साहित्यिक घटना के रूप में सदियों की सामाजिक-राजनैतिक चुप्पी को तोड़ने वाली एक महान क्रांति है। दलित साहित्य आज हाशिए के समाज के दु:ख, पीड़ा, उत्पीड़न, शोषण और अमानवीय अत्याचार को शब्दबद्ध करने में सक्षम हो गया है। यहाँ तक पहुँचने में इस समाज के पूर्ववर्ती साहित्यकारों को कड़े विरोधों और तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद, दलित समाज के साहित्यकारों ने जैसे-तैसे अपनी रचनाओं को पाठकों तक पहुँचाया। जब यह साहित्य पाठकों तक पहुँचा, तो मुख्यधारा के साहित्यकारों ने इसे 'सौन्दर्यशास्त्र' के आधार पर घेरने की साजिश शुरू की। कभी इसे 'सहानुभूति' और 'स्वानुभूति' के दायरे में बाँधकर इसकी आवाज़ को दबाने की कोशिश की गई, तो कभी भाषा के आधार पर अभद्र कहा गया। इन विषम परिस्थितियों में भी ओमप्रकाश वाल्मीकि ने सृजन का साहस नहीं छोड़ा। उनके इसी साहस और कटु यथार्थ का परिणाम आज हम 'चक्रव्यूह टूटेगा' में देख सकते हैं।

यह काव्य संग्रह संख्यात्मक रूप से भले ही संक्षिप्त हो, परंतु इसकी संवेदना का धरातल व्यापक और मारक है। यह संग्रह भारतीय साहित्य की उन चुप्पियों को तोड़ने वाली सामाजिक-राजनैतिक क्रांति का साहित्यिक रूप है, जो सदियों से मौन रखे गए, जो बहिष्कृत और उपेक्षित जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत करता है।

इस महत्वपूर्ण साहित्य को विस्मृति के गर्त में जाने से बचाने और पाठकों तक पहुँचाने का संपूर्ण श्रेय डॉ. नरेन्द्र वाल्मीकि के अथक और जतनपूर्ण प्रयासों को जाता है। यदि वे अपनी अडिग इच्छाशक्ति से इन असंकलित रचनाओं को सहेजते नहीं, तो हिन्दी जगत ओमप्रकाश वाल्मीकि की उन वैचारिक ऊँचाइयों वाली कविताओं से हमेशा के लिए वंचित रह जाता, जो उनके जीवनकाल के प्रमुख संग्रहों में स्थान नहीं पा सकी थीं।

यह संकलन एक सामूहिक साहित्यिक यात्रा की परिणति है, जिसके लिए डॉ. नरेन्द्र वाल्मीकि ने वर्ष 1982 से 2013 के बीच की दुर्लभ पत्र-पत्रिकाओं और पुराने काव्य संकलनों की खोज की। इस कठिन खोज यात्रा में उन्हें डॉ. एन. सिंह, विजय गौड़ और प्रो. राजेश पाल जैसे विद्वानों का सक्रिय सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिन्होंने अपने निजी पुस्तकालयों से 'अंगुत्तर', 'फिलहाल', 'उत्तर हिमानी', 'समकालीन जनमत' और 'इन दिनों' जैसी दुर्लभ पत्रिकाएँ उपलब्ध कराईं। यह संग्रह एक साहित्यिक प्रयास के रूप में सामूहिक स्मृति और सम्मान का प्रतीक बन गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि वाल्मीकि का 'दुस्साहस' और उनकी परिवर्तनकामी चेतना आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहे।

जब दलित साहित्यकारों ने अपनी 'स्वानुभूति' को स्वर देना शुरू किया, तो मुख्यधारा के आलोचकों ने इसे 'सौंदर्यशास्त्र' के पैमानों पर घेरने और इसे 'स्वानुभूति' तक सीमित करने की साजिशें रचीं। इन विषम परिस्थितियों और अवरोधों के बीच कवि ने अपनी सत्यनिष्ठा और अडिग साहस के साथ लिखना जारी रखा, जिसका सशक्त परिणाम आज हमारे सामने उनकी 22 असंकलित कविताओं के संग्रह 'चक्रव्यूह टूटेगा' के रूप में मौजूद है।

इस काव्य-संग्रह में संकलित 22 कविताएँ उनके अब तक के प्रकाशित चार संग्रहों से अलग हैं। ये रचनाएँ वर्ष 1982 से 2013 के बीच विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई थीं। इस संग्रह की कविताएँ भारतीय समाज के छल, छद्म और क्रूर इतिहास की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं। यह उस 'मौन' और 'बहिष्कृत' जीवन का यथार्थ है जिसे मुख्यधारा के साहित्य ने सदियों तक उपेक्षित रखा। इनकी कविताएँ सामंती सोच और वर्ण-व्यवस्था के विरुद्ध एक तार्किक प्रतिरोध दर्ज करती हैं । इनमें 'शनिवार बाड़ा' जैसे प्रतीकों के माध्यम से पेशवाओं के दमन चक्र और ऐतिहासिक उत्पीड़न की याद दिलाई गई है।

वाल्मीकि की कविताएँ विलाप के लिए नहीं है, यह तो एक विस्फोटक ललकार प्रस्तुत करती हैं। 'शब्द बोध' कविता में यह संवेदना स्पष्ट दिखती है–

**'हंसों की शक्ल में**
**गिद्धों का यह क्रन्दन**
**बदल रहा है**
**मेरे संताप को**
**बारूद में।**
**बारूद : किसी भी क्षण**
**विस्फोट कर सकता है।'**

यहाँ संताप का बारूद में बदलना शोषित वर्ग की चरम बेचैनी और क्रांति की आहट का प्रतीक है। 'हिसाब' कविता में कवि सदियों के अन्याय को बराबर करने की भविष्य-दृष्टि रखता है। यह कविता करुणा के स्थान पर स्वाभिमान को प्रतिष्ठित करती है:

**'तब यह भूखा-नंगा असभ्य-सा**
**दिखने वाला आदमी**
**लाल किले की सबसे ऊंची बुर्ज पर**
**लकीरें खींचेगा**
**अपना हिसाब साफ करने के लिए।'**

यहाँ लाल किला सत्ता का प्रतीक है और उस पर लकीरें खींचना अपने अधिकार और न्याय की दावेदारी है। 'मुक्त होने के लिए' कविता में संवेदना निजी पीड़ा से ऊपर उठकर सामूहिक चेतना बन जाती है। इसमें भय का अंत और आवाज़ उठाने के साहस को दर्शाया गया है:

**'हालांकि मेरा इस तरह सोचना**
**अपराध हो सकता है**
**तुम्हारी दृष्टि में**
**फिर भी मैं सोचता हूँ**
**मुक्त होने के लिए**
**दहशत अब मुझे नहीं डराती।'**


कवि ने समाज के उस दृष्टिकोण को चुनौती दी है जो श्रम को 'गंदगी' मानता है। 'हिसाब' कविता में 'कीचड़' संघर्ष के गर्व का रूपक बन जाता है–

**'अनगिनत श्रम कण...**
**धूल से मिलकर**
**बन जाते हैं कीचड़।**
**कीचड़ : एक गन्दगी है**
**तुम्हारे शब्द कोश में।'**

'मेरे किस काम के' कविता में उन बुद्धिजीवियों, धर्मनिष्ठों और अहिंसावादियों पर तीखा प्रहार है जो प्रकृति के लिए तो रोते हैं, लेकिन मनुष्य की हत्या पर मौन साध लेते हैं:

**'वे आँसू**
**जो कभी नहीं बहे**
**किसी निर्दोष की हत्या पर...**
**ऐसे प्रकृति चिंतक**
**मेरे किस काम के !'**

इनकी 'अयोध्या' और 'माटी' जैसी कविताएँ भारतीय समाज के राजनीतिक, सांप्रदायिक और अस्तित्वगत संघर्षों का एक सघन कोलाज प्रस्तुत करती हैं। 'अयोध्या' कविता एक प्राचीन नगरी का वर्णन के रूप में उस डरावनी सांप्रदायिक चेतना का विश्लेषण है जो आधुनिक भारत के भूगोल में रिस रही है। कवि स्पष्ट करता है कि अब 'अयोध्या' अकेली घटना नहीं है, गोधरा और गुजरात जैसी हिंसक घटनाएँ इसकी पहचान के साथ स्थायी रूप से जुड़ गई हैं। यह कविता धर्म, 'रथ यात्रा' और 'मंडल आयोग' के उस राजनीतिक गठजोड़ को उघाड़ती है जिसका अंतिम लक्ष्य दिल्ली की सत्ता हासिल करना रहा है। वाल्मीकि यहाँ एक सामान्य नागरिक के उस गहरे भय को स्वर देते हैं, जिसमें वह आशंकित है कि कहीं नफरत की यह दस्तक उसके अपने शांत शहर को भी 'अयोध्या' जैसे प्रतीकों में न बदल दे। इसके बावजूद, कविता का अंत एक मानवीय उम्मीद के साथ होता है, जहाँ कवि का मानना है कि तमाम अभावों और षड्यंत्रों के बीच भी आपसी रिश्तों की गरमाहट अभी शेष है।




**पुस्तक : चक्रव्यूह टूटेगा (कविता-संग्रह)**
**कवि : ओमप्रकाश वाल्मीकि**
**संपादक : डॉ. नरेन्द्र वाल्मीकि**
**प्रकाशक : समय साक्ष्य, देहरादून।**
**वर्ष : 2026**
**समीक्षक : अजय चौधरी (मो. 8981031969)**

दूसरी ओर, 'माटी' और 'मेरे हिस्से की माटी' शीर्षक वाली रचनाएँ अस्मिता, वंचना और भूमिहीनता के दंश को अत्यंत मार्मिकता से व्यक्त करती हैं। 'माटी' कविता में मिट्टी का झरना एक गिरते हुए युग और गहराते अंधेरे का रूपक बन जाता है, जहाँ आदमी अपनी जड़ों से कटकर आश्वासनों और चुनावी नारों के बीच खड़ा है। यहाँ 'हैलीकॉप्टर' और 'दूरदर्शन' जैसी आधुनिकता के बीच भी आम आदमी के पाँव तले जमीन का न होना व्यवस्था के खोखलेपन को उजागर करता है। वहीं, 'मेरे हिस्से की माटी' में कवि अपने बचपन की उन अपमानजनक स्मृतियों को कुरेदता है, जहाँ स्कूल के टाट का कोना भी उसके लिए कम पड़ जाता था और शिक्षक की छड़ी उसे निरंतर 'बौनेपन' का अहसास कराती थी। इस कविता की केंद्रीय संवेदना वह कचोट है कि इस विशाल देश में उसके हिस्से में 'एक बालिश्त जमीन' भी नहीं है, फिर भी वह अपनी इस माटी और संघर्षरत माँ की अस्मिता पर गर्व करता है।

इनकी कविताएं उस सूक्ष्म दृष्टि का प्रमाण हैं जो इतिहास और वर्तमान के क्रूर सत्य को कलात्मक साहस के साथ दर्ज करती हैं। जहाँ 'अयोध्या' सांप्रदायिकता के बाहरी खतरों से आगाह करती है, वहीं 'माटी' जातिवाद और गरीबी के उन आंतरिक घावों को सामने लाती है जिन्होंने दलित समाज को हजारों वर्षों से हाशिए पर रखा है। साहित्य जब तक मनुष्य के संपूर्ण और खुरदरे अनुभवों को समाहित नहीं करता, तब तक वह अधूरा है।

इस काव्य संग्रह की दो अन्य अत्यंत प्रभावशाली कविताएँ 'हिसाब' और 'चक्रव्यूह टूटेगा' हैं, जो दलित चेतना के प्रतिरोध और भविष्य के संकल्प को स्वर देती हैं। 'हिसाब' कविता वाल्मीकि की उन रचनाओं में से है जो करुणा के स्थान पर क्रांति और आत्म-सम्मान को प्रतिष्ठित करती हैं। यह कविता उस 'मौन' और 'श्रमशील' व्यक्ति की कथा कहती है जिसे सभ्य समाज ने सदियों से 'भूखा-नंगा' और 'असभ्य' कहकर हाशिए पर धकेल दिया था। कवि यहाँ 'कीचड़' जैसे बिम्ब का उपयोग एक गहरे रूपक के तौर पर करते हैं; जहाँ समाज श्रम को गंदगी मानता है, वहीं वाल्मीकि के लिए यही 'कीचड़' और 'धूल' सभ्यता की असली नींव और संघर्ष का गर्व है। कविता की सबसे बड़ी शक्ति इसका 'नियंत्रित क्रोध' है। कवि घोषणा करता है कि वंचित वर्ग की चुप्पी स्थायी नहीं है और एक दिन वह अपनी मौजूदगी का एहसास पूरी ताकत के साथ कराएगा। जब कवि कहता है कि यह आदमी 'लाल किले की सबसे ऊँची बुर्ज पर लकीरें खींचेगा', तो यह इतिहास के सदियों पुराने अन्याय का हिसाब चुकता करने और अपनी मानवीय गरिमा को पुन: प्राप्त करने का उद्घोष है। वहीं, संग्रह की शीर्षक कविता 'चक्रव्यूह टूटेगा' समूची दलित चेतना का एक वैचारिक घोषणापत्र है। यह कविता उस 'चक्रव्यूह' पर प्रहार करती है जिसे ब्राह्मणवादी, सामंती और आधुनिक सत्ताओं ने मिलकर धर्म, मर्यादा और शालीनता के नाम पर गढ़ा है। कवि यहाँ लोकतंत्र की वर्तमान स्थिति पर तीखा व्यंग्य करते हुए उसे 'गरीब की जोरू' और 'हुजूरों की रखैल' की संज्ञा देते हैं। इसमें 'अभिमन्यु' का प्रतीक महत्वपूर्ण है– यह वह अभिमन्यु है जो भीड़ की दिशा के विपरीत चलता है और सत्ताओं के रथों की गड़गड़ाहट के बीच भी सच की दिशा खोजने का साहस रखता है। कविता स्पष्ट करती है कि इतिहास की जो 'किरिचें' आँखों में किरकिराती हैं, उन्हें अब विस्मृत नहीं किया जा सकता। यह रचना इस अटूट विश्वास के साथ समाप्त होती है कि शोषण और दमन का यह घेरा चाहे जितना भी जटिल और पुराना क्यों न हो, सामूहिक चेतना और तार्किक प्रतिरोध के प्रहार से यह 'चक्रव्यूह' एक दिन अवश्य टूटेगा।

इनका शब्द संयोजन सजावटी की जगह सीधा और खुरदरा है, जो वास्तविक संसार की रचना करता है। 'राख में छिपी चिंगारी', 'अंधेरे की चादर' और 'चक्रव्यूह' जैसे बिम्बों का प्रयोग सामाजिक बदलाव के औजार के रूप में किया गया है। इनकी कविताओं में एक मौन विस्फोट की ऊर्जा है, जहाँ आक्रोश को रचनात्मक ऊर्जा और प्रतिरोधात्मक सौंदर्य में बदला गया है। व्यवस्था द्वारा निर्मित अन्याय का 'चक्रव्यूह' चाहे कितना भी जटिल हो, वह चेतना और संघर्ष के प्रहार से टूटेगा जरूर। इसकी अगली कड़ी में 'मुक्त होने के लिए' कविता दलित अस्तित्व की दबी हुई बेचैनी को एक सचेत विद्रोही चेतना में बदल देती है। यहाँ कवि का शरीर इतिहास की सलाखों पर टंगा हुआ एक रूपक है, लेकिन अब वह अपनी आवाज़ उठाने को 'अपराध' मानने से इनकार कर देता है। इस कविता की सबसे बड़ी उपलब्धि 'भय' से 'निर्भयता' की ओर बढ़ना है, जहाँ कवि स्पष्ट घोषणा करता है कि 'दहशत अब मुझे नहीं डराती'।

इनकी कविताएँ अपनी भाषा और शिल्प में तार्किक प्रतिरोध का सौंदर्य रचती हैं। वे 'मेरे किस काम के' जैसी रचनाओं के माध्यम से उन तथाकथित 'महामानवों' के पाखंड को भी उघाड़ती हैं, जो प्रकृति के विनाश पर तो आँसू बहाते हैं, लेकिन किसी निर्दोष की हत्या या दलितों के 'हरे घाव' पर चुप्पी साध लेते हैं। यह पूरा संग्रह इस अटूट विश्वास को पुख्ता करता है कि आक्रोश जब रचनात्मक ऊर्जा बन जाता है, तो वह शोषण के हर जटिल 'चक्रव्यूह' को तोड़ने की क्षमता रखता है।

हम देखते पाते हैं कि इनकी कविताएँ दया या करुणा की याचना करना भूल गयी है, जो आँखों में आँखें डालकर एक सचेत विद्रोही चेतना का उद्घोष करती हैं। 'मुक्त होने के लिए' कविता में वह दलित जीवन की उस मार्मिकता को उघाड़ते हैं जहाँ शरीर स्वयं इतिहास की नुकीली सलाखों पर टंगा हुआ है। यहाँ मुक्ति कोई भावनात्मक कामना भर नहीं है, एक ठोस कदम है, जहाँ कवि भय से निर्भयता की ओर बढ़ता है और स्पष्ट कहता है कि अब 'दहशत मुझे नहीं डराती'।

इस संग्रह का प्रारंभ 'शब्द बोध' जैसी तीव्र संवेदना वाली कविता से होता है, जो सामाजिक विशेषणों और फुसफुसाहटों के 'बारूद' में बदलने की प्रक्रिया को चित्रित करती है। यह कविता स्पष्ट करती है कि दलित चेतना अस्तित्वगत अनुभव के रूप में सामने आ रही है, जहाँ अपमान का संताप किसी भी क्षण विस्फोट कर सकता है।

संग्रह की संवेदना 'भूख' और 'हिसाब' जैसी कविताओं में और अधिक गहरा जाती है। जहाँ 'भूख' अभावग्रस्त जीवन की उस जड़ता को दिखाती है जो मनुष्य को अस्तित्व बचाने के संघर्ष तक सीमित कर देती है, वहीं 'हिसाब' उस 'मौन व्यक्ति' की ज्वाला को स्वर देती है जो युगों से वंचना का बोझ ढो रहा है। कवि का यह अडिग विश्वास है कि वंचित वर्ग की यह चुप्पी स्थायी नहीं है और एक दिन वह लाल किले की सबसे ऊँची बुर्ज पर अपने अधिकारों की लकीरें खींचकर ऐतिहासिक न्याय का हिसाब बराबर करेगा।

श्रम और उत्पादन की प्रक्रिया में मनुष्य के वस्तुकरण को 'बित्ता भर आदमी' के माध्यम से बड़ी मार्मिकता से उकेरा गया है। विकास के इस दौर में आदमी स्वयं कोयला, लोहा और सीमेंट बनकर रह गया है, जो उत्पादन का हिस्सा तो है लेकिन समाज की भीड़ का अंग बनने से बहिष्कृत है। इसी सामाजिक-राजनैतिक जटिलता को संग्रह की शीर्षक कविता 'चक्रव्यूह टूटेगा' संबोधित करती है। संग्रह में वर्ग-भेद की गहरी खाइयों को 'ढिबरी जल रही है' के माध्यम से दिखाया गया है, जहाँ छोटे मकान की ढिबरी और बड़ी इमारत की दूधिया रोशनी के बीच का दारुण अंतर स्पष्ट होता है। यह कविता उस 'जानवर' के प्रति सचेत करती है जो आज भी हमारे आसपास मंडरा रहा है। इसी कड़ी में 'विष वृक्ष' कविता उन 'बौने महाकवियों' की आलोचना करती है जिन्होंने शब्दों को अभिशप्त मान्यताओं का बंधुआ बना दिया है और जो अपनी अश्लीलता से नए विषवृक्ष उगा रहे हैं। 'आदमी' कविता खाली पेट अँधेरे में अपने हिस्से का 'नक्षत्र' खोजते मनुष्य के अस्तित्वगत संघर्ष को बयाँ करती है। ऐतिहासिक बोझ और सामूहिक उत्तरदायित्व का बोध 'महायुद्ध' और 'ओ मेरी उम्मीदो' जैसी रचनाओं में मिलता है। जहाँ 'महायुद्ध' सदियों के बोझ को कंधों से उतारकर सरेआम चौराहे पर टाँगने का संकल्प है, वहीं 'ओ मेरी उम्मीदो' अपनी उम्मीदों को बुलडोजर की तरह भव्य इमारतों के विरुद्ध इस्तेमाल करने का आह्वान करती है। कवि हत्यारों के गिरोह से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए संघर्ष को गाँव की बैलगाड़ी से शहर के क्षितिज तक ले जाने की आवश्यकता पर बल देता है।

संग्रह के अंतिम हिस्से में समय और वर्तमान राजनीति के प्रति कवि की चिंताएं मुखर होती हैं। 'वक्त' कविता में समय को एक ऐसे चक्रव्यूह के रूप में देखा गया है जिसे हमने स्वयं रचा है और अब उससे निकलना भूल गए हैं इसके बावजूद, 'विश्वास अभी शेष हैं' कविता अभिव्यक्ति के अपंग होने के दौर में भी 'शब्द' की अजेय शक्ति पर अटूट विश्वास जगाती है।

संग्रह की अंतिम कविताएँ 'माटी', 'आस्था और घृणा', 'आज का मानव' और 'मौसम, पुल और मैं' वर्तमान समाज के खोखलेपन और भविष्य की संभावनाओं को समेटती हैं। 'माटी' खेत से लेकर दूरदर्शन के आश्वासनों तक के छल को उघाड़ती है, फिर भी ठंडे चूल्हे के कभी 'आग' बनने की उम्मीद रखती है। 'आस्था और घृणा' सांप्रदायिकता के उस खतरे को दिखाती है जहाँ पड़ोसी एक-दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं और साझा संस्कृति समाप्त होने लगती है। 'आज का मानव' दो मुट्ठी चावल के लिए जूझते हुए भी किसी 'नये सूर्य' की ताजी किरण की तलाश में है। अंतत:, 'मौसम, पुल और मैं' सन्नाटे को तोड़ने और सूखी नदी में जीवंत झरनों को फिर से जीवंत देखने की बेचैनी के साथ एक सकारात्मक भविष्य की ओर संकेत करती है।

बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि डॉ. नरेन्द्र वाल्मीकि और सहयोगी टीम के अथक प्रयासों ने ओमप्रकाश वाल्मीकि की इन महत्वपूर्ण रचनाओं को सुरक्षित कर साहित्य को एक ऐसी धरोहर सौंपी है, जो आक्रोश को रचनात्मक ऊर्जा और विरोध को प्रतिरोधात्मक सौंदर्य में बदलने में सक्षम है। यह संग्रह निश्चित रूप से भारतीय साहित्य की आत्मा के सबसे संवेदनशील और जीवंत हिस्से के रूप में हमारे सामने है। अंतत: यह कविता संग्रह बाइस कविताओं का संकलन के रूप में दलित चेतना और सामाजिक न्याय का एक ज्वलंत घोषणापत्र है। इस संग्रह की प्रत्येक कविता अपनी मारक संवेदना और वैचारिक स्पष्टता के माध्यम से भारतीय समाज के उस यथार्थ को उघाड़ती है, जिसे सदियों से मुख्यधारा के साहित्य ने ओझल रखा था।

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

## अब अपर आयुक्त-उपायुक्त भी घर-घर जाकर वसूलेंगे टैक्स





### निगमायुक्त ने दिए निर्देश, प्रयास तेज

**जबलपुर, देशबन्धु।** वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब महज 10 दिन शेष रह गए हैं और अभी भी बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इस साल का और पुराना टैक्स जमा नहीं किया है। जिसे देखते हुए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निगम के पूरे अमले को ही वसूली में लगा दिया है। उन्होंने शनिवार को समीक्षा करते हुए कहा कि बचे हुए दिनों में अब अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त और सभी विभागीय प्रमुख मिलकर घर-घर दस्तक देंगे और और कर संग्रहण कराने में सहयोग करेंगे। निगमायुक्त ने कहा कि इस बार निगम का लक्ष्य 120 से 150 प्रतिशत तक राजस्व वसूली सुनिश्चित करना है। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन परिणामों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

**शहर विकास में उपयोग होगी राशि-** निगमायुक्त ने कहा कि करदाताओं द्वारा दिया गया कर सीधे शहर की स्वच्छता, सड़कों और बेहतर जल आपूर्ति जैसे कार्यों में लगाया जाता है। अधिकारियों का घर-घर पहुंचना करदाताओं की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान का भी एक जरिया बनेगा।

निगमायुक्त ने सभी करदाताओं से अपील की है, कि अपने बकाया करों का भुगतान समय पर करें और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें। उन्होंने बताया कि यदि नियमित करदाताओं ने 10 दिनों में संपत्तिकर और जलशुल्क जमा नहीं किया तो अधिभार लग जाएगा।

### औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से चल रही चर्चा..

## 90 माने अब 155 उद्योगपतियों को लाइन पर लाने में जुटा निगम प्रशासन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्र में इकाईयों का संचालन करने वाले संचालकों में कुछ ने तो संपत्तिकर की किश्त देकर जमा करने का मूड बना लिया है लेकिन अभी भी लगभग डेढ़ सौ उद्योगपति ऐसे हैं, जो कि टैक्स देना है या नहीं यह तय नहीं कर पा रहे हैं। वहीं नगर निगम प्रशासन यह स्पष्ट कर चुका है कि यदि उद्योग चलाना है तो संपत्तिकर तो देना ही पड़ेगा। इस कश्मकश के बीच निगम और उद्योगपतियों के समूहों के बीच निरंतर बातचीत चल रही है।



जानकारों की मानें तो रिछाई में जो यूनिट्स संचालित हो रही हैं, वे तो टैक्स देने के पूरे मूड में हैं लेकिन अधारताल के उद्योगपतियों को थोड़ी आपत्ति है। उनका यह आरोप भी है कि गलत तरीके से करारोपण किया गया और जब तब नए सिरे से निर्धारण नहीं किया जाएगा तब तक संपत्ति कर पर बात अटकी रहेगी।

सूत्रों की मानें तो इस विवाद को देखते हुए निगम प्रशासन भी फिर से नाप-जोख कराकर कर निर्धारण कर सकता है। बता दें कि लोक अदालत के एक दिन पहले करीब 95 संचालकों ने संपत्तिकर की कुछ राशि का चैक निगम प्रशासन को सौंपकर यह गतिरोध खत्म कर दिया था, जिसके बाद से उन उद्योगपतियों पर संपत्तिकर जमा करने का दबाव है, जो कि आनाकानी कर रहे थे।

## प्रदेश में लगातार चौथी बार अव्वल बना ननिज

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ए ग्रेड

**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की मेहनत, सतत् प्रयास एवं मॉनिटरिंग रंग लाई है। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज

स्कोर के आधार पर 99.16 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में जबलपुर नगर निगम ने चौथी बार बाजी मारी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 2 हजार 7 सौ 23 शिकायतों में से लगभग 59.34 प्रतिशत शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी संतुष्टि के उपरांत निराकरण कराया गया है। नगर निगम को इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में चौथी बार प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। इस प्रकार नगर निगम जबलपुर के द्वारा अधिकतम प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक एवं साकारात्मक निराकरण किया गया। निगमायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से काम करने की प्रेरणा भी दी।





### ये निगम की बड़ी उपलब्धि

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यों की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह फरवरी 2026 की ग्रेडिंग जारी हुई है, जिसमें जबलपुर को ए ग्रेड और प्रदेश के सभी नगर निगमों में चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## सार-समाचार

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का आगमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का शनिवार शाम सागर से कार द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। जबलपुर पहुंचते ही उन्होंने स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल हुये। श्री राजपूत रविवार की सुबह 11 बजे जबलपुर से कार द्वारा सागर प्रस्थान करेंगे।

### जीतो क्रिकेट लीग के तीसरे संस्करण का भव्य शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** जीतो यूथ जबलपुर चैप्टर द्वारा आयोजित जीतो क्रिकेट लीग 3.0 का शुभारंभ शनिवार को स्टेमफील्ड स्कूल ग्राउंड पर उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अनु' उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी दिया। इस अवसर पर सुबोध जैन (पूर्व जीतो एमपी-सीजी जोनल अध्यक्ष), संजीव चौधरी (एमपी-सीजी जोन कन्वीनर) एवं राहुल बड़कुल (अध्यक्ष, जीतो जबलपुर चैप्टर) की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आगे बढ़ा।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में विभिन्न समाज चाहे वह जैन, ब्राह्मण, सिंधी या अन्य समुदाय हों, अपने-अपने स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहे हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि सभी समुदाय एक मंच पर आकर संयुक्त खेल आयोजन करें। इससे सामाजिक समरसता का संदेश जबलपुर से निकलकर पूरे देश में पहुंचेगा। इस लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें ए टू जेड टाइटंस, समृद्धि स्मैशर्स, शादीशुदा टीम, गोलछा स्ट्राइकर्स, सनी टेक्सटाइल सुपर किंग, होम एस्थेटिक रॉयल्स, सात्विक सुपर जायंट्स और श्री विजय वारियर्स शामिल हैं। पहले दिन कुल 4 रोमांचक मुकाबले खेले गए। उद्घाटन मैच सात्विक सुपर जायंट्स और समृद्धि स्मैशर्स के बीच हुआ, जिसमें समृद्धि स्मैशर्स ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मुकाबला गोलछा स्ट्राइकर्स और शादीशुदा टीम के बीच खेला गया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कार्यशाला संपन्न





**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत जबलपुर ग्रामीण के बरगी विधानसभा के तिलवारा, बरगी एवं चरगंवा मंडल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

प्रशिक्षण में भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने भाजपा का इतिहास, बरगी विधायक नीरज सिंह ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी ने भाजपा की कार्य पद्धति विषय पर मार्गदर्शन दिया।

बरगी विधायक नीरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करके निरंतर आगे बढ़ता रहा है और यही कारण है कि आज देश एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है। जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ प्रबंधन के माध्यम से प्रत्येक बूथ तक अपनी विचारधारा, कार्य पद्धति से काम करती है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशीष पटेल सहित अन्य शामिल रहे।

## पुराने स्वरुप में दिखेगा माढ़ोताल तालाब और गौर नदी

### जल स्त्रोतों का संरक्षण करने निगम प्रशासन ने कसी कमर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् शहर में प्रथम चरण में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से गौर नदी और माढ़ोताल तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। शनिवार को माढ़ोताल तालाब के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया गया। इसके पूर्व गौर नदी का भी पुराना गौरव वापस लाने के लिए काम शुरु करा दिया गया था।



जल स्त्रोतों को पुराने स्वरुप में लौटाने के लिए शनिवार को माढ़ोताल तालाब की सफाई में मानव संसाधनों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मशीनरी संसाधनों को लगाकर कराया गया। अभियान में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', सांसद आशीष दुबे, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य ने श्रमदान किया और लोगों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। बता दें कि निगम प्रशासन लंबे अरसे से जल स्त्रोतों को सहेजने में जुटा है।

## चालू लाइन में कार्य करने वाले लाइन मेन का ऊर्जा मंत्री ने किया सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट -2026 में मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले सहित अनेक विद्यार्थियों एवं आगंतुकों ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा प्रस्तुत मॉडल की सराहना की।

ऊर्जा विभाग के स्टॉल पर प्रदर्शित हॉट सूट मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

एमपी ट्रांसको के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप गायकवाड ने इसकी कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाया।



इस अवसर पर मुख्यालय जबलपुर में पदस्थ एवं समिट मे एमपी ट्रांसको के हॉटलाइन प्रशिक्षित लाइन स्टाफ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने अनुभव साझा किए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने श्री कुशवाहा के उत्कृष्ट एवं जोखिमपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## पंचायत में फर्जी बिल का खेल, लाखों के गबन का आरोप

### मझौली जनपद पंचायत ग्राम वुहतरा का मामला





**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम वुहतरा में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। यहां के सरपंच अरविंद पटेल और सचिव अजीत रजक पर फर्जी बिलों के माध्यम से विकास कार्यो की राशि हड़पने के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत के अनुसार पांचवे वित्त आयोग की लगभग साढ़े तीन लाख रुपए की राशि का दुरुपयोग किया गया है। आरोप है कि यह रकम फर्जी बिल लगाकर निकाली गई और कागजों में विकास कार्य दर्शाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने 11 नवम्बर 2025 को जनसुनवाई में इस मामले की शिकायत की थी। इसके बाद कई बार कलेक्टर को आवेदन दिए गए,लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला,कार्रवाई नहीं हुई।

#### जांच के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

बताया जाता है कि करीब 3-4 महीने पहले जनपद पंचायत की टीम ने मामले की जांच भी की थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नही की गई है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

#### करीबी लोगों के नाम पर निकाली राशि

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरपंच ओर सचिव ने अपनी करीबी शारदा पटेल और विजय पटेल के नाम पर बिल लगाकर भुगतान निकाला। वर्ष 2023 से 2025 के बीच लगातार इन बिलों के आधार पर राशि निकाले जाने की बात सामने आई है,जो पंचायत दर्पण ऐप पर भी दर्ज है।

## एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी के लिए अब देना होगा ओटीपी

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश भर में रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने और लक्षित लाभार्थियों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोलियम कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब उपभोक्ताओं को अपने घर पर सिलेंडर प्राप्त करते समय 4 अंकों का वन टाइम पासवर्ड यानी ओटीपी साझा करना अनिवार्य होगा। इस नई व्यवस्था को डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के नाम से जाना जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गैस सिलेंडर सही व्यक्ति के पास ही पहुंच रहा है। जबलपुर में गैस कम्पनियों ने वितरकों के माध्यम से ये जानकारी साझा की है।



कोड को लेकर बरतनी होगी सावधानी

इस प्रक्रिया के तहत जब भी डिलीवरी बॉय उपभोक्ता के घर पर सिलेंडर लेकर पहुंचेगा, ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सिस्टम द्वारा स्वचालित रूप से एक कोड भेजा जाएगा। डिलीवरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए ग्राहक को यह कोड कर्मचारी को बताना होगा। जब तक कर्मचारी अपने उपकरण में इस ओटीपी को दर्ज नहीं करेगा, तब तक सिस्टम में डिलीवरी को पूर्ण नहीं माना जाएगा। यदि कोई उपभोक्ता बिना ओटीपी साझा किए सिलेंडर प्राप्त करने की कोशिश करता है, तो भविष्य में उसे नई बुकिंग करने में तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह स्पष्ट किया गया है कि यह ओटीपी केवल घर पर आए डिलीवरी प्रतिनिधि को ही प्रत्यक्ष रूप से देना है। फोन कॉल या मैसेज के माध्यम से किसी भी अनजान व्यक्ति को यह गुप्त कोड बताने से ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। सुचारू सेवा के लिए उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे अपनी संबंधित गैस एजेंसी के रिकॉर्ड में अपना वर्तमान मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखें ताकि बुकिंग और वितरण संबंधी सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकें।

### ट्रिपल आई टी में रक्तदान शिविर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आई टी डी एम) में जागृति छात्र संगठन द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में संस्थान के छात्रों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया और 87 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। यह शिविर संस्थान के निदेशक प्रो भरतेंदु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

## कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय बना उपविजेता

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 24वें अंतरमहाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम में जेएनकेविवि कॉलेज उपविजेता रहा। कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय ने बड़ी ही शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम 2 दिवसीय थे। जिसमें सामूहिक लोक गायन, देशभक्ति गीत, एकल गीत, ललित कला, साहित्यक कार्यक्रम, मूर्तिकला, एकल अभिनय तथा अगले सामूहिक अभिनय, लोक नृत्य, लघु नाटक, मूक अभिनय हुआ। समूह नाटक में रानी दुर्गावती के गौरवमयी इतिहास का मंचन हुआ। इस अभिनय को द्वितीय पुरुस्कार मिला। समूह नृत्य में वृंदावन के रास नृत्य को दिखाया गया। इस नृत्य को रजत पुरस्कार मिला। सबसे चर्चित लघु नाटक (स्किट) रहा।



जिसमें महिला सशक्तिकरण को उठाया गया। इस अभिनय को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं मूक अभिनय ने सभी को जल संरक्षण की शिक्षा दी। दूसरे स्थान पर मूक अभिनय रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा रहे। सांस्कृतिक टीम के प्रबंधक डॉ. रत्नेश नारायण श्रीवास्तव थे। इंजीनियर यज्ञेश नारायण श्रीवास्तव ने सारी व्यवस्थाएं देखी। टीम को ट्रेनिंग जबलपुर के जानेमाने रंगमंच के कलाकार देवेंदर और विनय शर्मा और उनकी टीम ने दी।

## गैस सिलेण्डर की जगह लकड़ियों से प्रसाद बनाने की तैयारी

### कन्याभोज और भंडारा के लिये तलाशा विकल्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध को लेकर इन दिनों लोगों में सबसे बड़ा तनाव गैस सिलेण्डर के संकट को लेकर बना हुआ है। जहां घरों में लोग सिलेण्डर लेने के लिए परेशान हैं तो वहीं नवरात्रि के दिनों में नवमीं और दशमी में होने वाले मंदिर व अन्य संस्थाओं द्वारा कन्याभोज और भंडारों को लेकर भी अभी से मंथन शुरु हो चुका है। शनिवार को नवरात्रि को तीन दिन भक्तिभाव में व्यतीत होने के बाद असल टेंशन मंदिर समितियों की शुरु हो चुकी है।

दरअसल नवरात्रि के नवमी को मां भगवती की विदाई के दौरान यज्ञ, हवन विसर्जन के बाद कन्याभोज और भंडारा कराने का बढ़ा प्रावधान सालों से चला आ रहा है। लेकिन इस बार गैस की किल्लत में मंदिर समितियों को चिंता में डाल दिया है। हालांकि अधिकांश मंदिर समितयों व भंडारों समितियों ने इसका विकल्प तलाश लिया है। उनका कहना है कि पूरी कोशिश है कि गैस सिलेण्डर की व्यवस्था करने की लेकिन यदि गैस नहीं मिलती है तो लकड़ियों का उपयोग किया जाएगा। सदर स्थित काली मंदिर में हर साल होने वाले भंडारे लिए आयोजक अन्ना नायडू ने बताया कि वैसे तो उनके यहां पर भंडारे की समाग्री कई सालों से लकड़ी से बनायी जाती है सिर्फ पुड़ी के लिए गैस चूल्हे का उपयोग किया जाता है, यदि गैस सिलेण्डर की व्यवस्था हो जाती है तो ठीक है नहीं तो फिर लकड़ी की ही व्यवस्था की जाएगी। बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के शरद अग्रवाल ने बताया कि हमारे यहां जवारे के दिन ही भंडारे का आयोजन होता है। इस सम्बंध में समिति के अन्य पदाधिकारियों से चर्चा करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



मनमोहन नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवमी के दिन भव्य अनुष्ठान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में साधकों के लिए भोजन की तैयार किया जाता है। लेकिन इस बार गैस की समस्या को लेकर मुख्य ट्रस्टी बीबी शर्मा का कहना है कि गैस की किल्लत के चलते लकड़ी से ही भोजन तैयार किया जाएगा। कालीधाम आमनपुर के मीडिया प्रभारी अनिल उसरेठे ने बताया कि मंदिर में नवमीं के दिन कन्या भोज होता है बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचते हैं। सालों की परम्परा टूटने नहीं देंगे जैसे भी व्यवस्था होगी उसे हम निभाएंगे। राईटटाउन खेरमाई मंदिर में भी लकड़ी के चूल्हा से ही भंडारा का प्रसाद बनाने की तैयारी चल रही है।

# इबादत और मोहब्बत का त्योहार ईद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई





**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में रमजान माह के समापन के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। पूरे महिने रोजा और इबादत के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आज सुबह शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर और उपनगरों की 100 से अधिक मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज अदा की गई। मुख्य मस्जिदों सहित सदर,रामपुर,गोरखपुर और गढ़ा क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की कतारें परिसर से बाहर तक नजर आई। शिया जामा मस्जिद,जीनाती,मस्जिद मदनमहल और गोहलपुर नूरानी मस्जिद में भी बड़ी संख्या में लोगो ने नमाज अदा की।

रानीताल ईदगाह में सुबह 10 बजे मुफ्ती-ए-आजम मौलाना डॉ मुशाहिद रजा कादरी ने तकरीर की। इसके बाद सुबह साढ़े 10 बजे नायब मुफ्ती-ए-आजम सूफी जिलाउल हक कादरी बुरहानी ने ईद की नामज अदा कराई। मक्की मस्जिद मुकाद्मगंज में सुबह 6.35 बजे नमाज अदा हुई,जबकि मस्जिद हुसेनिया,जामा मस्जिद मढ़ई,धुमन खां,छोटी ओमती,साबरी मस्जिद, मक्का नगर,और मस्जिद सुलेमानी में सुबह 9 बजे से साढ़े 9 बजे के बीच नमाज अदा की गई। इसके बाद दिनभर मुबारक बाद का सिलसिला चलता रहा जो देर रात जारी रहा।

## बाजार में भी रही रौनक

बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। देर रात तक बाजारों में रौनक रही, लोगों ने कपड़े, सेवइयां, मिठाई और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की।

बच्चों में ईदी को लेकर विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने पूरे दिन खुशियां मनाईं। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए और लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाई दी। ईद के मौके पर पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद रहा और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# आज होगी कुष्माण्डा देवी की आराधना


**जबलपुर, देशबन्धु।** आज मां कुष्मांडा देवी का होगा पूजन



चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना के साथ शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। सुबह से ही शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और भक्तों ने माता रानी की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ, पूजा-अर्चना और जयकारों से वातावरण धर्ममय बना रहा।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर

सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखकर गणगौर माता की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार गणगौर माता को श्रृंगार सामग्री अर्पित की तथा आठवाई बनाकर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह में एकत्रित होकर गणगौर के गीत गाए और पूजा की। पूजा के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे वातावरण में भक्ति और परंपरा का रंग दिखाई दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार गणगौर पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इस दिन महिलाएं अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की लंबी आयु के लिए व्रत



रखकर पूजा करती हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गणगौर पर्व को लेकर सुबह से ही धार्मिक और पारंपरिक माहौल बना रहा।

गणगौर पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित पर्व महिलाएं व्रत रखकर गणगौर माता की पूजा करती हैं आठवाई बनाकर पूजा करने की परंपरा सुहाग और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है तथा गणगौर के गीत गाने की परंपरा भी है।

# व्रत में लेस ऑइल और स्टीम बेस्ड डाइट प्लान बना फैट लॉस मैनेजमेंट



**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्र के दिनों में व्रत धारकों द्वारा नौ दिनों तक मां शक्ति की आराधना की जा रही है। इस बीच उन्हें सेहत की फिक्र भी है, इसलिए वे फलाहार में इनोवेशन भी कर रहे हैं। यह इनोवेशन जहां फलाहार के स्वाद को बढ़ा रहा है, वहीं बॉडी को फिट भी रखे हुए है। इन दिनों घरों में फलाहार व्यंजनों में इनोवेशन किए जा रहे हैं। इसके चलते लेस ऑइल कुकिंग और स्टीम बेस्ड फूड पर फोकस किया जा रहा है।

**बघर का डोसा और उत्तपम**- व्रत में बच्चों को हर डिश का खास इंतजार रहता है। शाम को डाइनिंग में जब सिंघाड़े के आटे का डोसा और बघर का पुलाव सजता है तो सभी की खुशी बढ़ जाती है। नवरात्र के दिनों में कई घरों में शाम के वक्त फलाहारी व्यंजनों का ही डिनर हो रहा है। ऐसे में बघर, डोसा और उत्तपम जैसी डिशेज भी व्रत के दौरान बनाई जा रही है।

**कैलोरी बर्निंग एवं एनर्जी**- महिलाओं का कहना है कि व्रत में साबूदाना और आलू का उपयोग अधिक होता है। यह सभी कैलोरी और फैट बढ़ाते हैं। रोजाना इन्हें खाने की बजाय इनमें इनोवेशन किया जा रहा है। ताकि इनकी मात्रा का कम उपयोग हो, लेकिन फलाहार में टेस्ट भी मिलता रहे। गटपट और साबूदाना चाट का मजानवरात्र को देखते हुए शहर में फूडीज को लेकर एक नया ट्रेंड भी नजर आ रहा है। इसके चलते जहां फलाहारी थाली कस्टमर्स को परोसी जा रही है, वहीं गटपट और साबूदाना चाट की वैरायटीज भी व्रत धारकों के लिए परोसी जा रही है।

**एक्सपेरिमेंट में ढ़ेरों वैरायटीज**- सिटी लेडीज का कहना है कि बच्चों को साबूदाना काफी पसंद होता है। इसलिए व्रत में इससे जुड़ी कई डिशेज बनाई जा रही है। साबूदाना पराठा भी ट्राई किया है। सीमा वर्मा कहती हैं कि व्रत पूरे होने में अभी समय है, इसलिए हर दिन कोई नई रेसेपी ट्राई की जा रही है।

# गीत-संगीत का चला दौर, गूंजे स्वर



**जबलपुर, देशबन्धु।** त्रिवेणी परिषद संस्था के तत्वावधान में सुमधुर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान कालिदास अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी की स्मृति में आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में त्रिवेणी परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हुई भक्ति संध्या कार्यक्रम में संस्था सदस्यों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। किसी ने सदाबहार गीत गाया तो किसी ने नवरात्र आधारित गीत गाया। इस मौके पवर परिषद संरक्षक डॉ. चंद्रा चतुर्वेदी, अध्यक्ष जान्हवी शुक्ला, डॉ. छाया राय, साधना उपाध्याय, शिल्पा ताम्हणे, मीना पटेल, सरला मोदी, बबीता शुक्ला, रेणुका तिवारी, मनीषा गौतम आदि मौजूद रहीं।

# इक बगल में चांद होगा, इक बगल में रोटियां



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर परिंदे म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में सदाबहार गीतों की कार्यक्रम आयोजित हुआ। थीम ऐ जिन्दगी गले लगा ले रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत गुरु प्रकाश वेरुलकर व रमेश पुरी गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में हुई। इस दौरान आर्जव जैन ने मैं हूं डॉन..., चल छइयां-छइयां..., हेमंत कोष्टा ने जान चली जाए, डॉ. देवेन्द्र कोष्टा ने नागन सा रूप है तेरा, पुष्कल शर्मा ने तुझे रब ने बनाया...श्रद्धा मिश्रा ने ऐ काश की हम होश में..., राकेश श्रीवास्तव ने इक बगल में चांद होगा..., डॉ. रेखा श्रीवास्तव ने तेरा साथ है कितना के गीत गाए। डुइट में ऐ जिंदगी गले लगा ले..., सुनयना इन नजारों...जैसे गीत गाए। दुर्गेश गर्ग, रुपाली शर्मा, संजय पाठक, चंद्रशेखर, मानस श्रीवास्तव, विकास शर्मा, सृष्टि पाठक ने भी गीत गाए। अध्यक्ष पुष्कल शर्मा, परमजीत सिंह चीनी, रंजीत रॉय, सचिव हेमंत कोष्टा का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 22 मार्च 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी, नक्षत्र-भरणी**

मेष - स्फूर्ति और ताजगीपूर्ण सुबह से दिन की शुरुआत करेंगे। घर में मित्रों और सगे-संबंधियों के आवागमन से खुशहाली का माहौल रहेगा। उनकी तरफ से मिले उपहारों से आपको खुशी होगी।

वृषभ - आज किसी भी प्रकार के निर्णय लेने से पहले सोच-विचारकर आगे बढ़ें। किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। खराब तबीयत के कारण आप उदास हो सकते हैं।

मिथुन - आपका आज का दिन विविध लाभों की प्राप्ति करानेवाला होगा। परिवार में पुत्रों और पत्नी की तरफ से लाभदायक समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मिलन- मुलाकात आपको आनंदित करेंगे।

कर्क - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति का योग है। परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा।

सिंह - स्वभाव में उग्रता और क्रोध रहने के कारण आपका मन कहीं नहीं लगेगा। वाद-विवाद में अपने अहं के कारण किसी की नाराज़गी झेलनी पड़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या - आज नए काम हाथ में लेना हितकर नहीं है। बाहर के खाद्यपदार्थों से तबीयत खराब होने की आशंका रहेगी। क्रोध को नियंत्रण में रखने के लिए मौन रहना सही साबित होगा।

तुला - आज का दिन प्रणय, रोमांस, मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर है। सार्वजनिक जीवन में आप सम्मान प्राप्त करेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। भागीदारों के साथ लाभ की बात होगी।

वृश्चिक - आज आप अनिश्चितता और सुखशांति के साथ घर में समय व्यतीत करेंगे। शारीरिक तथा मानसिक प्रसन्नता से काम करने में उत्साह रहेगा।

धनु - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको पेट संबंधी समस्या हो सकती है। संतान का स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई के संबंध में चिंता से मन व्यग्र रहेगा।

मकर - आपके तन-मन में सुस्ती और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में भय रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद से आपके मन में डर का भाव रहेगा।

कुंभ - आज चिंता मुक्त होने से आप राहत महसूस करेंगे। आपके उत्साह में भी वृद्धि होगी। बुजुर्गों और मित्रों से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं।

मीन - आर्थिक आयोजन करने के लिए आज शुभ दिन है। निर्धारित काम पूरे होंगे। आय बढ़ेगी। परिवार में सुख- शांति का वातावरण बना रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन प्राप्त होगा।

# साउथ इंडियन थीम हुए सेलिब्रेशन में खेली हाउजी और तंबोला



**जबलपुर, देशबन्धु।** साउथ स्पेशल सिल्क, कांजीवरम और कॉटन साड़ी पहनकर महिलाओं ने थीम एक्टिविटी में हिस्सा लिया। बालों में गजरा और गोल्ड ज्वेलरी ने लुक कम्पलीट किया। शुक्रवार को अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद् जैन पारस समिति के तत्वावधान में साउथ इंडियन थीम पर सेलिब्रेशन हुआ। आयोजन में महिलाओं ने साउथ इंडियन थीम पर लुक कैरी किया। कार्यक्रम में तिलक लगाकर सभी का वेलकम किया गया, इसके साथ ही नारियल ड्रिंक ने सभी की एनर्जी बढ़ाई। **हाउजी और गेम्स रहे खास**-आयोजन में साउथ इंडियन थीम पर हाउजी और गेम्स खेले गए। इस दौरान कुछ महिला प्रतिभागी साउथ पुरुषों के गेटअप में दिखाई दी। उन्होंने लुंगी डांस गीत पर डांस भी किया। हाउजी गेम में विनीता, सुनीता, सीमा विनर रहीं। संयोजक डॉली, नम्रता, मनीषा, पूजा, छाया, अर्चना, रचना, जूली, संगीता, जयश्री रहीं। आयोजन में अध्यक्ष विभा, सचिव रीना, कोषाध्यक्ष दीप्ति, निशा का सहयोग रहा।

# श्रीराम नवमी के पूर्व नारी शक्ति नारायणी शक्ति निकालेगी स्कूटर रैली



27 मार्च को श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में निकाली जा रही परंपरागत श्री राम जी की शोभा यात्रा के पूर्व इस वर्ष 24 मार्च को सभी सनातनी बहनों मातृ शक्ति की श्री नरसिंह मंदिर से एक विशाल स्कूटर वाहन रैली निकाली जाएगी।

आज नृसिंह मन्दिर में श्री सनातन धर्म महासभा महिला मंडल तथा सभी मंदिरों की महिला मंडल की बैठक श्रीमद् जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में और श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी गुलशन मखीजा लक्की भाटिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में महिला मंडल की संयोजक नीता चावला, गीता पाण्डे, डॉ वाणी अहलुवालिया,पार्षद राजनी साहू, नीता नारंग, सोनल सेठी, नम्रता भाटिया, नंदिता महाजन, मीनाक्षी दत्त, कुसुम चौबे , मीरा दुबे ने बताया समस्त समाजों की बहने पीत वस्त्र धारण कर अपने अपने वाहनों पर श्रीराम जी का जयघोष करते हुए चलेंगी।

# राधा-कृष्ण की वेशभूषा में महिलाओं ने किया डांस, गेट टू गेदर में खेले गेम्स

जबलपुर, देशबन्धु। रेनबो विंग्स लेडीज क्लब के तत्वावधान में पारम्परिक नृत्य उत्सव मनाया गया। आयोजन में जहां विभिन्न नृत्य खास रहे, वहीं नृत्य नाटिका ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। नृत्य नाटिका आशा तिवारी, मोनालिसा जाट ने प्रस्तुत किया। आयोजन में अनुभव की पाठशाला ग्रुप से 55 प्लस से अधिक क्लब मेंबर्स ने भी बेमिसाल प्रस्तुतियां दी। इस दौरान इवेंट क्वीन और रनरअप के कॉम्पीटिशन हुए, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में फर्स्ट भावना यादव, द्वितीय बीना सिंह, तृतीय स्थान सौम्या पांडे रहीं। अनुभव की पाठशाला से कविता शर्मा, सविता तिवारी ने बाजी मारी।



**कविता पाठ और गायन**- आयोजन में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक कविता पाठ किया। किसी से सामाजिक सरोकार पर कविताएं सुनाईं, तो किसी ने त्योहार का उत्साह विषय पर कविताएं सुनाईं। करुणा, निधि, समीक्षा, श्वेता, पूनम पाण्डे, प्रीति, लवली, रिचा ने कविता पाठ किया। रजनी तिवारी, प्रीति गर्ग के गीत गाए। राधा कृष्ण की प्रस्तुति में श्रीकृष्ण रूप में राखी गुप्ता, किंजल शाह और राधा की भूमिका में दीपाली शाह, विनीता जैन ने किरदार निभाया। आयोजन में बिंदू पांडे, रश्मि तिवारी, नेहा रजक, रत्ना राजपूत, रजनी तिवारी, गीता राठौर, ममता श्रीवास्तव, मनीषा अग्रवाल, पूजा का सहयोग रहा।

# पानी की शुद्धता स्वस्थ्य शरीर का आधार

**जबलपुर, देशबन्धु।** कदम सांस्कृतिक कला केन्द्र के तत्वावधान में ग्रामीण समूह में जल संबंधित जागरुकता और योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मझौली में किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि तहसीलदार डॉ. ललित ग्वालवंशी थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेज बहादुर सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश ठाकुर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक गायकवाड़, महिला बाल विकास विभाग शैलेश सिंह, थाना प्रभारी एसएन कुशवाहा, संध्या सिंह थे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को चार बार फिल्टर किया हुआ शुद्ध पीने का पानी देने की योजना से जोड़ा गया।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री अनिल कुमार सेठ**- नेपियर टाउन निवासी श्री अनिल कुमार सेठ (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश जाट**- कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री राजेश जाट (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती ओटवानी**- मलिक कम्पाउंड सदर निवासी श्री निर्मल कुमार ओटवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती ओटवानी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर चौधरी**- तीन कुआं बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रवि शंकर चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीचंद गोपालानी**- नेपियर टाउन भंवरताल गार्डन के सामने निवासी श्रीचंद गोपलानी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बंशकार**- आचार्य विनोबा भावे वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री संदीप बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बंशकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल सोनकर**- गोरखपुर कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री श्याम लाल सोनकर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई चौधरी**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री कमल किशोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री काकेश सेठना**- वैभव अपार्टमेंट राइट टाउन निवासी श्री काकेश सेठना (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकुमारी अग्रवाल**- गोपालबाग उपरैनगंज निवासी श्री संतोष अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकुमारी अग्रवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण सिंह पटेल**- रामनगर गढ़ाफाटक निवासी श्री नारायण सिंह पटेल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र चौधरी**- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री नरेंद्र चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती देवी पारवानी**- भरतीपुर मेन रोड झूलेलाल मंदिर के पास निवासी श्री मोतीराम पारवानी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती देवी पारवानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# रिटायर कर्मी के सूने घर से जेवर पार करने वाले पकड़ाए

## बरेला पुलिस की कार्रवाई, पौने पांच लाख का माल बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला की गौर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत पड़रिया ड्रीम सिटी के सूने घर से जेवर और कीमती सामग्री चुराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने धर-दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराया हुआ माल बरामद कर लिया है, जिसकी कीमत चार लाख 75 हजार रुपये है। पकड़े गए आरोपियों में एक विधि विवादित बालक भी शामिल है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पड़रिया ड्रीम सिटी निवासी 63 वर्षीय रविकांत चावरिया बीएसएनएल से रिटायर्ड हैं। 24 अगस्त 2025 की रात्रि करीब 18 बजे वह अपने उक्त घर में ताला लगाकर सपरिवार सदर वाले घर आ गये थे। उसके दूसरे दिन उनका छोटा बेटा देवांश और बहू आस्था ड्रीम सिटी वाले घर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। जानकारी लगने पर उन्होंने जाकर देखा कि सोने-चांदी के पुराने जेवर एवं नगदी 30 हजार रुपए एवं सोनी कंपनी का कैमरा नहीं था, जिसे कोई चोर घर के ताला तोड़कर चोरी करके ले गया है। जांच दौरान पुलिस ने फिंगरप्रिंट रिपोर्ट के आधार पर चिन्हित करते हुए एक 17 वर्ष 4 माह के किशोर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसने अपने दोस्त मोहित कोरी उर्फ अनुज कोरी उम्र 19 वर्ष निवासी कोणार्क टाउनशिप तिलहरी थाना गोराबजार के साथ में मिलकर ड्रीम सिटी पड़रिया स्थित घर में चोरी करना स्वीकार किया। चुराए हुए लैंस व कैमरा स्वयं रख लेना तथा जेवर मोहित कोरी द्वारा अपने पास रख लेना बताया। पुलिस ने मोहित कोरी उर्फ अनुज कोरी पिता आदेश कोरी उम्र 19 वर्ष निवासी कोणार्क टाउनशिप तिलहरी थाना गोराबजार को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराया हुआ सोनी कंपनी का कैमरा एवं तीन लैंस तथा आरोपी मोहित कोरी उर्फ अनुज कोरी के कब्जे से सोने का 1 मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाली, एक अंगूठी तथा चांदी की एक जोड़ी पायल कुल कीमती 04 लाख 75 हजार रुपए के जब्त किया है।

# रुपयों की मांग कर पति पर चाकू से किया हमला, पत्नी के पेट में मारी लात

## गढ़ा गंगासागर के एकता चौक में वारदात, मंगलसूत्र और मोबाइल भी गायब

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थानांतर्गत गंगासागर एकता चौक में घर के पास शराब पी रहे एक युवक से दो बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। पति की चीख-पुकार सुन बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी पर भी आरोपियों ने लात-घूसों की बरसात कर दी और मौके से भाग निकले। इस दौरान पीड़ित दंपत्ति का मोबाइल और मंगलसूत्र भी गुम हो गया।

पुलिस ने बताया कि सौरभ सिंह विनोदिया उम्र 26 वर्ष निवासी एकता चौक गंगासागर गढ़ा बीती रात लगभग 9:30 बजे अपने घर के सामने कुलिया में शराब पी रहा था। उसी समय वहां पर शाहिद खान एवं बिट्टू खान पहुंचे और उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगे। सौरभ ने रुपए देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी बिट्टू ने उसे पकड़ लिया एवं शाहिद खान ने चाकू से हमला कर दोनों जांघ एवं सिर, छाती में चोटें पहुंचा दी। सौरभ की पत्नी वैशाली विनोदिया बीच-बचाव करने पहुंची तो शाहिद ने उसके पेट में लात मारकर उसे गिरा दिया। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट के दौरान ही पीड़ित का मोबाइल व उसकी पत्नी का मंगलसूत्र कहीं गुम हो गया। पीड़ित दंपत्ति की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक सरवटे के खिलाफ चालान पेश

## पूर्व आदेश पर पीएमएलए कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए सरवटे

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उपनिदेशक जगदीश प्रसाद सरवटे के विरुद्ध अपराध से आय अर्जित करने के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत विशेष न्यायालय पीएमएलए जबलपुर के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने चालान पेश किया है। ईडी ने सरवटे के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की थी। न्यायालय के पूर्व आदेश पर जगदीश सरवटे हाजिर हुए। कोर्ट ने अभियोजन शिकायत और अन्य दस्तावेज की प्रति उन्हें देने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, ईडी ने आर्थिक अपराध विंग जबलपुर द्वारा भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। सरवटे पर आरोप है कि उन्होंने एक लोकसेवक के रूप में कार्य करते हुए 1 जनवरी 2015 से 20 जून 2025 की अवधि के दौरान अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों के अनुपात से अधिक संपत्ति अर्जित की। जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी ने भ्रष्ट तरीकों से अपराध से अर्जित आय उत्पन्न की थी और बाद में अवैध नगदी को बैंकिंग प्रणाली में डालकर भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनी जिलों में स्थित कई अचल संपत्तियों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को खरीदने में निवेश किया। ईडी ने कुल 11.81 करोड़ रुपए की अपराध से अर्जित आय की पहचान की है, जो उन संपत्तियों का मूल्य दर्शाती है, जिनमें अवैध धन का निवेश किया गया था। फरवरी 2026 में समतुल्य मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया गया था। ईडी ने जांच में यह स्थापित किया है कि जगदीश प्रसाद सरवटे ने जान-बूझकर अपराध से अर्जित आय को अर्जित किया, जिसे अपने कब्जे में रखा, छिपाया और उसका उपयोग किया तथा उसे बेदाग संपत्ति के रूप में प्रदर्शित किया।

# गैस की किल्लत के बीच रिफिलिंग करते हुए आरोपी पकड़ाया

## बरेला पुलिस की कार्रवाई, सिलेंडर सहित सामग्री जब्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** गैस की किल्लत के बीच भी घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में रिफिलिंग का खेल बदस्तूर जारी है। ऐसा ही एक मामला बरेला क्षेत्र में सामने आया है, जहां पुलिस ने जैन मंदिर के पास से एक आरोपी को गैस रिफिलिंग करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से इंडेन कंपनी का गैस सिलेंडर व अन्य सामग्री जब्त करते हुए उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की।

बरेला थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जैन मंदिर के पास दबिश दी गई, जहां एक व्यक्ति अवैध रूप से इंडेन कम्पनी का घरेलू गैस सिलेंडर, एक रिफिलिंग मोटर मशीन जिसमें काले रंग का पाइप, रेग्युलेटर एवं इलेक्ट्रॉनिक वायर लगे तथा एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू रखे मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कृष्ण कुमार सोनकर उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया भोई बताते हुए वाहनों में गैस रिफिलिंग हेतु उपरोक्त सामग्री रखना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उक्त सामग्री को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार सोनकर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 289 तथा ईसी एक्ट की धारा 7 के तहत कार्यवाही की है।

# रुपयों की मांग कर बिल्डर पर चाकू से किया हमला

## अधारताल सुशीला परिसर में वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल स्थित सुशीला परिसर गेट के पास तीन बदमाशों ने बिल्डर संदीप गुप्ता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में संदीप के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।



वारदात उस वक्त हुई, जब वे साइट से लौटकर अपने घर जा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि न्यू रामनगर आस्था परिसर निवासी 50 वर्षीय संदीप गुप्ता बिल्डर है, जिनका काम सुशीला परिसर में चल रहा है। बीती शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपनी टू-व्हीलर गाड़ी से साइट से वापस अपने घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे सुशीला परिसर गेट के पास पहुंचे, उसी समय तीन अज्ञात लड़के पहुंचे और उनसे रुपयों की मांग करने लगे। उन्होंने रुपए देने से मना किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकालकर उनके दोनों पैरों की जांघों में चोट पहुंचा दी। पीड़ित ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया है कि इससे पूर्व भी उनके मोबाइल पर फोन कर रुपयों की मांग की गई थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े 15 जुआरी, 5425 रुपए की नगदी जब्त

## गोहलपुर पुलिस ने तीन जुआ फड़ों पर मारा छापा

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर पुलिस ने तीन जुआ फड़ों पर दबिश देकर पंद्रह जुआरियों को इक्का-बली पर दांव लगाते हुए दबोचा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने ताश के 52 पत्ते व 5 हजार 425 रुपए की नगदी जब्त की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गाजी मियां मैदान पर दबिश दी गई, जहां बिजली के खम्भों के नीचे दो जुआ फड़ आबाद थे। पुलिस ने दोनों फड़ों से मुमताज अंसारी निवासी रद्दी चौकी गोहलपुर, सरफराज अहमद निवासी अंसार नगर चौपड़ा, आजाद उर्फ बबलू निवासी गाजीनगर, मो. आबिद निवासी नगीना मस्जिद के पास, गुलशेर अहमद निवासी नूर मदीना मस्जिद के पास गोहलपुर व सलीम अंसारी निवासी अहमद नगर, अब्दुल रहीश निवासी गाजीमिया मैदान के पास, मो. शाहिद निवासी गाजी मियां तैयब मस्जिद के पास, साकिर अंसारी निवासी गाजीनगर, मो. अनवार निवासी नई बस्ती, शहजाद अंसारी निवासी अहमद नगर को हिरासत में लिया। जुआरियों के पास से पुलिस ने 4 हजार 605 रुपए की नगदी व ताश के 52 पत्ते जब्त किए।

इसी प्रकार तीसरी कार्रवाई नर्मदा नगर बस्ती में की गई। जहां एक निर्माणाधीन मकान के सामने बिजली खम्भे के नीचे से रमाशंकर यादव निवासी नर्मदानगर गोहलपुर, सिराज अंसारी, नागेन्द्र गुप्ता, त्रिलोक चंद कुशवाहा तीनों निवासी बस्ती नं. 1, गोहलपुर को ताश पत्तों पर दांव लगाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते व 820 रुपए की नगदी जब्त की। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# दोपहिया वाहन चालक को 407 के चालक ने मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत दोपहिया वाहन चालक को 407 के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में दोपहिया वाहन चालक को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी 407 के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

पाटना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष कुमार उम्र 54 वर्ष अपने दो पहिया वाहन से ग्राम खमदेही चना एवं गेहूं पिसाई कराने जा रहा था। सुबह लगभग 11 बजे सहसन पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी पाटन की ओर से आ रही 407 क्रमांक यूपी 15 ईटी 1397 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते उनके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिसके कारण वे सड़क पर गिर गया और उसके हाथ पैरों में चोटें आ गईं।

को उपचार के लिए पाटन अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे आशीष अस्पताल जबलपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक छोटेलाल गौड़ उम्र 23 वर्ष निवासी कुलुआ कटंगी को अभिरक्षा में लेते हुए बीएनएस की



धारा 281, 125 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# परिवार के साथ ईद मनाने गए युवक के घर बोला धावा

## खितौला की घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** ईद मनाने पैतृक निवास पहुंचे युवक ने घर में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग कैमरे में देखी तो बाहर खड़ी स्कूटी गायब थी। युवक ने स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोर के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

खिलौता थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 9 मुण्डी टोरिया निवासी मोहम्मद इरफान खान उम्र 39 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह मोबाइल एवं कपड़े का व्यापार करता है। ईद का त्योहार होने के कारण वह गत रात परिवार सहित पैतृक निवास गोसलपुर चला गया था। शनिवार की सुबह उसने मोबाइल पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी तो घर के बाहर खड़ी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडडब्ल्यू 7193 गायब थी। उसने आकर देखा तो घर का सामान बिखरा एवं आलमारी का लॉकर टूटा था, जिसमें स्टील के डिब्बे में रखे नगद 5 लाख 50 हजार रुपए, सोने का 1 हार वजनी डेढ़ तोला, झुमकी 1 तोला, 1 अंगूठी चांदी की 2 कटोरी, 2 जोड़ी पायल और नगदी रुपए गायब थे, जिन्हें कोई चोर सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 331(4), 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# हाईकोर्ट से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा को झटका

## चुनाव याचिका खारिज करने दायर आवेदन निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** चुनाव याचिका खारिज किए जाने की मांग करते हुए दायर किए गए कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के आवेदन को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका में लगाए गए आरोपों की ट्रायल के दौरान तथ्यों व साक्ष्यों पर परखा जाना आवश्यक है।

सेमरिया विधानसभा सीट से साल 2023 में पराजित हुए भाजपा प्रत्याशी केपी त्रिपाठी की तरफ से दायर चुनाव याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया था कि निर्वाचित कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने अपने नामांकन के साथ पेश किए गए हलफनामे में गलत जानकारी दी है। उन्होंने अपने हलफनामे में आपराधिक व आर्थिक जानकारी छिपाई है, जिसके कारण उनका चुनाव शून्य घोषित किया जाना चाहिए। अनावेदक विधायक की तरफ से याचिका का आधारहीन बताते हुए उसे निरस्त किए जाने आवेदन पेश किया गया था।

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता का आरोप है कि अनावेदक विधायक ने हलफनामे में आपराधिक प्रकरण को निरंक बताया है। अपराध की जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए सूचना के अधिकार के तहत अनावेदक विधायक के खिलाफ दर्ज अपराध के जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अलावा अनावेदक पर आरोप है कि उन्होने बैंक से लिए गए लोन की जानकारी अपने हलफनामे में छिपाई है। इस संबंध में याचिका की तरफ से बैंक स्टेटमेंट की कॉपी में अनावेदक अभय मिश्रा का नाम बॉरोअर के तौर पर दिखाया गया है। इसके अलावा अनावेदक विधायक ने आय के स्त्रोत पेंशन तथा सैलरी प्राप्त होने वाले बताया है। सैलरी किस प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों से प्राप्त हो रही है, इसकी डिटेल्स नहीं दी है।

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अनावेदक विधायक का तर्क है कि चुनाव के दौरान पेश किए गए हलफनामे से पूर्व वह सभी आपराधिक प्रकरण में दोषमुक्त हो गए थे। इसके अलावा बैक लोन मेसर्स अभय मिश्रा कॉन्ट्रैक्टर ने नाम पर लिया गया था। उन्होंने फर्म पार्टनर के पद से साल 2008 में रिटायर हो गए थे। पेंशन व सैलरी प्राप्त होने वाले प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के डायरेक्टर पद से उन्होने इस्तीफा दे दिया है और कंपनी एक्ट के प्रावधान के तहत मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स को इसकी जानकारी दे दी गई थी। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि चुनाव याचिका में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो विजयी उम्मीदवार का चुनाव निरस्त किया जा




सकता है। ट्रायल के दौरान साक्ष्यों व तथ्यों का परीक्षण किए बिना उसे खारिज नहीं किया जा सकता है। उक्त चुनाव याचिका जनवरी 2024 में दायर की गई है। अभी तक अनावेदक की तरफ से लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। एकलपीठ ने अनावेदक विधायक को चार सप्ताह में जवाब पेश कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## कटनी कोषालय में हुई वित्तीय अनियमितताओं पर कोर्ट सख्त

### जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश, वर्ना डीटीओ होंगे हाजिर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिला कोषालय में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र एवं सार्वजनिक धन के गबन के आरोपों की उचित जांच नहीं करने के मामले को सख्ती से लिया है। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने पिछली सुनवाई के दिए आदेश के तहत विधिवत जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि ऐसा न होने की स्थिति पर अगली सुनवाई दौरान जिला कोषालय अधिकारी (डीटीओ) को उपस्थित होना होगा। मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

यह मामला डिंडोरी निवासी चंद्र नारायण ठाकुर की ओर से दायर किया गया है, जिनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडेय, कौशलेश पांडेय, सिद्धार्थ एस. पांडेय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कटनी में योजना एवं सांख्यकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों शिवम पटेल, मनोश सिंह, शीला पाल सहित अन्य ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। दलील दी गई कि जांच रिपोर्ट में जिला कोषालय में पदस्थ राधा पुरबिया, शिवम पटेल, मनीष सिंह एवं शीला पाल के खिलाफ गबन का आरोप पाया गया। इसके बावजूद उक्त आरोपियों को छोड़ दिया गया और अन्य तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चालान पेश कर दिया गया, जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिए।

## एलएलएम छात्र को हाईकोर्ट से राहत

### तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल करने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एलएलएम के एक छात्र को राहत प्रदान की है। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने आवेदक छात्र को एटीकेटी के साथ तीसरे सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। यह मामला जबलपुर निवासी एस. अकील की तरफ से दायर किया गया था, जिनकी ओर से अधिवक्ता अमित रायजादा व राजेन्द्र कुशवाहा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध एनईएस महाविद्यालय से एलएलएम की पढ़ाई कर रहा है। उसकी प्रथम सेमेस्टर में एटीकेटी आई थी। प्रबंधन का कहना था कि एटीकेटी उत्तीर्ण किए बिना उसे तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने उक्त राहतकारी आदेश दिया।

## दूधी नदी से हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

### पीएस माइनिंग व नरसिंहपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने नरसिंहपुर के गाडरवारा स्थित दूधी नदी के कसेला घाट में बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन का आरोप लगाने वाले मामले को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने प्रमुख सचिव माइनिंग, कलेक्टर नरसिंहपुर, माइनिंग अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को अवैध खनन रोकने के निर्देश दिए हैं। यह मामला नरसिंहपुर निवासी कमलेश चौधरी की ओर से दायर किया गया है, जिनकी ओर से अधिवक्ता बृजेंद्र स्वरूप साहू ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि उक्त क्षेत्र में बिना किसी वैध अनुमति या खनन लीज के भारी मशीनों पोकलेन, जेसीबी, ट्रैक्टर एवं ट्रकों का उपयोग कर खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही है, नदी तटों का कटाव बढ़ रहा है तथा पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों द्वारा 30 दिसंबर 2025 को जनसुनवाई में जिला कलेक्टर, नरसिंहपुर के समक्ष विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर याचिका दायर की गई। सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश के साथ अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# दुर्घटना में घायल क्लीनर की मौत

## बरगी हुल्की में हुआ हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थानांतर्गत हुल्की में सड़क दुर्घटना में घायल क्लीनर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया।



बरगी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज सें सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को सदानंद केन्बी उम्र 31 वर्ष निवासी कमाधनाहली थाना चिकवल्लापुरम कर्नाटक ने बताया कि वह ड्राइवरी करता है। उसके साथ केएन चेन्ना केशवा उम्र 24 वर्ष निवासी काथनेहल्ले थाना सोमनेहल्ली जिला चिकवल्लपुरम कर्नाटक क्लीनर का काम करता था। कल सुबह 4:30 बजे हुल्की बरगी के पास एक्टीडेंट होने से केएन चेन्ना को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था, जिसकी सुबह 7:30 बजे मृत्यु हो गई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# नमाज अदा कर मांगी खुशहाली, गले मिल दी ईद की बधाई



**बरेला, देशबन्धु।** नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। अहले सुन्नत जामा मस्जिद, बरेला में बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर मौलाना अरमान रजा ने नमाज अदा कराई और देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

नमाज के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम और सौहार्द्र का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया, जिससे पूरे नगर में त्योहार की रौनक बनी रही। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें जामा मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद, जहीर अहमद खान, अरविंद तिवारी, रामजी रैकवार, पार्षद दीपक सोनकर, पार्षद भूपेंद्र यादव, विजय जैन, नरेश पटेल, आईपीएस ठाकुर साहब, शेख सलीम, शेख मुन्ना सद्दाम, शेख सत्तार गफ्फार, शाहिद टोले खान, शाकिर खान, शेख अब्बास, बाबू सलाम, बाबू कलाम, शेख नवाब, सलीम ठेकेदार, शेख लालू, शेख वाहिद, निसार खान, ट्विंकल खान, शेख मल्लू, शेख सुलेमान, शेख शानू, मुस्ताक खान, पप्पू खान, मोहसिन खान, जाहिद खन, सिकंदर खान, फारुख खान, सोनू खान, टिन्नी शाह, साबू शाह, शेख कलीम, शेख नईम सहित अनेक लोग शामिल रहे। नगर में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## रमजान शरीफ के आखिरी जुमा पर अफ़्तार-ए-आम के हुए आयोजन

### निकाय अध्यक्ष सहित पार्षद ने मुस्लिम भाइयों को दी ईद की बधाई

**पाटन, देशबन्धु।** रमजान शरीफ के आखिरी जुमा (अलविदा जुमा) के अवसर पर नगर की मस्जिदों और नमाजगाहों में दोपहर के वक्त जुमा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर नगर एवं ग्रामीण इलाकों के हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में इबादत के लिए जुटे। मस्जिदों में रमजान शरीफ का खुतबा पढ़ा गया तथा अलविदा जुमे की खास दुआएं की गई। रमजान मुबारक के 29वें रोजे, जुमेरात पर नगर की दरगाह में विशाल अफ़्तार-ए-आम का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम समुदाय एवं सर्वधर्म के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र त्योहार ईद शनिवार को बड़ी शालीनता के साथ नगर में मनाया गया। इस दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में खुशहाली अमन और शांति की दुआएं मांगीं। इस मौके पर हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह और मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम बंधुओं से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारे का पैगाम दिया। पार्षद शेख अमजद ने बताया कि रमजान का पूरा महीना त्याग और तपस्या का प्रतीक है। ईद आपसी भाईचारे का पवित्र पर्व है। हमारा देश विभिन्नताओं में एकता का देश है। हम सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग एक साथ मिलजुल कर सभी त्यौहार मनाते हैं, ताकि हमारी एकजुटता और आपसी भाईचारा बना रहे। शेख अमजद ने पवित्र पर्व रमजान और ईद के मौके पर प्रशासन के द्वारा कि गई व्यवस्था पर शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।



# तेज हवा-अंधड़, बारिश से खेतों में बिछ गई फसल

## किसानों ने की मुआवजे की मांग

**बरेला, देशबन्धु।** इस बेमौसमी बारिश से किसान परेशान हो गया है। साल भर की मेहनत चंद मिनटों में बर्बाद हो गई। इस बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसान जहां फसल काटने की तैयारी कर रहा था।

चना, सरसों, और गेहूं की कटाई, गहाई के समय रात को पानी ने मेहनत पर पानी फेर दिया। यदि अब और पानी नहीं गिरता तब भी फसल की चमक और गुणवत्ता पर फर्क जरूर पड़ेगा। जहां ज्यादा पानी गिर गया है वहां फसल सड़ने की सम्भावना भी है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से भी नुकसान पहुंचा है। भारतीय किसान यूनियन सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी और जिला अध्यक्ष अरविंद तिवारी सहित भारत कृषक समाज के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पटेल, अनंतराम पटेल, सुनील पाठक, बसंत तिवारी, दादूराम यादव, जगदेव सिंह, पूर्व सरपंच अमित शुक्ला, मनीष परस्ते, प्रकाश पाठक, पिंटू विश्वकर्मा, गोपाल झारिया, अजय गर्ग, सुनील पटेल, कपिल चौकसे, मिथिलेश पाठक आदि ने सरकार और कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाए तथा खरीदी केंद्र को फसल हर हाल में खरीदने के निर्देश जारी किए जाएं। जिन किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ हो, वे तहसील कार्यालय को सूचित करें।

## सार-समाचार



### मध्यप्रदेश ध्यान महायज्ञ द्वितीय दिवस बड़ी संख्या में साधकों ने की सहभागिता

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में आयोजित तीन दिवसीय मध्यप्रदेश ध्यान महायज्ञ के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। दिनभर चले सत्रों में बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की और ध्यान, आत्मचिंतन तथा आध्यात्मिक ज्ञान के विभिन्न आयामों का अनुभव किया।

प्रात:कालीन सत्र में आयोजित एस्ट्रल हीलिंग एवं सर्जरी ध्यान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें 700 से अधिक साधकों ने भाग लिया। इस सत्र में संचालन ध्यान रत्न पीवी रामराजू एवं सीनियर मास्टर शम्पा मुखर्जी ने किया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को गहन शांति और आंतरिक ऊर्जा का अनुभव कराया, तत्पश्चात सोल प्लान एवं एगो प्लान विषय पर छत्तीसगढ़ भिलाई से आई सीनियर मास्टर सुवर्णा सुवि ने अपने विचार रखे। पीवी रामराजू ने पत्री जी के कॉन्सेप्ट्स एवं पुस्तक अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। तेलंगाना से सीनियर मास्टर रागिनी सेल्वराज ने 'पैरेंटिंग रिडिफाइंड' तथा 'हू आई एम' जैसे विषयों पर गहन विचार रखे। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को जीवन के उद्देश्य, आत्म-जागरुकता और सही निर्णय लेने की दिशा में नई दृष्टि प्रदान की। फिर मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में ध्यान के प्रोजेक्ट्स एवं प्रचार की जानकारी साझा की गई। भोजनावकाश के बाद एचसी जैन ने 'हू ई एम' विषय पर अपने विचार रखे। आनापानसति ध्यान सत्र में साधकों ने श्वास के माध्यम से ध्यान की गहराई का अनुभव किया, वहीं 'डेथ' विषय पर हुए सत्र में शम्पा मुखर्जी ने जीवन और मृत्यु के रहस्यों को सरल एवं सहज रूप में समझाया। संध्याकालीन सत्र में 'पॉवर ऑफ टॉथ्स : फोर टाइप्स ऑफ टॉथ्स' विषय पर दिल्ली से पीएमसी हिंदी की डायरेक्टर अमूल्य शास्त्री ने अपने विचार साझा करते हुए मन के विभिन्न प्रकार के विचारों की शक्ति को समझाया गया। साथ ही पीएमसी के प्रोजेक्ट्स के माध्यम से संगठन की विभिन्न गतिविधियों और सामाजिक योगदान की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने पूरे दिन के आध्यात्मिक वातावरण को और भी ऊर्जावान बना दिया। द्वितीय दिवस में 700 से अधिक प्रतिभागियों को ध्यान के माध्यम से आत्मविकास, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवन दृष्टि की ओर प्रेरित किया।

### अधिवक्ता फोरम की आवश्यक बैठक आज

**पनागर, देशबन्धु।** अधिवक्ता फोरम पनागर द्वारा समस्त अधिवक्ता साथियों को सूचित किया गया है कि आज तहसील कार्यालय स्थित अधिवक्ता भवन में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है।

यह बैठक सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। फोरम के अध्यक्ष सुरेंद्र सेन एवं सचिव केके कुशवाहा ने सभी अधिवक्ता साथियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किए जाने की संभावना है, इसलिए सभी की उपस्थिति आवश्यक बताई गई है।

### युवक कांग्रेस का गैस को लेकर प्रदर्शन आज

**पनागर, देशबन्धु।** युवक कांग्रेस द्वारा देश में बढ़ती हुई महंगाई, गैस की किल्लत और डीजल, पेट्रोल के दामों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार की नकामी को लेकर पनागर बस स्टैंड में युवक कांग्रेस के द्वारा मिट्टी के चूल्हे में चाय एवं पकोड़े तलकर प्रदर्शन किया जाएगा।

आज 5.30 बजे शाम को आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम में युवक कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव (राजा), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल, राधेश्याम चौबे, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस संजय श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विमल जैन, प्रदीप पटेल, भीम अध्यक्ष नगर पालिका अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष, प्रमोद पटेल, पार्षद महेंद्र पटेल, आकाश प्रजापति, सुनील कुशवाहा, नगर अध्यक्ष पार्षद तुलसीराम कुशवाहा आदि उपस्थित रहेंगे।

# बंजारी माता की महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## पौ फटने के पूर्व ही नंगे पांव पहुंच रहे भक्त नवरात्र में लग रही भक्तों की भारी भीड़

**गोसलपुर, देशबन्धु।** नवरात्र के धार्मिक नौ दिवस की पावन बेला पर मातारानी की भक्ति, पूजा-अर्चना के साथ होती है। इस कड़ी में मातारानी के सांचे दरबार में बंजारी माता मंदिर में मातारानी को सुंदर आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। भक्तों की आस्था व विश्वास का केंद्र मां बंजारी मां नवदुर्गा के नवविविध स्वरूपों में से एक है। क्षेत्र में शक्तिपीठ के रूप में स्थापित उक्तम मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर मां के दर्शनार्थ व पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।

**महाआरती में उमड़ा जनसैलाब**

मंदिर के पुजारी हरिप्रसाद ने बताया कि नवरात्रि में नवदिवस मां बंजारी की महाआरती की जा रही है। मां बंजारी पुजारी हरि प्रसाद एवं पंडित भूरा पाण्डेय द्वारा गायन साथ ही 108 दीपक ज्योति वाली आरती, मृदंग, घंटे, शंखों की ध्वनियों के साथ की जा रही है। महाआरती में जय मां बंजारी सेवा समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह गौर, बसंत तिवारी, सोनू कुररिया, प्रकाश मिश्रा, भूपेन्द्र चौरसिया, योगेन्द्र मिश्रा, शिवदत्त मिश्रा, मुकेश कुमार, पं. नारायण तिवारी, नरेंद्र चौबे, पौराणिक सुधीश त्रिपाठी, भानू प्रताप सिंह, आशीष त्रिपाठी, गगन असाटी, बलराम असाटी, लक्ष्मी असाटी, राजू सोनी, पप्पू चौरसिया, अर्पित चौरसिया, आलोक पाठक, विक्की चौरसिया, सुधीश त्रिपाठी, सजल पांडे, नरसिंह ठाकुर सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। महाआरती का प्रसाद, भोग शिवदत्त मिश्रा द्वारा मातारानी को चढ़ाया गया।

पौ फटने के पहले ही नंगे पग पहुंच रहे भक्त मां बंजारी का स्थान शक्तिपीठ के रूप में स्थापित है। प्रात:काल के प्रथम पहर में ही मातारानी के भक्त नंगे पग जल ढारने व मातारानी की पूजा-अर्चना के लिए लम्बी कतारों के साथ पहुंच रहे हैं। मंदिर में दर्शनार्थियों की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई है।





## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में ईदुल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह ईद की नमाज 9 बजे जामा मस्जिद ईदगाह में हाफिज शरीफ साहब और मौलाना आरिफ रजा की कयादत में अदा की गई और मुल्क में अमन, चैन, खुशहाली की दुआ की।

नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाइयों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की और खुशी का इजहार किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों में प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका, महेन्द्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष नगर पालिका, विमल जैन राज्यसभा सांसद, प्रतिनिधि आनंद जैन मिंचू, पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष बाबू खान, पार्षद प्रमोद पटेल, पार्षद बेड़ीलाल कुशवाहा, शैंकी यादव, सुभाष पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष पंडा कोरी विवेक पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत अनारी कोरी, मुकेश गोटिया, पार्षद अशोक श्रीवास्तव जलील, मालगुजार अहमद खान, नसीब बाबा, मो अहमद रेहान अली, जावेद बेग, सिद्दीक अली, जावेद खान आदि ने उपस्थित हो कर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की सूचना दें, पाएं सिलेंडर की कीमत पर 25 प्रतिशत राशि का इनाम

**पाटन, देशबन्धु।** रसोई गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। अब कोई भी आम नागरिक यदि गैस सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग, अवैध भंडारण या अवैध व्यापार की सटीक सूचना देता है तो उसे ऐसे जब्त किए गए सिलेंडरों की अनुमानित लागत का 25 प्रतिशत तक इनाम दिया जाएगा।

कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी एवं एलपीजी नोडल अधिकारी संयुक्तम कलेक्टर पुष्पेंद्र अहाके के अनुसार सूचना सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तिम को अधिकतम 5 हजार रुपए तक का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, जिससे आम लोग बिना डर के आगे आ सकें। सूचना देने के लिए नोडल अधिकारी मोबाइल नं. 8878038092, कंट्रोल रूम मोबाइल नं. 9584319092 कॉल या व्हाट्सएप दोनों माध्यम उपलब्ध सूचना दी जा सकती है।

प्रशासन की अपील-अगर आपके आसपास कहीं भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध भंडारण हो रहा है तो तुरंत सूचना दें। आपकी सतर्कता से न सिर्फ अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी।

## सनातन धर्म महासभा महिला मंडल की 24 मार्च को होगी बैठक

### नारायणी शक्ति रैली को लेकर भारी उत्साह

**पाटन देशबन्धु।** धर्म, आस्था और नारी शक्तिम के संगम का दिव्य अवसर नगर में एक बार फिर देखने को मिलेगा। श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में 27 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के आयोजन से पूर्व, महिला मंडल द्वारा 24 मार्च को सायंकाल 4 बजे नरसिंह मंदिर में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी बैठक आयोजित की जा रही है। इस पावन आयोजन में आगामी नारी शक्ति, नारायणी शक्ति स्कूटर वाहन रैली को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष रूप से चर्चा एवं रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक का आयोजन जगद्गुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज के दिव्य संरक्षण एवं सान्निध्य में सम्पन्न होगा, जिससे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त होगी।

महिला मंडल की संयोजक नीता चावला, गीता पांडे, अंजू भार्गव, कविता दुबे, इंदुलता प्यासी, डॉ. वाणी अहलूवालिया, रजनी साहू पार्षद, प्रतिभा भापकर पार्षद आभा साहू, सोनल सेठी, नंदिता महाजन, मीरा दुबे सहित समस्त सनातनी बहनों ने नगर की सभी मातृशकित से इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मकार्य को सफल बनाने का आग्रह किया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि नारी शक्ति के जागरण, एकता और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का भी सशक्त माध्यम बनेगा।

## डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य की नई पहल, '5 मिनट मन स्व-जांच' ने छुआ 67 लोगों का जीवन

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज के तेज़-रफ्तार डिजिटल युग में मानसिक तनाव, चिंता और भावनात्मक असंतुलन आम समस्या बनते जा रहे हैं। ऐसे समय में मध्य प्रदेश से एक सराहनीय पहल सामने आई है, जिसने सरल और सहज तरीके से लोगों को अपने मन को समझने का अवसर दिया। डॉ. रानी वैद्य, संस्थापक - मन ऑरा परामर्श केंद्र द्वारा आयोजित '5 मिनट मन स्व-जांच' ऑनलाइन शिविर ने यह सिद्ध किया कि मानसिक स्वास्थ्य को समझना कठिन नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन से यह एक सहज प्रक्रिया बन सकती है।

व्हाट्सएप जैसे सामान्य डिजिटल माध्यम पर आयोजित इस शिविर में 67 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस पहल की विशेषता यह रही कि इसमें जटिल सिद्धांतों के बजाय सरल और व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने मन की वर्तमान स्थिति पहचानने का अवसर मिला।



शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने 'मन अंक' के माध्यम से अपने मानसिक स्तर को समझा। साथ ही भावनात्मक जांच, श्वास अभ्यास, विचार मुक्त करने की प्रक्रिया एवं कृतज्ञता अभ्यास जैसी गतिविधियों ने उन्हें आत्म-चिंतन की दिशा में प्रेरित किया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि लोगों को अपने भीतर झांकने और मानसिक संतुलन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनकी सक्रिय भागीदारी को सम्मान मिला।

डॉ. रानी वैद्य के अनुसार, जब व्यक्ति अपने मन को समझना शुरू करता है तभी जीवन में वास्तविक संतुलन और शांति संभव होती है। यह पहल न केवल डिजिटल माध्यम की प्रभावशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि छोटे शहरों से शुरू हुए प्रयास भी राष्ट्रीय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## चैत्र नवरात्र पर मिश्रा परिवार की सराहनीय पहल, मंदिर में भेंट किया वॉटर कूलर

**पनागर, देशबन्ध।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए प्रताप वार्ड स्थित समर्थ नर्मदा मंदिर में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की सुविधा हेतु वॉटर कूलर भेंट किया। इस पहल से भीषण गर्मी के मौसम में मंदिर आने वाले भक्तों और राहगीरों को शीतल पेयजल की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान सर्वेश मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, श्रवण मिश्रा, अवनीश मिश्रा, प्रबोध मिश्रा, अंकित मिश्रा एवं अक्षय मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिश्रा परिवार के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। अंत में उपस्थितजनों ने मां नर्मदा से प्रार्थना की कि मिश्रा परिवार का यह परमार्थ भाव निरंतर बढ़ता रहे और वे आगे भी इसी तरह जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहें।



## : अमेरिका के स्न-35 के बाद ईरान ने अब मार गिराया इजरायल का भी लड़ाकू विमान

**तेहरान:** ईरानी सेना ने अमेरिका के स्न-35 लड़ाकू विमान को मार गिराने के एक दिन बाद आज शनिवार को इजरायल के भी एक फाइटर जेट को ढेर कर दिया है। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजरायल के फाइटर जेट को एक मिसाइल हमले में मार गिराया है। वहीं रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि ईरान के आसमान में ऑपरेशन के दौरान हमारे एक लड़ाकू विमान पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से हमला किया गया। हालांकि इसमें यह नहीं बताया गया है कि ईरान ने इजरायल के कौन से फाइटर जेट को निशाना बनाया। इजरायल ने हमले की बात मानी है, लेकिन कहा है कि लड़ाकू विमान को सूझबूझ से बचा लिया गया।

### भारत ने वक्फ कानून पर यूएन के विशेषज्ञ की रिपोर्ट को झूठा करार देते हुए किया खारिज, कहा

# वक्फ कानून प्रगतिशील व लैंगिक समानता को दे रहा बढ़ावा

■ **भारत ने लेवराट के दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत व इतिहास की समझ से परे बताया**

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसियां)।** भारत ने अल्पसंख्यक मामलों के विशेषज्ञ द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट को 'तथ्यों के विपरीत' और देश के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' करार देते हुए खारिज कर दिया है।

भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के काउंसलर गौरव कुमार ठाकुर ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद की एक बैठक में कहा कि लेवराट के दावे 'तथ्यात्मक रूप से गलत हैं और इसके पृष्ठभूमि और इतिहास की समझ पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियों की शैली और सामग्री भारत के प्रति स्पष्ट रूप से शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाती है। मानवाधिकार परिषद के विशेष रैपोर्टियर स्वतंत्र विशेषज्ञ होते हैं, जो व्यक्तिगत क्षमता में अपने मुद्दों पर रिपोर्ट तैयार करते हैं।

हालांकि उनकी रिपोर्ट परिषद की स्वीकृति प्राप्त प्रतीत होती है और जरूरी नहीं कि परिषद का दृष्टिकोण दर्शाए। यूरोपीय और अंतरराष्ट्रीय कानून के जिनेवा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर लेवराट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि



वक्फ़ संशोधन अधिनियम 'मुस्लिम समुदायों की पूजा स्थलों के स्वामित्व और संचालन करने की क्षमता को प्रभावित करता है।

**टिप्पणियों की शैली व सामग्री भारत के प्रति स्पष्ट रूप से शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाती है : गौरव कुमार ठाकुर**

ठाकुर ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य 'प्रगतिशील' है और इसका मकसद 'पारदर्शिता, लैंगिक समानता व अधिक प्रभावी प्रशासन को बढ़ावा देना' है। उन्होंने कहा कि यह कानून बोहरा और अगाखानी जैसी अल्पसंख्यक मुस्लिम संप्रदायों को सशक्त बनाता है, उनके 'अपने समुदाय के हितों की रक्षा करने और अपने पूजा स्थलों की स्थापना करने के अधिकार' को संवैधानिक रूप से सुनिश्चित करके। ठाकुर ने आरोप लगाया कि लेवराट की टिप्पणियां कुछ संगठनों के साथ बातचीत पर आधारित प्रतीत होती हैं, जिनका एकमात्र एजेंडा भारत के बहुसांस्कृतिक चरित्र को तोड़-मरोड़कर अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए प्रस्तुत करना है। रिपोर्ट में कहा था कि उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल से परामर्श लिया। ठाकुर ने कहा, 'भारत जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को सशक्त बनाने और हमारे राष्ट्र के बहुसांस्कृतिक चरित्र को पोषित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारे लोकतांत्रिक मूल्य और संविधान सभी नागरिकों को मूलभूत अधिकारों की गारंटी देते हैं।

## यूएनएचआरसी में बलोच नेताओं ने उठाई आवाज

**जिनेवा।** बलोच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में हो रहे व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों पर तुरंत कार्रवाई करने की अपील की है। संगठन का आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार और उसके सुरक्षा तंत्र कानून का इस्तेमाल असहमति दबाने, आम नागरिकों को निशाना बनाने और पूरे क्षेत्र की आवाज दबाने के लिए कर रहे हैं। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र को संबोधित करते हुए बीएनएम के प्रतिनिधियों ने कहा कि बलूचिस्तान में जबरन गायब किए जाने, फर्जी मुठभेड़ों या बिना न्यायिक प्रक्रिया के हत्याओं और अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक जैसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उनके मुताबिक यह सब बलोच लोगों की आवाज दबाने की सुनियोजित कोशिश का हिस्सा है। बीएनएम की सदस्य माहरा बलोच ने कहा कि बलूचिस्तान में आम लोगों को सिर्फ इसलिए सामूहिक सजा दी जा रही है, क्योंकि वे वहां रहते हैं और अपनी पहचान के साथ मौजूद हैं।



## पाक जब तक अपने में सुधार नहीं लाता सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी



■ **हमेशा एक जिम्मेदार उच्च जलधारा वाला देश रहा है भारत**

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने दोहराया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक 'आतंक का वैश्विक केंद्र' पाकिस्तान अपने तरीकों में सुधार नहीं करता। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को 'संधियों की पवित्रता बनाए रखने की बात करने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा एक जिम्मेदार उच्च जलधारा वाला राज्य रहा है लेकिन जिम्मेदारी दोतरफ़ा रास्ता है। पाकिस्तान को अपनी राज्य नीति के उपकरण के रूप में आतंकवाद का उपयोग करना पूरी तरह से छोड़ना होगा। हरीश का यह बयान उस समय आया जब पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि को ऐसा प्रस्तुत किया मानो वह हताहत पक्ष हो, जबकि कार्यक्रम का विषय था सुरक्षित जल और स्वच्छता तक सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य से जुड़ा है।

### ट्रंप को भारी पड़ रही ईरान की जंग

# मिडिल ईस्ट में ईरानी हमलों से अमेरिका को 800 मिलियन डॉलर का नुकसान

**वॉशिंगटन।** ईरान के साथ मिडिल ईस्ट में टकराव अमेरिका के लिए बहुत महंगा पड़ रहा है। एक नए विश्लेषण से पता चला है कि युद्ध के पहले दो हफ्तों में मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों से लगभग 800 मिलियन डॉलर यानी लगभग 7523.88 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। विश्लेषण में बताया गया है कि इस नुकसान का ज्यादा हिस्सा अमेरिका और इजरायल के युद्ध शुरू किए जाने के बाद ईरान के शुरुआती जवाबी हमले के कारण हुआ।

एक रिपोर्ट के विश्लेषण के अनुसार, 800 मिलियन डॉलर का यह आंकड़ा अमेरिका को होने वाले भारी नुकसान की तस्वीर पेश करता है। खासतौर पर जब युद्ध का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को जानकारी सामने आई कि ईरान ने दो बैलिस्टिक मिसाइलों से हिंद महासागर में अमेरिकी बेस डिएगो गार्सिया पर हमला किया। हालांकि, मिसाइलें बेस तक पहुंचने में नाकाम रहीं लेकिन हिंद महासागर तक हमले ने युद्ध के विस्तार को लेकर चिंता बढ़ा दी है।, इस इलाके में अमेरिका के ठिकानों को हुए नुकसान के बारे में कम बताया गया है। हालांकि, यह नुकसान काफी ज्यादा लग रहा है, लेकिन जब तक और जानकारी नहीं मिल जाती, तब तक पूरे नुकसान का पता नहीं चल पाएगा। जब इस नुकसान बारे में अमेरिकी रक्षा विभाग के अधिकारियों से पूछा गया, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, रिपोर्टों से पता चलता है कि ईरान ने जवाबी हमलों में जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और मध्य पूर्व के दूसरे देशों में अमेरिका के एयर-डिफेंस और सैटेलाइट-संचार सिस्टम, एयरक्राफ्ट समेत सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाया है। अमेरिका को सबसे बड़ा नुकसान जॉर्डन के हवाई ठिकाने पर हुआ, जहां ईरान ने ञ्ज॥्रष्ठ मिसाइल डिफेंस सिस्टम के रडार को निशाना बनाया गया। अमेरिका रक्षा विभाग के बजट दस्तावेजों के मुताबिक, ह्/ञ्जक्क्-2 रडार सिस्टम की कीमत अकेले लगभग 485 मिलियन डॉलर है। इस एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल बैलिस्टिक मिसाइलों को लंबी दूरी से रोकने के लिए किया जाता है।



**बुनियादी ढांचे पर 300 अरब डॉलर का नुकसान**-आकलन के अनुसार, ईरानी हमले से इस इलाके में अमेरिका के ठिकानों और अमेरिकी सेनाओं के इस्तेमाल किए जाने वाले सैन्य ठिकानों पर बनी इमारतों, सुविधाओं और दूसरे बुनियादी ढांचों को लगभग 310 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त नुकसान हुआ है। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान ने कम से कम तीन हवाई ठिकानों पर एक से ज्यादा बार हमला किया है। ये तीन ठिकाने कुवैत में अली अल-सलीम, कतर में अल-उदीद और सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान बेस हैं।

# ईरान ने भारत वाली रूसी मिसाइल से किया अमेरिकी एफ-35 का शिकार?

### चीनी विशेषज्ञों ने खोला राज

**बीजिंग।** ईरान ने अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमान पर हमला कर दुनिया को चौंका दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी देश ने स्टील्थ टेक्नोलॉजी से लैस एफ-35 लड़ाकू विमान को निशाना बनाया है। अमेरिका का दावा है कि एफ-35 लड़ाकू विमान को दुनिया का कोई भी रडार सिस्टम डिटेक्ट नहीं कर सकता। लेकिन, हाल में ही अमेरिका ने खुद ईरान ने एफ-35 पर हमले के दावे की पुष्टि की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया है कि गुरुवार को ईरान के ऊपर एक युद्धक मिशन के दौरान उसके एफ-35 को आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। ऐसे में चीनी विशेषज्ञों ने बताया है कि आखिर ईरान ने अभेद्य माने जाने वाले अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 पर कैसे निशाना साधा।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट से बात करते हुए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के रिटायर्ड कर्नल और सैन्य कमेंटेटर यू गैंग ने कहा कि अमेरिकी एफ-35 को शायद मामूली नुकसान पहुंचा होगा। इस कारण उसकी कुछ बुनियादी कार्यक्षमताएं बरकरार रही होंगी। तेहरान द्वारा जारी किए गए हमले की इन्फ्रारेड तस्वीरों का हवाला देते हुए, उन्होंने अनुमान लगाया कि जमीनी तोपखाने की गोलाबारी से यह नुकसान होने की संभावना कम है।यू ने आगे कहा कि यह फैक्ट भी कि स्न-35 लड़ाकू विमान आपातकालीन लैंडिंग करने में सक्षम था। यह दर्शाता है कि उसे रूसी निर्मित एस-300 जैसी पारंपरिक हवाई रक्षा प्रणाली से निशाना नहीं बनाया गया था।

# एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका, इजरायल से युद्ध समाप्त करने का किया आग्रह



**ब्रुसेल्स, (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को अमेरिका और इज़रायल से ईरान युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया और सैन्य कार्रवाई के स्थान पर कूटनीति अपनाने पर बल दिया। यूरोपीय परिषद की बैठक के दौरान कहा कि इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इज़रायल द्वारा शुरू किए गए इस संघर्ष का पूरी तरह से बेकाबू होने का खतरा है, साथ ही नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंच रही है। श्री गुटेरेस ने कहा कि युद्ध का प्रभाव युद्धक्षेत्र से कहीं अधिक दूर तक फैल रहा है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे दुष्प्रभाव की चेतावनी दी, जिसके संभावित रूप से दुखद परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों के लिए। उन्होंने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि युद्ध पर कूटनीति विजय प्राप्त करे।

# टूरिस्ट प्लेस से मिसाइलों का अड्डा कैसे बन गया केशम आईलैंड, ईरान के लिए क्यों है इतना खास?

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मिडिल ईस्ट में चल रहे इस युद्ध में पर्यटकों से भरा रहने वाला केशम द्वीप को भी शामिल कर लिया गया है।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में स्थित केशम द्वीप में आज के समय में नमक की गुफाओं और हरे-भरे मैंग्रोव जंगलों के नीचे सैन्य ठिकानों का एक जाल बिछा है। आज की स्थिति ने इस आइलैंड को टूरिस्ट प्लेस की जगह जंग के मैदान में तब्दील कर दिया है।

**मिडिल ईस्ट ने छीनी केशम आइलैंड की शांति**-केशम आइलैंड कभी अपनी अनोखी चट्टानी आकृतियों और कोरल रीफ के कारण पर्यटकों को आकर्षित करता था। रिपोर्ट के मुताबिक, आज दुनिया का ध्यान वहां तैनात ईरानी सेना पर केंद्रित है। केशम आइलैंड का आकार 1,445 वर्ग किमी (558 वर्ग मील) है, जो कि इसे होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार को नियंत्रित करने की क्षमता देता है। यह आइलैंड स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के वैश्विक तेल और गैस परिवहन के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।

इस आइलैंड पर करीब 1,48,000 लोग रहते हैं, जिनमें ज्यादातर सुन्नी मुसलमान हैं और %बंदारी% बोली बोलते हैं। लेकिन अब इस आइलैंड पर सैन्य तनाव बढ़ने के कारण उनके दैनिक जीवन पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।

### क्यों केशम आइलैंड का इस्तेमाल कर रहा ईरान?

केशम के मुक्त-व्यापार और औद्योगिक क्षेत्र में मिसाइल भंडारण केंद्र, मिसाइल दागने की सुविधाएं और तेज गति वाली हमलावर नावें शामिल हैं, जिनका उद्देश्य खाड़ी क्षेत्र पर अपना वर्चस्व स्थापित करना है। यह द्वीप बंदर अब्बास से 22 किमी दक्षिण में स्थित है।

यह आइलैंड ईरान की नौसैनिक रणनीति का केंद्र बिंदु है, जो कि ईरान को इस जलमार्ग से होने वाले जहाजी आवागमन को रोकने या उसे बाधित करने की धमकी देने में सक्षम बनाता है।

**मामला**

*एमनेस्टी इंटरनेशनल ने काबुल हवाई हमले पर उठाए गंभीर सवाल, कहा*

# पाक नागरिकों को बचाने के लिए सावधानियां बरतने में विफल

**काबुल, (एजेंसियां)।** वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में स्थित एक नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र पर पाकिस्तान के हालिया हवाई हमले को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत गंभीर चिंता जताई है। इस हमले में 400 से अधिक नागरिकों की मौत हुई और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए बताए गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया था कि 16 मार्च को हवाई हमला एक गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाकर किया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एमनेस्टी इंटरनेशनल की दक्षिण एशिया के लिए उप-क्षेत्रीय निदेशक इसाबेल लासी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए पर्याप्त सावधानियां बरतने में विफल रही।

एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक, पाकिस्तान ने 16 मार्च को 'ऑपरेशन गजब लिल हक' के तहत काबुल और नंगरहार में हवाई हमले किए। इन हमलों में काबुल के ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल को निशाना बनाया गया। यह केंद्र 2016 में कैंप फीनिक्स की जगह पर स्थापित किया गया था, जो कभी अमेरिका और नाटो का सैन्य अड्डा हुआ करता था और अफगान राजधानी के बाहरी हिस्से में स्थित है।

बताया गया है कि यह पुनर्वास केंद्र और इसके साथ लगे अन्य परिसर मिलाकर करीब 2,000 लोगों को ठहराने की क्षमता रखते थे। मानवाधिकार संगठन ने अफगान अधिकारियों के हवाले से कहा कि इस हमले में 400 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा घायल हुए।



इसाबेल लासी ने कहा कि हालांकि कुल मृतकों की संख्या की स्वतंत्र पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन यह साफ है कि इस हमले में सैकड़ों नागरिकों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी तरह दर्ज है कि पूर्व नाटो कैंप फीनिक्स का बड़ा हिस्सा 2016 से नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र के रूप में काम कर रहा था। पाकिस्तान की सेना को यह हमला करने से पहले नागरिकों और नागरिक स्थलों को बचाने के लिए हरसंभव सावधानी बरतनी चाहिए थी। किसी भी उचित जांच और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया से यह निष्कर्ष निकलता कि वहां बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। इसाबेल ने कहा कि भले ही कैंप के बड़े हिस्से में किसी स्थान पर गोला-बारूद का भंडार मौजूद रहा हो, तब भी पाकिस्तान की सेना को हमला करने से पहले यह आकलन करना चाहिए था कि इससे नागरिकों को कितना अधिक नुकसान हो सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि मौत और तबाही का इतना बड़ा स्तर इस बात को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है कि क्या पाकिस्तान की सेना ने हमले से पहले सही आकलन किया था।

## आज का इतिहास

1739- आक्रमणकारी नादिर शाह ने अपनी सेना को दिल्ली में जनसंहार की इजाजत दी।
1873- प्योर्तो रिको में दास प्रथा को खत्म किया गया।
1882- संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई। इसका पता लगाने वाले वैज्ञानिक को बाद में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
1890- रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
1893- चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
1917- रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
1942- सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
1946- ब्रिटेन ने जॉर्डन को आजाद करने के लिए संधि पर हस्ताक्षर किये।
1947- लार्ड लुईस माउंटबेटन भारत के आखिरी वायसराय के रूप में भारत आये।


## सुडोकू 7217

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 9 | | 7 |
| | | 9 | | | 8 | | 6 | |
| | | 2 | | 5 | | | | |
| | | | 6 | 9 | | | 2 | 5 |
| | | 6 | 5 | | 4 | 7 | | |
| 5 | 8 | | | 3 | 2 | | | |
| | | | | 7 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | | 3 | | |
| 7 | | 5 | | | | | | 8 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7217



**बायें से दायें:-**
१. अनुपस्थिति,गैर हाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११ प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में बना कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काट कर जीवन यापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**
१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नता पूर्वक
१२. वजह
१३. बहस, भ्रम, शंका
१४. नि:सस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-7216

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नैः | २ श | नैः | ■ | ■ | ३ वि | घ्न | ४ ह | र्ता |
| शि | ■ | शि | ■ | ५ प | थि | क | ■ | त्या | ■ |
| ६ क | ट्ट | व | च | न | ■ | ७ ल | ह | रा | ८ ना |
| ला | ■ | द | ■ | ९ प | त्त | न | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ना | ११ जा | ना | ■ | ■ | १२ ई | ध | न |
| ■ | ज्ञा | ■ | र | ■ | १३ नि | प | ट | ■ | ख |
| १४ प | द | १५ र | ज | ■ | वि | ■ | ■ | १७ सा | रा |
| ल्ल | ■ | स | ■ | १८ आ | दा | १९ ता | ■ | ह | ■ |
| २० वि | द्रो | ही | ■ | र्वि | ■ | २१ मी | मां | स | २२ क |
| त | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ष्ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## महिला टी-20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं उतागुशीमानिंदे

अबुजा। रवांडा की फैनी उतागुशीमानिंदे महिला टी-20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बनीं। उन्होंने घाना के खिलाफ नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी-20 टूर्नामेंट के एक मुकाबले में 65 गेंदों में 111 रनों की नाबाद पारी खेली। 15 साल और 223 दिन की उम्र में उतागुशीमानिंदे महिला टी-20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बनीं।इससे पहले महिला टी20 डेब्यू में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रॉलटन के नाम था जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ टांटन में 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह मैच महिला टी20 इतिहास का सिर्फ़ दूसरा ही अंतरराष्ट्रीय मुक़ाबला था। दूसरी तरफ इससे पहले महिला टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड यूगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था जिन्होंने 16 साल और 233 दिन की उम्र में माली के खिलाफ किगाली में 2019 में 116 रनों की पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में अभी तक चार बल्लेबाज़ों ने टी-20 डेब्यू में शतक लगाया है, लेकिन उसमें से एक भी पूर्ण सदस्य देश से नहीं हैं।



# मेरी नजर पंजाब को आईपीएल ट्रॉफी जिताने पर : श्रेयस

## आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को आरसीबी के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था



■सत्येन्द्र पाल सिंह

**चोट के बाद भारतीय टीम में वापसी करना हमेशा बड़ी चुनौती होता है : श्रेयस अय्यर**

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। बीते बरस श्रेयस अय्यर की कप्तानी और चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग के मार्गदर्शन में पंजाब किंग्स मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से उसके घर 2025 में आईपीएल फाइनल में हार कर खिताब जीतने से चूक गई थी। श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अक्टूबर, 2025 में उसके घर में मैच में कैच लपकते हुए छाती में लगी चोट के चलते भारतीय टीम से बाहर हो गए थे। श्रेयस को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में भारत के लिए एक भी मैच मैच खेलने का मौका नहीं मिला। न ही श्रेयस अभी हाल ही में सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में हरा खिताब जीतने वाली भारतीय टीम में स्थान बना पाए थे पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हमें उम्मीदें बहुत ऊंची हैं और यह बढ़िया बात है। मुझे चुनौती पसंद है। अहम बात यह है कि हम जब भी हम मैदान पर उतरें तो हमें जीतना ही होगा। मेरी नजर पंजाब किंग्स को आईपीएल ट्रॉफी जिताने पर है। चोट के बाद भारतीय टीम में वापसी करना हमेशा बड़ी चुनौती होता है। चोट के बाद मेरा वजन सात किलो घट गया था और मुझे फिर से अपना वजन बढ़ाने के लिए खासी मेहनत करनी पड़ी। पर मुझ चुनौती पसंद है। मैं खुद हूं कि मैं जिंदगी में उस मुकाम से गुजर चुका हूं और गर्व से अपनी पंजाब इंडियंस की टीम में की नुमाइंदगी करने को तैयार हूं।' पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में अपने अभियान का आगाज गुजरात टाइटंस के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में मैच खेल कर करेगी। पंजाब किंग्स के स्थानीय भारत के तुरुप के टी 20 बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अपनी टीम को अपने घरेलू मैदान पर सभी मैच जिताने को बेताब हैं।अर्शदीप ने कहा, 'दबाव महसूस करना आपकी खुशकिस्मती है। जब आपके अपने प्रशंसक आपकी हौसला अफजाई करते हैं तो बहुत मजा आता है। तब आप ऐसा महसूस करते हैं मैदान पर 30 हजार लोग आपके साथ है। हम इस साल अपने घर में सभी मैच जीतने की कोशिश करेंगे।

## लगातार तीन बार शून्य पर आउट होने पर अभिषेक ने गिल से ली मदद



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि टी20 विश्व कप 2026 के दौरान लगातार तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी शुभमन गिल से संपर्क किया था और उनसे बल्ला लेने की गुजारिश की थी। अभिषेक का मानना था कि शुभमन का बैट उन्हें फॉर्म में वापसी दिलाने में मदद कर सकता है। अभिषेक ने शुभमन गिल के साथ हुई बातचीत का जिक्र हाल ही में दिल्ली में बीसीसीआई द्वारा आयोजित नमन अवॉर्ड्स में किया था। अभिषेक ने कहा कि तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद मैंने उसे मैसेज किया कि इससे पहले कोई और रिकॉर्ड बन जाए, बल्ला दे दे।

यह सिर्फ मजाक नहीं था बल्कि इससे उन्हें मानसिक रूप से फॉर्म में लौटने की प्रेरणा भी मिली। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें किसका बल्ला सबसे ज्यादा पसंद है, तो बिना किसी हिचक के अभिषेक ने शुभमन का नाम लिया था। अवॉर्ड शो के दौरान शुभमन गिल से भी सवाल हुआ कि क्या उन्होंने अभिषेक को टूर्नामेंट से पहले कोई सलाह दी थी या नहीं। इसके जवाब में गिल ने कहा था कि दुनिया के नंबर वन टी-20 बल्लेबाज को कौन सलाह देगा? शुभमन गिल ने कहा कि जहां तक बल्ले की बात है तो अभिषेक हमेशा ही उनके बल्ले से खेलते हैं। शुभमन गिल को टी-20 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया था। उनकी जगह ओपनर के रूप में संजू सैमसन को प्राथमिकता दी गई थी और दूसरे विकेटकीपर के रूप में ईशान किशन को जगह दी गई थी। अभिषेक शर्मा का टी20 विश्व कप 2026 में प्रदर्शन वैसा नहीं रहा था जैसे प्रदर्शन की उनसे उम्मीद थी। अभिषेक तीन बार लगातार शून्य पर आउट हुए।

# श्रीलंकाई क्रिकेटरों को आईपीएल 2026 खेलने के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना होगा



**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपने क्रिकेटरों से फिटनेस टेस्ट पास करने को कहा है जिससे कि वे अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) हासिल करने का हक हासिल कर सकें, जिससे उन्हें फ्रेंचाइजी लीग में खेलने की इजाजत मिल सकेगी। आईपीएल पर इसका तत्काल प्रभाव से असर पड़ेगा। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपर जायंटस),नुवान तुषारस (आरसीबी), मतीशा पथिराना(केकेआर) और इशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद) के लिए अगले कुछ हफ्तों में आईपीएल 2026 मे अलग अलग फ्रेंचाइजी टीमों से खेलने के लिए भारत पहुंचने वाले हैं।दुषमंता चमीरा व पदुम निशंका(दोनों दिल्ली कैपिटल्स) और कामिंदु मेंडिस (सनराइजर्स हैदराबाद) ने फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट पास कर लिया हौ और इन तीनों को आईपीएल में खेलने की इजाजत मिल गई है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की विज्ञप्ति में कहा गया है, ' नुवान तुषार की आईपीएल में भाग लेने के लिए एनओसी हासिल करने की पात्रता उनके फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगी। हसरंगा, इशान मलिंगा और पथिराना ने आईपीएल 2026 में भाग लेने के लिए एनओसी की गुजारिश की लेकिन अब तक फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट नहीं दिया है। क्योंकि ये तीनों ही टी 20 विश्व कप से पहले लगी चोटों के बाद फिलहाल उससे उबरने में जुटे हैं।

# आईपीएल 2026 : सनराइजर्स हैदराबाद की टीम खिताब की प्रबल दावेदार नहीं होगी : उथप्पा

■ सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में निराशाजनक रहा था



**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम खिताब की प्रबल दावेदार नहीं होगी। उथप्पा ने कहा कि भले ही हैदराबाद का बैटिंग ऑर्डर काफी दमदार नजर आ रहा हो, लेकिन टीम का गेंदबाजी अटैक काफी कमजोर दिख रहा है।

उथप्पा ने 'जियोस्टार' के साथ बात करते हुए कहा, 'सनराइजर्स हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी देखना मनोरंजक होता है। हालांकि, इस तरह की बल्लेबाजी उन्हें आईपीएल जीतने में मदद नहीं करेगी। हैदराबाद की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर है। गेंदबाज ही होते हैं जो आपको ट्रॉफी दिलवाते हैं। हैदराबाद को अपने घरेलू मैदान पर 7 मैच खेलने होते हैं, जहां की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग जैसी है।' उथप्पा ने आगे कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सनराइजर्स हैदराबाद के पास अभी ऐसा गेंदबाजी अटैक है जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से पैदा होने वाली अस्थिरता को संभाल सके, खासकर तब जब उनका टॉप ऑर्डर अच्छा प्रदर्शन न करे। हम सभी ने पिछले सीजन में देखा था कि क्या हुआ था। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन के अलावा, कोई भी अन्य बल्लेबाज आगे बढ़कर जिम्मेदारी नहीं उठा पाया था। जब टॉप ऑर्डर विफल रहा, तो गेंदबाज भी उस स्कोर का बचाव करने में असमर्थ रहे। यही वजह है कि मैं इस सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद को खिताब का एक दावेदार नहीं मानूंगा।' सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में निराशाजनक रहा था।

## चेन्नई के लिए गायकवाड़ पर ही भरोसा बनाए रखना चाहिए: रॉबिन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने उम्मीद जताई है कि आईपीएल 2026 एमएस धोनी का बतौर खिलाड़ी चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से आखिरी साल हो सकता है। उथप्पा के अनुसार, चेन्नई को संजू सैमसन के आने के बावजूद कप्तान के तौर पर ऋतुराज गायकवाड़ पर ही भरोसा बनाए रखना चाहिए। 44 साल की उम्र में एमएस धोनी आईपीएल के 19वें सीजन में खेलेंगे। उथप्पा ने 'जियोस्टार' के साथ बात करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि चेन्नई सुपर किंग्स को कप्तानी की जिम्मेदारी संजू सैमसन को सौंपनी चाहिए। आपको ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान के तौर पर जमने के लिए समय देना होगा। वह 2024 से टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लोग चाहे कुछ भी कहें, वह एमएस धोनी की परछाई से बाहर निकल रहे हैं।' उथप्पा ने आगे कहा, 'आप चाहते हैं कि ऋतुराज धोनी की परछाई से पूरी तरह से बाहर निकलें और अपनी खुद की पहचान बनाएं।

# भारतीय टीम जून में करेगी आयरलैंड का दौरा, बीसीसीआई ने जारी किया शेड्यूल



नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के आयरलैंड दौरे का शेड्यूल शनिवार की सुबह जारी कर दिया। भारतीय टीम 2 टी20 मैचों के लिए जून-2026 में आयरलैंड का दौरा करेगी। बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक, भारतीय टीम 26 जून और 28 जून को पहला और दूसरा टी20 मुकाबला खेलेगी। दोनों मुकाबले बेलफास्ट में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम का हाल के कुछ वर्षों में आयरलैंड का यह चौथा दौरा होगा। टीम इंडिया 2018, 2022 और 2023 में भी आयरलैंड के दौरे पर गई थी। वहीं, भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार बेलफास्ट में खेलेगी। आयरलैंड क्रिकेट टीम और आयरलैंड क्रिकेट फैंस को भारतीय टीम के दौरे का हमेशा से इंतजार रहता है। भारतीय टीम को लेकर वहां के फैंस के बीच उत्साह रहता है। बीसीसीआई आयरलैंड दौरे पर युवा खिलाड़ियों की टीम भेजती रही है। देखना होगा कि आगामी दौरे पर सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली वो टीम आयरलैंड जाती है जिसने विश्व कप जीता था, या किसी दूसरे खिलाड़ी की कप्तानी में युवा टीम भेजती है। भारतीय टीम का टी20 में आयरलैंड के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड सौ प्रतिशत रहा है। दोनों टीमों के बीच 8 मैच खेले गए हैं और सभी मैचों में टीम इंडिया विजयी रही है। आयरलैंड ने भी साल 2026 के लिए अपने शेड्यूल का ऐलान किया है। आयरलैंड भारत के खिलाफ सीरीज से पहले वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज टी20 (28 मई-4 जून तक) खेलेगी।

# कमेंट्री से हटने में बीसीसीआई या जय शाह की कोई भूमिका नहीं: शिवरामकृष्णन



**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने आईपीएल 2026 से पहले कमेंट्री से हटने के अपने फैसले को लेकर कहा है कि इसमें बीसीसीआई और जय शाह का कोई रोल नहीं है। लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने एक्स पर लिखा, 'बीसीसीआई प्रशासन को इसमें मत लाओ। यह बीसीसीआई के एक कर्मचारी के साथ वन-ऑन-वन मामला है। जय शाह एंड कंपनी का इससे कोई लेना-देना नहीं है।' शिवरामकृष्णन ने 20 मार्च को बीसीसीआई के साथ कमेंटेटर के तौर पर अपनी लंबी भूमिका खत्म करने का ऐलान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि दो दशकों से ज्यादा समय तक जुड़े रहने के बावजूद उन्हें कई अहम ऑन-एयर मौकों से दूर रखा गया। टॉस प्रेजेंटेशन और मैच के बाद के शो से लगातार नजरअंदाज किया गया।' शिवरामकृष्णन ने सवालिया लहजे में पूछा कि अगर 23 साल में मुझे टॉस और प्रेजेंटेशन के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया, तो इसके पीछे क्या वजह हो सकती है? पूर्व लेग स्पिनर ने भेदभाव के संकेत भी दिए हैं। एक यूजर के रंगभेद वाले कमेंट पर उन्होंने सहमति जताते हुए लिखा, 'आप सही हैं, रंग भेदभाव। शिवरामकृष्णन पिछले 2 दशक से कमेंट्री पैनल का बड़ा और भरोसेमंद चेहरा रहे हैं। अन्य दिग्गज कमेंटेटर भी उनके विश्लेषण को ध्यानपूर्वक सुनते हैं। इस वजह से कमेंट्री पैनल से उनका अचानक इस्तीफा देने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। लोग इससे जुड़ी वजह जानना चाहते हैं। हालांकि बढ़ती आलोचनाओं के बीच शिवरामकृष्णन ने दोहराया कि उनका फैसला निजी है।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर जापान ने जीता तीसरा खिताब



**एएफसी विमेंस एशियन कप**

सिडनी, 21 मार्च (एजेंसियां)। जापान ने एएफसी विमेंस एशियन कप 2026 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी बार खिताब अपने नाम किया है। यह मुकाबला शनिवार को स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में खेला गया। जापान ने इससे पहले 2014 और 2018 में यह खिताब जीता था। दोनों ही बार ऑस्ट्रेलिया को हराकर टाइटल अपने नाम किया था। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 74,397 दर्शकों की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के सामने फाइनल में शानदार शुरुआत की। इनमें से ज्यादातर फैंस 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) का समर्थन कर रहे थे। स्ट्राइकर मैरी फाउलर ने एक सटीक लंबे पास के जरिए केटलिन फोर्ड तक गेंद पहुंचाकर इस मूव की शुरुआत की। फोर्ड ने कप्तान सैम केर के लिए गोल करने का एक बेहतरीन मौका बनाया, लेकिन जापान की गोलकीपर यामाशिता ने शानदार बचाव करते हुए उस शॉट को रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 11वें मिनट में एक बार फिर गोल करने की कोशिश की, लेकिन जापान के मजबूत डिफेंस ने उन्हें रोका। ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दबदबे के बावजूद, जापान ने खेल के प्रवाह के विपरीत जाते हुए 17वें मिनट में गोल दागा। हमानो ने पेनाल्टी एरिया के बाहर जगह बनाई, तेजी से घूमीं, और एक घुमावदार शॉट लगाया जो मैकेंजी अर्नोल्ड को छकाते हुए गोल के निचले कोने में जा समाया।

इसके बाद जापान ने अपनी बेहतरीन पासिंग के दम पर खेल की रफ्तार को नियंत्रित किया। हालांकि, यामाशिता की एक गलत क्लीयरेंस के कारण ऑस्ट्रेलिया को बराबरी का सुनहरा मौका मिल गया, जब गेंद फोर्ड के पास जा गिरी। फोर्ड के शॉट को हाना ताकाहाशी ने डिफ्लेक्ट करके गोल बचा लिया।

## सार संक्षेप

### खालसा और हंसराज के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ

**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और हंसराज कॉलेज के बीच पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। गौरव झा ने गोल कर हंसराज को बढ़त दिलाई और खालसा कॉलेज के लिए तनुज ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। तनुज को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएसएस) और किरोड़ी मल कॉलेज के बीच भी मैच 2-2 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। पहला गोल चिराग ने कर किरोड़ी मल कॉलेज को बढ़त दिलाई। आईजीआईपीईएसएस के ध्रुव ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर 1-1 से बराबरी दिलाई। इसके बाद शेषनाथ सिंह ने आईजीआईपीईएसएस को 2-1 से को बढ़त दिला दी। ऐसे में किरोड़ी मल कॉलेज के समर सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर 2-2 से मैच ड्रॉ करा लिया। आईजीआईपीईएसएस के शेषनाथ सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। महिला वर्ग में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज ने भारती कॉलेज को 3-0 से हराया। अंशु ने दो गोल किए, अंजलि ने एक गोल किया। अंशु को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

### तन्वी ने छठी सीड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**ऑरलियन्स (फ्रांस)।** भारत की तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑरलियन्स मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस युवा शटलर ने 43 मिनट तक चले मुकाबले में जापान की छठी सीड नात्सुकी निदाइरा को सीधे गेम में 21-14, 21-14 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना जापान की पांचवीं सीड और ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट नोजोमी ओकुहारा से होगा, क्योंकि उनकी नजरें बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 इवेंट में दूसरी बार फाइनल में पहुंचने पर हैं। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एमआर अर्जुन क्वार्टर फाइनल में तीसरी सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से हारकर ऑरलियन्स मास्टर्स 2026 से बाहर हो गए।

### सितसिपास ने पांचवीं सीड डी मिनौर पर दबदबा जारी रखा

**मियामी।** स्टेफानोस सितसिपास ने शुक्रवार को मियामी ओपन में समय को पीछे कर दिया, जहाँ उन्होंने हाल के सालों में अपने सबसे तेज़ परफॉर्मेंस में से एक दिया और एक जाने-पहचाने विरोधी को हराया। 27 साल के इस खिलाड़ी ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में पांचवीं सीड एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 7-6(3) से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। इस जीत के साथ, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ़ अपनी हेड2हेड सीरीज़ की बढ़त को 12-1 कर लिया। सितसिपास ने कहा कि 'मैच में कुछ ऐसे पल थे जो वाकई बहुत अच्छे लगे।' 'मुझे आखिर में अपनी घबराहट को संभालना पड़ा। एलेक्स के खिलाफ इस तरह के पलों और हालात को संभालना आसान नहीं है। वह बहुत कड़ा कॉम्पिटिटर है, बहुत सारी बॉल वापस लेता है, इसलिए मुझे अपने पॉइंट्स के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी।' सितसिपास ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ़ एक घंटे, 25 मिनट के मुकाबले में शानदार सर्विंग दिखाई और अहम मौकों पर अच्छा खेला।

# सबालेंका और रायबाकिना तीसरे दौर में

## सबालेंका ने अपनी जीत के बाद अपने ओवरऑल खेल के लेवल से खुश नहीं थीं



**सबालेंका का अगला मैच कैटी मैकनेली से होगा**

**मियामी,** 21 मार्च (एजेंसियां)। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और वर्ल्ड नंबर 2 एलेना रायबाकिना ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपने मियामी ओपन अभियान की विजयी शुरुआत की। सबालेंका ने अमेरिकन एन ली पर 7-6(5), 6-4 से दूसरे राउंड में 1 घंटे, 42 मिनट की जीत हासिल की जबकि रायबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 1 घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया। सबालेंका ने अपनी जीत के बाद माना कि हालांकि वह अपने ओवरऑल खेल के लेवल से खुश नहीं थीं, लेकिन वह मुश्किल हालात में अपने रिस्पॉन्स से खुश थीं। शुरुआत में वह 4-1 से आगे थीं, लेकिन ली ने लगातार तीन गेम जीतकर बराबरी कर ली-जिसमें 4-4 के लिए एक होल्ड भी शामिल था जिसमें उन्होंने सात ब्रेक पॉइंट बचाए। सेट में बने रहने के लिए दो बार सर्व बचाने के बाद, ली ने बाद में टाईब्रेक के बीच में सबालेंका को लीड किया, लेकिन टॉप सीड ने आखिरी पांच में से चार पॉइंट जीतकर अपनी लीड वापस पा ली। सबालेंका ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, 'मैं वहां थी, मैं लड़ रही थी, चाहे कुछ भी हो, भले ही मेरा गेम शायद मेरा सबसे अच्छा गेम नहीं था,' जहां उन्होंने वर्ल्ड नंबर 39 की भी तारीफ की। यह एक शानदार मैच था, एक शानदार लेवल था, और मैं यह बहुत मुश्किल जीत पाकर बहुत खुश हूं।' दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार तीन ब्रेक के बाद, सबालेंका ने ली को चौथे सेट के दो मौके देने से मना कर दिया- और बाकी रास्ते में सर्विस पर चार पॉइंट गंवाकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में अपना लगातार नौवां ओपनिंग मैच जीत लिया। सबालेंका का अगला मैच कैटी मैकनेली से होगा। रविवार को इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका से हारने के बाद डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला मैच खेलते हुए, रायबाकिना ने शुरुआत में ही ब्रेक करके 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि पुतिनत्सेवा, जिन्होंने अपनी पिछली तीन मुलाकातों में से दो जीती थीं, ने



**'बहुत खुश हूं, सच कहूं तो यूलिया के खिलाफ मैच हमेशा मुश्किल होते हैं : रायबाकिना**

# [ अर्थ जगत

**भारत का दूध उत्पादन 2025 में बढ़कर हुआ 24.7 करोड़ टन**

**चंडीगढ़।** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एमएल जाट ने कहा कि देश में दूध उत्पादन 1950 में 1.7 करोड़ टन से बढ़कर 2025 में 24.7 करोड़ टन हो गया। श्री जाट ने कहा कि 17.25 लाख करोड़ रुपए के पशुधन क्षेत्र में डेयरी का वर्चस्व है। यह क्षेत्र कुल उत्पादन में 65 प्रतिशत योगदान देता है और देश के सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में 16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, जिससे 46.1 प्रतिशत आबादी को आजीविका मिलती है।



## ‘फ्री सीट’ पर फंसा पेंच, इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने किया सरकार के फैसले का विरोध

*__नई दिल्ली।__ हवाई यात्रियों को राहत देने के इरादे से लिया गया सरकार का एक बड़ा फैसला अब एयरलाइंस और सरकार के बीच टकराव की वजह बन गया है। इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने इस फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। दरअसल, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटों को यात्रियों को मुफ्त चुनने की आजादी दी जाए। मगर एयरलाइंस का कहना है कि इसका असर उल्टा पड़ सकता है। इतना ही नहीं, एयरलाइंस कंपनियों ने दबाव बढ़ने पर किराया महंगा करने की भी बात कही है।*



**क्या अब महंगा होगा हवाई सफर?**

**क्या था सरकार का फैसला–** इन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नागर विमानन मंत्रालय से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की है। दरअसल, सरकार ने हाल ही में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को निर्देश दिया है कि एयरलाइंस हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के चुनने की सुविधा दें।

सरकार का यह कदम उस बढ़ती चिंता के बीच आया है, जिसमें एयरलाइंस पर सीट चयन समेत अन्य सेवाओं के लिए अधिक शुल्क वसूलने के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि, एफआईए ने अपने पत्र में कहा है कि यह निर्देश विमानन क्षेत्र के लिए अनपेक्षित और प्रतिकूल परिणाम लेकर आ सकता है।

एफआईए के अनुसार, सीट चयन शुल्क एयरलाइंस की आय का एक अहम हिस्सा है, खासकर ऐसे समय में जब परिचालन लागत लगातार बढ़ रही है। ईंधन, मेंटेनेंस और एयरपोर्ट चार्ज जैसे खर्चों में इजाफा हो रहा है, जबकि मुनाफा सीमित है। ऐसे में अतिरिक्त सेवाओं से होने वाली कमाई पर रोक लगाने से एयरलाइंस की वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी।

**बेस किराए में हो सकती है बढ़ोत्तरी–** एयरलाइंस का यह भी कहना है कि यदि सीट चयन शुल्क हटाया जाता है, तो उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए बेस किराए में बढ़ोत्तरी करनी पड़ेगी। इससे उन यात्रियों पर भी बोझ बढ़ेगा, जो सीट चयन की सुविधा का उपयोग नहीं करना चाहते।

फिलहाल, एयरलाइंस सीट चयन के लिए आम तौर पर 200 रुपए से लेकर 2,100 रुपए तक का शुल्क लेती हैं, जो सीट की लोकेशन और सुविधाओं (जैसे अतिरिक्त लेगरूम) पर निर्भर करता है।

एफआईए का मानना है कि पहली नजर में यह फैसला यात्रियों के हित में दिख सकता है, लेकिन दीर्घकाल में इसका असर उल्टा पड़ सकता है। इससे टिकट महंगे हो सकते हैं, विकल्प सीमित हो सकते हैं और हवाई यात्रा आम लोगों की पहुंच से दूर जा सकती है।

## देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक को 6,338 करोड़ का टैक्स नोटिस

### बैंक ने कहा- ग्राहकों पर नहीं पड़ेगा असर

*__नई दिल्ली।__ देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को आयकर विभाग की ओर से 6,338 करोड़ का भारी-भरकम टैक्स डिमांड नोटिस मिला है। बैंक ने 20 मार्च को इसकी जानकारी एक्सचेंज के साथ शेयर की, जिसके बाद वित्तीय जगत में हलचल तेज हो गई है। दरअसल, यह पूरा मामला वित्त वर्ष 2023-24 (असेसमेंट ईयर) के टैक्स आंकलन से गहराई से जुड़ा हुआ है।*



**स्क्रूटनी में खारिज हुए दावे, बढ़ी देनदारी–** बैंक की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग ने हाल ही में बैंक के खातों की विस्तृत जांच (स्क्रूटनी) की थी। इस दौरान अधिकारियों ने कुछ खर्चों और दावों को स्वीकार नहीं किया, जिसे ‘डिसअलाउंस’ कहा जाता है।


इन्हीं खारिज दावों और उन पर लगे ब्याज को मिलाकर कुल देनदारी 6,338 करोड़ तक पहुंच गई है। यह आदेश 19 मार्च 2026 को आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं—143(3), 144सी (3) और 144बी के तहत जारी किया गया।

**पुराना विवाद, नई कार्रवाई नहीं–** बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह मामला कोई नई गड़बड़ी नहीं है। टैक्स से जुड़े ऐसे कई मुद्दे पिछले कुछ वर्षों से कानूनी प्रक्रिया में हैं और यह नोटिस भी उसी लंबी विवाद श्रृंखला का हिस्सा है। बड़ी रकम होने के कारण और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बैंक ने इस जानकारी को सार्वजनिक किया है।

**ग्राहकों पर नहीं पड़ेगा असर–** एसबीआई ने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि इस टैक्स नोटिस का उसके रोजमर्रा के कामकाज या सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बैंक की सभी गतिविधियां पहले की तरह सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

**कानूनी चुनौती देगा बैंक–** बैंक ने यह भी साफ किया है कि वह इस आदेश को चुनौती देगा। एसबीआई संबंधित अपीलीय अधिकारियों के समक्ष तय समयसीमा के भीतर अपील दायर करेगा और कानूनी रास्ता अपनाएगा। कुल-मिलाकर, यह मामला फिलहाल बैंक और आयकर विभाग के बीच चल रहे पुराने टैक्स विवाद का हिस्सा है, जिसका अंतिम फैसला अब कानूनी प्रक्रिया के तहत होगा।

## 26 और 31 मार्च को शेयर बाजार रहेगा बंद



*__मुंबई।__ मार्च महीने के आखिरी दिनों में शेयर बाजार से जुड़े निवेशकों को ट्रेडिंग शेड्यूल पर खास नजर रखने की जरूरत है। महीने के अंत में दो अलग-अलग तारीखों पर बाजार बंद रहेगा, जिससे निवेश योजनाओं पर असर पड़ सकता है। 26 मार्च को रामनवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कोई कारोबार नहीं होगा। इन दिनों इक्विटी, डेरिवेटिव्स और अन्य सभी सेगमेंट में ट्रेडिंग पूरी तरह बंद रहेगी।*

**महीने के अंत में सीमित रहेंगे ट्रेडिंग के दिन–** इन छुट्टियों के चलते मार्च के अंतिम दिनों में ट्रेडिंग के मौके सीमित हो जाएंगे। हालांकि ये अवकाश अलग-अलग हफ्तों में पड़ रहे हैं, इसलिए पूरे सप्ताह पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन निवेशकों को कम दिनों में ही अपने सौदे पूरे करने होंगे। आमतौर पर शेयर बाजार सप्ताह में पांच दिन खुलता है, लेकिन इस बार छुट्टियों के कारण ट्रेडिंग शेड्यूल थोड़ा प्रभावित रहेगा। खासकर 31 मार्च की छुट्टी के कारण महीने के अंतिम चरण में कुल कारोबारी दिन घट जाएंगे।

## गैस की कमी से भारत के ऑटो सेक्टर पर संकट

*__नई दिल्ली।__ देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर में इस समय एक नई चुनौती सामने आती दिख रही है, जहां वैश्विक हालात का असर सीधे उत्पादन पर पड़ने लगा है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, खासकर ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण गैस सप्लाई पर दबाव बढ़ा है, जिसका असर अब भारत के वाहन उद्योग पर भी नजर आने लगा है।*



**उत्पादन पर लग सकता है ब्रेक**

बता दें कि देश की बड़ी ऑटो कंपनियां जैसे मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा से जुड़े कई पुर्जा निर्माता गैस की कमी का सामना कर रहे हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार उत्पादन से जुड़ी इकाइयों में गैस का इस्तेमाल फोर्जिंग, कास्टिंग और पेंटिंग जैसे जरूरी कामों में होता है, ऐसे में इसकी कमी सीधे उत्पादन पर असर डाल सकती है।

गौरतलब है कि भारत अपनी गैस जरूरतों का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आयात करता है, जिसमें कतर की अहम भूमिका रहती है। लेकिन हालिया घटनाओं के चलते वहां उत्पादन और सप्लाई बाधित हुई है। वहीं हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली तेल और गैस आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। मौजूद जानकारी के अनुसार ऑटो सेक्टर में फिलहाल उत्पादन पूरी तरह बंद नहीं हुआ है, लेकिन कई कंपनियां सीमित क्षमता पर काम कर रही हैं। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि कुछ प्लांट्स अपनी पूरी क्षमता से कम उत्पादन कर रहे हैं, जिससे आने वाले समय में सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ सकता है। मध्यम स्तर के पुर्जा निर्माता इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि वे गैस पर ज्यादा निर्भर रहते हैं और उनके पास वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की सुविधा कम होती है। एक प्रमुख धातु और कास्टिंग कंपनी ने तो गैस की कमी के चलते अपने एक प्लांट में उत्पादन अस्थायी रूप से रोकने का फैसला भी लिया है। गौरतलब है कि सरकार ने उपलब्ध गैस को प्राथमिकता के आधार पर घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है, जिससे औद्योगिक इकाइयों को सीमित आपूर्ति मिल रही है।

हालांकि भारत अन्य देशों से गैस आयात बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन मौजूदा हालात में यह आसान नहीं दिख रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार ऑटो कंपनियां फिलहाल अपने सप्लायर नेटवर्क के साथ लगातार संपर्क में हैं और उत्पादन को बनाए रखने की कोशिश कर रही हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो उत्पादन और बिक्री दोनों पर असर पड़ सकता है।

## 90 प्रतिशत तक सस्ती होंगी वजन घटाने की दवाएं, पेटेंट खत्म होते ही मची होड़

**नई दिल्ली।** भारत में वजन घटाने वाली दवाएं तेजी से पॉपुलर हो रही हैं, और ऐसे में इसका बाजार भी तेजी से बदल रहा है। कंपनियां लोगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए दवाओं को किफायती बना रही हैं। लंबे समय से महंगी मानी जाने वाली सेमाग्लूटाइड अब आम मरीजों की पहुंच में आने वाली है। दिग्गज कंपनी नोवो नोर्डिस्क की इस चर्चित दवा का पेटेंट खत्म होते ही कई भारतीय कंपनियां इसके सस्ते जेनरिक वर्जन लॉन्च करने जा रही हैं।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 93. 71 |
| एक यूरो | 108. 96 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 124. 94 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 65. 59 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 138प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-146 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गी- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-148100 चांदी -232000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-148100 चांदी -232000

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7000-7200 चना दाल मार्का 7400-7500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 9000-10000, फाइन 11000-11500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9800-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10000, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3400, बेस्ट 3400-3500, बीपीटी चालू 3500-4000,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5800-6000, जेजेएल चालू 5500-5800, फाइन 6100-6200, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3200-3300, बेस्ट 3800-4000, मोगरा- 4200-4800, दुबार- 5000-5500, तिबार- 5500-6000, बासमती 8500-9000, बेस्ट 10000-10500 पोहा- 4500-4600, फाइन 5000-5200, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 8000-8200 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।

## भारतीय मूल के सूर्या मिधा ने तोड़ा जुकरबर्ग का 18 साल पुराना रिकॉर्ड, बने दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलेनियर

*__नई दिल्ली।__ पहले दुनिया में सबसे कम उम्र के सेल्फ-मेड बिलिनेयर का खिताब फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग के नाम था, लेकिन अब 22 साल के सूर्या उनसे आगे निकल गए हैं।*



टेक्नोलॉजी जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, युवाओं के लिए नए-नए मौके सामने आ रहे हैं। इनका फायदा उठाते हुए ये कम उम्र में बड़ी कामयाबी हासिल कर रहे हैं। भारतीय मूल के सूर्या मिधा इन्हीं में से एक हैं। सूर्या महज 22 साल की उम्र में 2.2 बिलियन डॉलर (करीब 18 हजार करोड़ रुपए) की संपत्ति के साथ मार्क जुकरबर्ग से आगे निकल गए हैं।

**पहले दुनिया में सबसे कम उम्र के सेल्फ-** मेड बिलिनेयर का खिताब 23 साल की उम्र में फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग के नाम था, लेकिन अब 22 साल की उम्र में ही इस मुकाम को हासिल कर सूर्या ने जकरबर्ग के 18 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

**कैसे हासिल किया ये मुकाम? -** सूर्या ने अपनी एआई स्टार्टअप कंपनी माकर के दम पर यह मुकाम हासिल किया, जिसे साल 2023 में उन्होंने अपने दो दोस्तों - ब्रेंडन फूडी और आदर्श हिरेमथ के साथ मिलकर शुरू किया था। मर्कर एक ऐसा एआई-बेस्ड प्लेटफॉर्म है, जिसमें एक एआई अवतार के जरिए एप्लिकेंट्स के इंटरव्यू लिए जाते हैं और इस तरह से कंपनियों के लिए सही टैलेंट की पहचान की जाती है। इसके जरिए कंपनियों के लिए रिक्रूटमेंट के प्रॉसेस को आसान बनाया जाता है। अक्टूबर 2025 में 350 मिलियन डॉलर की सीरीज सी फंडिंग मिलने के बाद कंपनी की वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मौजूदा समय में फूडी कंपनी के सीईओ, हिरेमथ सीटीओ और मिधा बोर्ड चेयरमैन हैं।

**दिल्ली से अमेरिका जाकर बसा परिवार–** माउंटेन व्यू में पैदा हुए मिधा का बचपन कैलिफोर्निया में गुजरा। उनके माता-पिता दिल्ली से अमेरिका जाकर बस गए। उन्होंने जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी से फॉरेन स्टडीज की पढ़ाई की, जबकि हिरेमथ हार्वर्ड और फूडी जॉर्जटाउन में इकनॉमिक्स के स्टूडेंट रह चुके हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, सूर्या दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलिनेयर हैं।

## एसबीआई ने बढ़ाई एफडी की दरें, 25 बेसिस पॉइंट तक की बढ़ोत्तरी

*__नई दिल्ली।__ देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया है। एसबीआई ने 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के बल्क डिपॉजिट पर 25 बेसिस पॉइंट बढ़ा दी है। नई दरें 15 मार्च 2026 से लागू हो गई हैं। इस सीमा से कम के डिपॉजिट पर दरें पहले जैसी ही रहेंगी।*

**किन अवधियों के लिए बैंक ने बढ़ाई एफडी ब्याज दरें? -** फिक्स्ड डिपॉजिट के रेट में 25 बेसिस पॉइंट्स की यह बढ़ोत्तरी कुछ चुनिंदा अवधियों तक ही सीमित है। 46 दिन और 179 दिन के बीच मैच्योर होने वाले बल्क डिपॉजिट के लिए इंटरेस्ट रेट 5.10 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.35 परसेंट कर दी गई है। 180 दिन से एक साल से कम टेन्योर वाले डिपॉजिट पर दरें अब 5.60 प्रतिशत से बढ़कर 5.85 प्रतिशत कर दी गई हैं। वहीं, एक साल से दो साल से कम की मैच्योरिटी वाले डिपॉजिट के लिए रेट 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दी गई है।

**वरिष्ठ नागरिकों को फायदा–** सीनियर सिटिजन्स को ज्यादा रिटर्न मिलता रहेगा। उनके लिए 46 से 179 दिनों की अवधि के लिए दरें 5.60 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.85 प्रतिशत कर दी गई हैं। 180 दिनों से लेकर एक साल से कम की अवधि में मैच्योर होने वाली जमाओं पर अब 6.35 प्रतिशत का रिटर्न मिलेगा, जबकि पहले यह 6.10 प्रतिशत था। एक साल से लेकर दो साल से कम की अवधि के लिए संशोधित दर 7 प्रतिशत है, जो पहले 6.75 प्रतिशत थी।

## क्रेडिट कार्ड बंद करा दिया, 10 साल बाद आया 33 लाख का डिमांड नोटिस


### पहुंचा कोर्ट तो मिला 5 लाख का हर्जाना

*__बेंगलुरु।__ क्रेडिट कार्ड का सारा बकाया आपने चुकता कर उसे बंद करा दिया। 10 साल बाद बैंक ने 33.83 लाख का डिमांड नोटिस भेज दिया। ग्राहक की तो हवा खराब हो गई। उसने बैंक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं। तब ग्राहक ने कंज्यूमर कोर्ट की शरण ली, जहां से ग्राहक को मिला पांच लाख रुपए का हर्जाना मिला।*

**कहां की है घटना–** ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार यह घटना कर्नाटक के मैसूर की है। वहां रहने वाले वेंकटेश ने 27 अगस्त 2010 को बैंक को रिक्वेस्ट दिया कि उनका क्रेडिट कार्ड बंद कर दिया जाए। उस समय उस कार्ड पर 15,500 रुपए का बकाया था, जिसे जमा करा दिया गया। बैंक ने इसे कन्फर्म कर दिया कि उनका अकाउंट बंद हो चुका है।

**10 साल बाद मिला डिमांड नोटिस–** क्रेडिट कार्ड बंद करने के बाद वेंकटेश को लेकिन एक दशक बाद, 25 दिसंबर 2020 को बैंक की तरफ से एक लीगल नोटिस मिला। इसमें कहा गया था कि उनके ऊपर आउटस्टैंडिंग ड्यूज है। उस समय कुल बकाया 33.83 लाख रुपये का बताया गया। इसके बाद उनके पास बैंक से कॉल, मैसेज और कुछ अन्य तरीके से संदेशा आने लगा कि बकाए का भुगतान करो। बैंक ने 15 जून 2022 को फिर से एक लीगल नोटिस भेजा कि 33.83 लाख रुपए का बकाया जमा कर दो।

**कोर्ट का दरवाजा खटखटाया–** इस तरह के लीगल नोटिस और फोन कॉल से परेशान होकर वेंकटेश ने 18 जून 2022 को बैंक को लिखित में जवाब दिया। इसमें बताया गया कि 10 साल पहले ही उन्होंने अपना क्रेडिट कार्ड बंद करा दिया था। उसके बाद कोई ट्रांजेक्शन किया ही नहीं। ऐसे में कहां से ड्यूज सैटल करने का सवाल उठता है। इसके बाद भी बैंक नहीं माना। वेंकटेश के पास बैंक से हाराशिंग कॉल और पत्र आते रहे। हार कर उन्होंने डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर फोरम का दरवाजा खटखटाया।



**कोर्ट ने क्या कहा–** साल 2024 में डिस्ट्रिक कंज्यूमर फोरम का फैसला वेंकटेश के पक्ष में आया। कोर्ट ने उन्हें बैंक से एक लाख का हर्जाना दिलवाया। साथ ही उस पर अवॉर्ड के डेट से भुगतान होने तक 10 प्रतिशत का ब्याज भी दिलवाया। साथ ही मुकदमे के खर्च के रूप में 3 हजार रुपए दिलवाए।

इस फैसले की अपील की जिला उपभोक्ता फोरम के फैसले से वेंकटेश नाखुश दिखे। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक स्टेट कंज्यूमर कमीशन गए। वहां 12 फरवरी 2026 को उसके पक्ष में फैसला आया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने बैंक को हर्जाने के रूप में 5 लाख रुपए दिलवाए। साथ ही एक लाख रुपए वकील की फीस और 50 हजार रुपए मुकदमे का खर्च दिलवाया। यदि यह भुगतान 30 दिन के भीतर नहीं होता है तो बैंक को भुगतान करने तक 9 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना होगा।

**अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस–** राज्य आयोग ने माना कि यह एक अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस है। कोई व्यक्ति टोटल ड्यू चुका कर अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवा चुका है और उसे बार-बार 33.83 लाख रुपए चुकाने को कहा जा रहा है। इससे ग्राहक को मानसिक परेशानी ही नहीं हुई, उसका सिबिल प्रोफाइल भी खराब हुआ।

**देशबन्धु ग्राहक सेवा**

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## इलाज के दौरान पति की अस्पताल में हो गई मौत...

# स्कूल संचालिका के सूने घर पर चोरों ने बोला धावा

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थानांतर्गत शास्त्री नगर निवासी एक स्कूल संचालिका के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर और सामग्री चुरा ले गए। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़िता अपने बच्चों के साथ बीमार पति के साथ अस्पताल में थी। वारदात के दूसरे दिन ही उसके पति की मृत्यु हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

गढ़ा पुलिस से जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर विंध्यवासिनी तिराहा निवासी 47 वर्षीय आभा दुबे चाइल्ड केयर प्ले नर्सरी नाम से कक्षा आठवीं तक के स्कूल का संचालन करती हैं, जिसमें लगभग 300 बच्चे पढ़ाई करते हैं। उनके पति का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें 9 मार्च को उपचार के लिए ओमेगा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद से पीड़िता आभा दुबे व उनका बेटा राहुल अधिकांश समय अस्पताल में रहते थे। 13 मार्च को उनका बेटा राहुल स्कूल बंद करके शाम लगभग 5 बजे अपने पिता के पास अस्पताल चला गया था, जिसके बाद आभा दुबे व उनकी बेटी काजल भी शाम लगभग 7:30 बजे घर में ताला लगाकर अस्पताल चले गए थे। उसके दूसरे दिन सुबह लगभग 6:30 बजे वे तथा उनका बेटा राहुल घर वापस आए तो देखा कि दरवाजा खुला था।

उन्होंने अंदर जाकर देखा तो हॉल के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। बेडरूम में जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर टूटे हुए थे, जिसमें रखे सोने की एक जोड़ी झुमकी, 1 अंगूठी तथा स्कूल की फीस, बिल्डिंग रेंट फंड एवं नगदी रुपए नहीं थे। इतना ही नहीं, उनकी बेटी काजल का लैपटॉप बैग, जिसमें बेटी का पेन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्रायविंग लायसेंस, चार्जर रखे थे, जो गायब था।

14 मार्च की देर रात कोई चोर घर में घुसकर ताला तोड़कर उक्त जेवर और सामग्री चुरा ले गया। वारदात के दूसरे दिन ही उनके पति की भी अस्पताल में मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मुसलमान रूहानी तौर पर मजबूत नहीं होगा, तब तक उसे दुनिया में सम्मान नहीं मिलेगा : मुफ्ती ए आजम

## हजारों मुस्लिमों ने अदा की ईद-उल-फ़ित्र की नमाज़



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने 30 रोज़ों के सब्र और इबादत के बाद ईद उल-फ़ित्र का त्यौहार बड़े उत्साह और अकीदत के साथ मनाया। इस अवसर पर ईदगाह कला रानीताल में हजारों लोगों ने ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ से पहले मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी ने तकरीर करते हुए तमाम लोगों को ईद की मुबारकबाद पेश की।

अपने संबोधन में मौलाना साहब ने कहा कि आज पूरी दुनिया में मुसलमान एक कठिन दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं पर चलते हुए कुर्बानी के जज़्बे को कायम रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक मुसलमान रूहानी तौर पर मजबूत नहीं होगा, तब तक उसे दुनिया में सम्मान नहीं मिलेगा, क्योंकि असली ताकत अल्लाह और उसके रसूल पर पुख्ता ईमान में ही है। मौलाना साहब ने समाज के कमजोर वर्गों की मदद पर जोर देते हुए कहा कि गरीबों और यतीमों का खास ख्याल रखें। कई जरूरतमंद बच्चे नए कपड़े और अच्छी तालीम से वंचित रह जाते हैं, इसलिए जकात का सही इस्तेमाल कर उनके हक अदा करें। उन्होंने कहा कि साहिब-ए-निसाब मुसलमानों पर जकात देना फर्ज है और इसमें देरी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जकात से माल भी पाक होता है। तालीम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ इस्लामी तालीम भी देना जरूरी है। तालीम का स्तर सुधारने और घरों के माहौल को बेहतर बनाने की भी उन्होंने अपील की। साथ ही उन्होंने बच्चों को मां-बाप का फरमाबरदार बनने और बुजुर्गों की जिंदगी से नसीहत लेने की सीख दी। इस मौके पर जनप्रतिनिधि ईद की मुबारकबाद देने ईदगाह पहुंचे। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद रहा। एसपी संपत उपाध्याय ने ईदगाह पहुंचकर खुद मोर्चा संभाला और पूरे शहर में ईदगाहों की जानकारी लेते रहे।

# ननि : मुख्यालय के घटे और जोन के अधिकार बढ़े

## छोटे-छोटे कामों के लिए जनता हो रही परेशान



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम मुख्यालय धीरे-धीरे पावरलैस और संभाग पावरफुल होते जा रहे हैं। संभागों के अधिकार बढ़ने से जहां कुछ लोगों को सहुलियत हो रही है तो वहीं हजारों लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। राजस्व संबंधी सुधार, समायोजन, कर निर्धारण जैसे कार्यों को कराने के लिए मुख्यालय पहुंचने वाले करदाताओं को संभाग जाने के लिए कहा जा रहा है।

जिससे लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश पनप रहा है कि जब हेड ऑफिस से कोई काम ही नहीं हो सकता तो फिर किस बात का हेड ऑफिस। मुख्यालय स्थित राजस्व विभाग में बैठने वाले कुछ कर्मचारियों ने बताया कि पूर्व में हर काम यहां से और संभागों से दोनों जगह से हो जाता था लेकिन अब मुख्यालय के अधिकारों को सीमित कर दिया गया है, इसलिए काम नहीं हो पा रहे हैं लेकिन यह बात जनता को समझ में नहीं आ रही है और उनमें से कुछ लोग विवाद पर उतारु हो जा रहे हैं।

### आईडी-पासवर्ड तो है लेकिन उपयोग नहीं

सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में मुख्यालय के राजस्व विभाग में पदस्थ जिस अधिकारी के पास सभी अधिकार अर्थात आईडी पासवर्ड हैं, वे उनका उपयोग ही नहीं कर रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को राजस्व संबंधी किसी भी प्रकार का कोई सुधार कार्य कराना है तो उन्हें उक्त अधिकारी ढूंढ़े तक नहीं मिल रहे हैं। काउंटर पर बैठने वाले कर्मचारी भी इस बात को लेकर परेशान हैं कि जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा जवाबदारी न लेने के कारण जनता की नजरों में धीरे-धीरे मुख्यालय का औचित्य ही समाप्त होता जा रहा है।

### राजस्व की भी लग रही चपत

मुख्यालय स्तर पर कोई भी काम न होने से जनता को जहां परेशानी हो रही है तो वहीं नगर निगम के खजाने को भी चपत लग रही है। मुख्यालय में पदस्थ कर्मचारियों ने बताया कि रोजाना ऐसे कई लोग आते हैं जिन्हें या तो कर निर्धारण कराना होता है या फिर टैक्स जमा करना होता है लेकिन उनकी डिमांड ही जनरेट नहीं हुई होती, जिन्हें जोन जाने कहा जाता है तो वे भड़क जाते हैं और यह कहकर जाते हैं कि यहां से वहां चक्कर नहीं लगाएंगे भले ही काम न हो।

## सहकारिता मंत्री सारंग का आगमन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आज सुबह 11 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री सारंग यहाँ विजय नगर स्थित वर्मा बारात घर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित 32 वें विराट युवक-युवती परिचय में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# आवक घटते ही बढ़ने लगे हरी सब्जियों के दाम

## नवरात्र पर्व के चलते मांग कमजोर

**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्र पर्व के चलते हरी सब्जियों की मांग घटने लगी है, लेकिन दाम अभी भी ऊंचे बने हुए हैं। दरअसल, आवक घटते ही पूर्व में ही अधिकतर हरी सब्जियों के दाम बढ़ चुके हैं। एक तरफ जहां परवल और फरासबीन 120 रुपए प्रतिकिलो के भाव पर बिक रहे हैं, वहीं शिमलामिर्च, करेला, बरबटी के दाम बढ़कर 100 रुपए किलो की ऊंचाई तक पहुंच चुके हैं। भाजियों में मैथी और पालक के दाम बढ़कर 60 रुपए किलो की ऊंचाई पर पहुंच चुके हैं, जबकि लाल भाजी 40-50 रुपए किलो के भाव पर बिक रही है। वहीं भिंडी के दाम बढ़कर 80 रुपए, भटा के दाम बढ़कर 60 रुपए किलो हो गए हैं। जबकि लौकी और कद्दू कहीं-कहीं 30 रुपए किलो तो कहीं 40 रुपए किलो के दाम पर बिक रहे हैं। फूलगोभी की आवक घटने से भाव 10 से 15 रुपए प्रति नग बढ़ चुके हैं। पत्तागोभी की आवक अधिक और मांग कमजोर होने से भाव घटकर 30 रुपए किलो तक रह गए हैं।

### टमाटर की दाम में फिर तेज गिरावट

कुछ दिन पहले आवक घटने पर टमाटर के दाम बढ़कर 20 रुपए किलो के पार हो गए थे, लेकिन पुन: लोकल आवक का दबाव बढ़ने से दाम घटकर 10 से 15 रुपए किलो पर आ गए हैं। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि बेमौसम की बारिश होने की वजह से हरी सब्जियों के साथ टमाटर की आवक भी कम हो सकती है, जिससे भाव फिर बढ़ सकते हैं।

### नींबू 10 रुपए में दो नग

नवरात्र पर्व के चलते नींबू की मांग जोरों पर है जबकि आवक कमजोर है। उधर कमजोर आवक व नवरात्र पर्व के चलते मुनाफाखोर व्यापारी अवसर को जमकर भुना रहे हैं। कहीं नींबू 10 रुपए में एक नग बिक रहा है तो कहीं 10 रुपए में दो नग बिक रहे हैं।



### आलू में राहत, प्याज तेज

इन दिनों नए आलू की आवक अधिक होने की वजह से कीमतों में गिरावट आई है, फुटकर में आलू के दाम घटकर 20 रुपए किलो तक रह गए हैं। यही नहीं, कहीं-कहीं आलू 15 रुपए प्रति किलो के भाव पर भी बिक रहा है, जबकि प्याज की कीमत बढ़कर 25 रुपए किलो पर पहुंच चुकी है।

### नवरात्र के चलते फलों की मांग बढ़ी, मुनाफाखोरी हावी

नवरात्र पर्व के चलते बाजार में फलों की मांग बढ़ गई है। वहीं मांग बढ़ने के साथ-साथ फलों की कीमतों में भी तेज बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि मुनाफाखोर व्यापारी महंगाई की आड़ लेकर कीमतों में अनाप-शनाप वृद्धि कर रहे हैं और उपभोक्ताओं से तगड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। इन दिनों सबसे अधिक मौसमी फलों में अंगूर, संतरा, तरबूज की मांग बनी हुई है। इसके अलावा सेव, अनार व केला की खरीदी भी अधिक बताई जा रही है। फुटकर में हरे अंगूर की कीमत बढ़कर 240 रुपए किलो हो गई है, वहीं काले अंगूर की कीमत बढ़कर 320 रुपए किलो हो गई है। संतरे के दाम बढ़कर 120 रुपए किलो हो गए हैं। सेव व अनार की कीमत बढ़कर 200 रुपए किलो के पार हो गई हैं, जबकि केला के दाम बढ़कर 60 रुपए दर्जन हो गए हैं।

## आज से चलेगी सोगरिया-मथुरा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली सोगरिया-मथुरा-सोगरिया के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। ट्रेन संख्या 02921/02922 सोगरिया-मथुरा-सोगरिया सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन 22 मार्च से 12 अप्रैल तक (कुल 7-7 ट्रिप) अतिरिक्त भीड़ के मद्देनज़र किया जाएगा।

ट्रेन संख्या 02921 सोगरिया-मथुरा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को सोगरिया से प्रस्थान कर 8:30 बजे रवाना होगी तथा इंदरगढ़, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, श्री महावीरजी, हिंडौन सिटी, बयाना जंक्शन एवं भरतपुर जंक्शन होकर मथुरा पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 02922 मथुरा-सोगरिया सुपरफास्ट विशेष ट्रेन प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को मथुरा से 17:10 बजे प्रस्थान कर भरतपुर जंक्शन, बयाना जंक्शन, हिंडौन सिटी, श्री महावीरजी, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर एवं इंदरगढ़ होकर सोगरिया पहुंचेगी।

# बारिश में खुली री-स्टोरेशन की पोल, 6 इंच धंसी सड़क

## जबलपुर में दिखा भ्रष्टाचार और लापरवाही का नमूना

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम जबलपुर के कारनामे किसी के छिपे नहीं है, ऐसे में एक बार फिर से यहां भ्रष्टाचार और लापरवाही का नमूना देखने को मिला है। अमृत योजना 2.0 के तहत कटंगा से गौरीघाट तक डाली गई पाइप लाइन के लिए खुदाई के बाद जो री-स्टोरेशन किया गया, हल्की बारिश में ही उसमें हुए भ्रष्टाचार को सामने ला दिया।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात बारिश के चलते उस री-स्टोरेशन में जगह-जगह दरारें आ गईं और कटंगा के पास तो सड़क 6 इंच तक धस गई। जैसे ही शनिवार सुबह राहगीरों और क्षेत्रीय लोगों की नजर सड़क पर पड़ी तो उन्हें पूरा माजरा समझ आ गया कि कि एजेंसी ने री-स्टोरेशन के नाम पर सिर्फ और सिर्फ लीपापोती कर दी और कुछ नहीं। जानकारों की मानें तो सड़क के री-स्टोरेशन के लिए पानी भरपूर सिंचाई कर रोलर चलाकर मिट्टी को दबाया जाता है। यह प्रकिया कम से कम 6 से 7 बार की जाती है। उसके बाद हार्डमुरम और गिट्टी की पुराई के साथ फिर रोलर दबाकर सड़क को री-स्टोर किया जाता है, लेकिन उक्त मार्ग




पर यह प्रक्रिया सिर्फ एक बार कर नगर निगम और एजेंसी ने औपचारिकता पूरी कर लीपापोती कर दी, जिसके चलते सड़क धस गई।

# लखनादौन के टोल पर निहंग सिखों का जमकर हंगामा, कर्मियों को पीटा

## बिना टोल चुकाए निकलने पर विवाद

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 पर स्थित मड़ई टोल प्लाजा पर शुक्रवार की दोपहर में निहंग सिखों ने टोल कर्मचारियों पर हमला कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज देर रात सामने आया। जानकारी के अनुसार, तीन वाहनों में सवार लोग बिना टोल चुकाए बूम बैरियर तोड़कर निकलने की कोशिश कर रहे थे। टोल कर्मचारियों ने उन्हें रोका, तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी।

टोल कर्मचारियों के मुताबिक, सिखों ने शिफ्ट इंचार्ज मुनेश सिंह बघेल पर हमला कर दिया। उन्होंने तलवार की हत्थे, बेसबॉल डंडों, घूंसे और लातों से मारपीट की, जिससे मुनेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय टोल प्लाजा पर अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। हमले के बाद आरोपी जाते समय



शिफ्ट इंचार्ज का मोबाइल फोन छीनकर सिवनी की ओर भाग गए। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

मड़ई टोल प्लाजा के मैनेजर अमित कुमार गुप्ता ने लखनादौन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे का कहना है कि टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ लोगों उनसे मारपीट की है।मारपीट करने वाले निहंग सिख नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

## बांधवगढ़ में हाथियों का कुनबा बढ़ा

**उमरिया, देशबन्धु।** देश के प्रमुख वन्यजीव अभयारण्यों में शुमार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक बार फिर अपनी समृद्ध जैव विविधता और प्रभावी प्रबंधन को लेकर चर्चा में है। 20 मार्च को वन परिक्षेत्र पतौर में गश्ती के दौरान वन अमले ने हाथियों के एक संगठित झुण्ड को देखा, जिसमें नर मादा और शावक शामिल थे।

यह दृश्य न केवल जंगल की जीवंतता का प्रमाण है, बल्कि वन विभाग की सतत निगरानी और संरक्षण प्रयासों की सफलता भी दर्शाता है। विशेष रूप से क्षेत्र का चर्चित टेढ़ा दांत वाला विशालकाय हाथी अपने झुण्ड के साथ नजर आया, जो अपने प्रभावशाली आकार और सजग स्वभाव के लिए जाना जाता है। गश्ती दल के सामने उसका सूंड उठाकर गंध लेना और वाहन की दिशा में बढ़ना इस बात का संकेत है कि हाथी अपने क्षेत्र में किसी भी हलचल को गंभीरता से लेते हैं। वन विभाग के अनुसार बांधवगढ़ में बाघों के साथ-साथ लगभग 70 हाथियों की सक्रिय मौजूदगी दर्ज की जा रही है। यह स्थिति इस बात का प्रमाण है कि यह क्षेत्र अब हाथियों के सुरक्षित और अनुकूल आवास के रूप में भी उभर रहा है।

# वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक साथ देखे जाएंगे बाघ, तेंदुआ और चीते

## कूनो से नौरादेही भेजे जाएंगे चार चीते

**श्योपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में 'चीता स्टेट' की पहचान को और मजबूत करते हुए कूनो नेशनल पार्क से चीतों को दूसरे अभयारण्यों में बसाने की तैयारी तेज हो गई है। कूनो में बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों में से चार को अब सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में फैले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) में शिफ्ट किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत एक नर और तीन मादा चीतों को मई-जून तक नए आशियाने में भेजने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले मंदसौर के गांधीसागर अभयारण्य में भी तीन चीते सफलतापू व ं क शिफ्ट किए जा चुके हैं। 2339 वर्ग किलोमीटर में फैला नौरादेही मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। चीतों के आगमन के साथ ही यह देश का इकलौता ऐसा वन्यजीव क्षेत्र बन जाएगा, जहां बाघ, तेंदुआ



और चीता एक ही जंगल में सह-अस्तित्व में रहेंगे। चीता प्रोजेक्ट के फील्ड डायरेक्टर उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि 'टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया' और 'वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' की टीम ने साइट का चयन कर लिया है और वर्तमान में तकनीकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

चीतों की सुरक्षा और उनकी सुविधा के लिए अभयारण्य की मोहली रेंज को चुना गया है, जहां घास के विशाल मैदान और पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्यजीव मौजूद हैं। यहां लगभग 1000 एकड़ (400 हेक्टेयर) क्षेत्र में एक सुरक्षित बाड़ा तैयार किया जा रहा है। शिफ्टिंग के बाद चीतों को एक महीने तक क्वारंटाइन बाड़े में रखा जाएगा, ताकि वे नए माहौल में पूरी तरह ढल सकें। इसके बाद ही उन्हें खुले जंगल में छोड़ा जाएगा।

केंद्र सरकार ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के पहले चरण के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि मंजूर कर दी है। जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा इस कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 126 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 134 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 142 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 146 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 138 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 130 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 130 |

मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING 91+7999968989

समदड़िया सिनेमा

DHURANDHAR 2

| | | |
|---|---|---|
| 08:00AM | 08:30AM | 09:15AM |
| 10:15AM | 12:30PM | 01:00PM |
| 01:30PM | 02:30PM | 05:00PM |
| 06:00PM | 07:00PM | 08:30PM |
| 09:15PM | 10:30PM | 11:15PM |

USTAAD BHAGAT SINGH

05:30PM

FOR PRIVATE SCREENING

91+7999968989 BOOK my SHOW

FOR TICKET BOOKING CALL 0761-4069888,4069889